राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 17
लखनऊ, शुक्रवार 25 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीडीओ ने दिए जियो टैगिंग के दिये निर्देश 10

प्रदेश को वर्ष 2029 तक नशामुक्त बनाने का लक्ष्य : राजीव 03

# मुख्य चुनाव आयुक्त पर हमले तेज



## भाजपा ने कहा, राहुल के आरोप निराधार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर राहुल गांधी के गंभीर आरोपों के बाद भाजपा ने उनके दावों के आधार पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा का कहना है कि यदि चुनावी प्रक्रिया में वोट चोरी या धांधली का आरोप लगाया जा रहा है, तो उसके समर्थन में ठोस तथ्य और प्रमाण भी सामने रखे जाने चाहिए।

भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी को भारतीय राजनीति की समझ नहीं है। तमिलनाडु में 1967, बंगाल में 1977 और बिहार में 1990 के बाद कांग्रेस सत्ता में नहीं लौटी है। फिर भी वे एंटी इनकंबेंसी की बात कर रहे हैं, जबकि उन्हें राजनीतिक इतिहास देखना चाहिए।

## ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरी की है, वे देशद्रोही हैं: राहुल

आरोप

- भाजपा के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी क्यों नहीं, क्योंकि वोट चोरी होती है
- मेरे विरोध के बावजूद पीएम मोदी ने ज्ञानेश कुमार को नियुक्त किया



**एजेंसियां, नई दिल्ली।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी हुई है और इसके लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त जिम्मेदार हैं। वह देशद्रोही हैं।

राहुल ने कहा कि उन्होंने ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति का विरोध किया था, लेकिन सरकार ने उन्हें कानून से ऊपर रखा। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से तत्काल इस्तीफा देने की मांग भी की। करीब 55 मिनट की प्रेसवार्ता में राहुल गांधी ने दावा किया कि भारत में सरकारों के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी का होती है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी बांग्लादेश से युद्ध जितने के बाद भी हारीं, फिर भाजपा के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ। इसकी वजह ज्ञानेश कुमार हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में धांधली की। इससे मोदी के खिलाफ एंटी-इनकंबेसी नहीं आई।

उन्होंने आरोप लगाए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्ञानेश कुमार को नियुक्त किया। उनके खिलाफ लिखे मेरे पत्र पर कोई कार्रवाई इसलिए नहीं हुई, क्योंकि मोदी और अमित शाह ज्ञानेश कुमार को बचाते हैं। मेरे पास इसके सबूत हैं। उन्होंने कहा कि वोट की रक्षा निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। उनके अनुसार वोट पर असर पड़ने का मतलब कानून बनाने वाली व्यवस्था पर भी असर पड़ना है। राहुल ने कहा कि पहले चुनावी व्यवस्था को ठीक करना होगा और उसके बाद कथित अनियमितताओं की जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों में वोट चोरी के मुद्दे पर व्यापक सहमति है।

## लामबंद: महाभियोग की तैयारी में विपक्षी दल



**एजेंसियां, नई दिल्ली।**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष ने संसद में फिर महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस समेत विपक्षी दल लोकसभा और राज्यसभा में उनके पद से हटाने की मांग वाला नया प्रस्ताव लाने की तैयारी में हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया जा रहा है और कानूनी विशेषज्ञों से इसकी जांच कराने के बाद दोनों सदनों में नोटिस दिया जाएगा।

विपक्ष की यह पहल चुनाव आयोग में कथित मतभेदों और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठे विवाद के बीच सामने आई है। विपक्ष का कहना है कि हाल के घटनाक्रमों ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इसी आधार पर वह ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नए सिरे से पहल करने जा रहा है। यह पहली ऐसी कोशिश नहीं है। इससे पहले 24 अप्रैल को 73 विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में उनके खिलाफ हटाने का नोटिस दिया था, जो लंबित है। इससे पहले मार्च में भी ऐसा प्रयास किया गया था।

हटाना आसान नहीं- संविधान के अनुच्छेद 324(5) के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने जैसी है।

पहले प्रस्ताव का नोटिस स्वीकार होना, फिर जांच और आरोप सिद्ध होना जरूरी है। इसके बाद दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित होने पर ही राष्ट्रपति हटाने का आदेश जारी कर सकते हैं।

## चेतावनी: सीईसी 48 घंटे में इस्तीफा दें: सीजेपी

अल्टीमेटम

- सीईसी ने पद नहीं छोड़ा तो करेंगे देशव्यापी आंदोलन
- इलेक्शन कमीशन ठीक करो अभियान चलाने की घोषणा



**एजेंसियां, नई दिल्ली।**

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए उन्हें 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। पार्टी ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में इस्तीफा नहीं हुआ तो देशभर में आंदोलन किया जाएगा। पार्टी संस्थापक अभिजीत दीपके ने गुरुवार को दिल्ली में प्रेसवार्ता कर यह घोषणा की।

दीपके ने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिये 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और इससे लोगों के मताधिकार पर असर पड़ा। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा और विपक्ष के बीच मतों के अंतर का हवाला देते हुए मतदाता नामों में हुई कटौती पर सवाल उठाए। उन्होंने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और दिल्ली समेत कुछ विपक्षी नेताओं के क्षेत्रों में नाम हटाए जाने के भी दावे किए। सीजेपी ने कहा कि इस अवधि में इस्तीफा नहीं दिया गया, तो देशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा और इसके बाद दिल्ली में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। पार्टी ने 'इलेक्शन कमीशन ठीक करो' अभियान शुरू करने की भी घोषणा की। सीजेपी के राष्ट्रीय संयोजक अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों से 13 करोड़ से अधिक नाम बाहर किए गए हैं। पार्टी ने दावा किया कि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में दो-दो करोड़ से अधिक, कर्नाटक में करीब एक करोड़, तमिलनाडु में 97 लाख, पश्चिम बंगाल में 90 लाख, तेलंगाना में 73 लाख, दिल्ली में 47 लाख और केरल में 24 लाख नाम प्रभावित हुए हैं।

# बस बनी आग का गोला, नौ जिंदा जले

- यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर के पास हादसा, करीब 35 यात्री थे सवार
- कई यात्रियों ने खिड़की से कूदकर बचाई जान
- चालक-क्लीनर के सिगरेट पीने का यात्रियों ने लगाया आरोप



**समृद्धि न्यूज, नोएडा।**

यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात एक चलती स्लीपर एसी बस अचानक आग का गोला बन गई। जेवर थाना क्षेत्र के दयानातपुर गांव के पास नोएडा से आगरा जा रही बस में भीषण आग लगने से नौ यात्रियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों में आठ पुरुष और एक महिला शामिल है। हादसे के बाद कई यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। बस में करीब 35 यात्री सवार बताए गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शी यात्रियों के अनुसार बस में आग लगने से पहले चालक और क्लीनर सिगरेट पी रहे थे। यात्रियों का आरोप है कि आग भड़कने के बाद भी बस तत्काल नहीं रोकी गई। हालांकि पुलिस ने अभी आग लगने के वास्तविक कारण की पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलते ही जेवर पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचा। पुलिसकर्मियों और राहत दल ने यात्रियों को बस से बाहर निकालने तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग इतनी तेजी से फैली कि कई यात्रियों को संभलने का अवसर तक नहीं मिला। नौ यात्रियों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। उनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस मृतकों की पहचान कराने और उनके स्वजन को सूचना देने की प्रक्रिया में जुटी है। हादसे की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है।

## पीडीए के रथ पर सवार सपा अध्यक्ष का भव्य स्वागत



पीडीए यात्रा के रायबरेली पहुंचने पर जनाता का अभिवादन करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

(संबंधित खबर पृष्ठ 8 पर)

## मोहाली में ईडी की रेड पर भड़की आप, पथराव

**एजेंसी, मोहाली।** ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमएडीए) के दफ्तर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई करीब 36 घंटे से जारी है। मनी लॉन्ड्रिंग, बिल्डरों को चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) और अन्य शुल्कों में कथित अनियमितताओं तथा रिश्वतखोरी से जुड़े मामले की जांच के तहत ईडी की टीम दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच कर रही है। ईडी की कार्रवाई के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जीएमएडीए कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव वाले राज्यों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई के जरिए राजनीतिक दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब कुछ कार्यकर्ता जीएमएडीए कार्यालय का गेट खुलवाकर अंदर जाने का प्रयास करने लगे।

## एशियन गेम्स: भारत ने जीते 5 और पदक

20वां एशियन गेम्स, नागोया

### रोशिबिना का रजत, सतनाम-सलमान व अनंतजीत-परिनाज की जोड़ी ने जीता कांस्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

एशियन गेम्स 2026 में गुरुवार का दिन भारत के लिए पदकों के लिहाज से शानदार रहा। भारत ने आज कुल 5 पदक जीते, जिनमें 2 रजत और 3 कांस्य शामिल हैं। इसके साथ भारत की कुल पदक संख्या 17 हो गई है। भारत के खाते में अब 1 स्वर्ण, 7 रजत और 9 कांस्य हैं।



एथलेटिक्स में भारत ने दो पदक जीते। मिश्रित 4×400 मीटर रिले टीम ने रजत पदक हासिल किया, जबकि सीमा कुमारी ने महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। सीमा ने 32:50.05 सेकंड का समय निकाला। वुशु में रोशिबिना देवी ने महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। फाइनल में उन्हें चीन की झांग शियाओयू से हार मिली। यह एशियन गेम्स में रोशिबिना का लगातार दूसरा रजत है। रोइंग में सतनाम सिंह और सलमान खान ने पुरुषों की डबल स्कल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वहीं निशानेबाजी में अनंतजीत सिंह नरूका और परिनाज धालीवाल की जोड़ी ने मिश्रित स्कीट में कांस्य पदक हासिल किया। यह इस स्पर्धा में भारत का पहला एशियन गेम्स पदक है।

## ईरान की अमेरिका को चेतावनी: हमला हुआ तो हिंद महासागर तक पहुंचेगा युद्ध


**एजेंसी, तेहरान।**

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच तेहरान ने वाशिंगटन को कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार याह्या रहीम सफवी ने कहा है कि यदि अमेरिका या इजरायल की ओर से फिर हमला किया गया तो युद्ध का मोर्चा हिंद महासागर तक फैल सकता है। सफवी का यह बयान ईरान की फार्स समाचार एजेंसी द्वारा जारी वीडियो में सामने आया है। सफवी ने कहा कि संघर्ष पहले ही फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से लाल सागर तक पहुंच चुका है। ऐसे में यदि फिर सैन्य कार्रवाई होती है तो युद्ध का क्षेत्र और आगे बढ़ सकता है और हिंद महासागर तक पहुंचने की स्थिति बन सकती है।



# खेल प्रतिभाओं को मिलेगा बेहतर मंच

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



जनपद में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई। बैठक में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, खेल प्रतियोगिताओं और स्पोर्ट्स स्टेडियम की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए नियमित रूप से जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंडल, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में जिले के खिलाड़ियों का ऑनलाइन डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसमें खिलाड़ियों की खेल विधा, उपलब्धियां, प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भागीदारी का विवरण दर्ज किया जाएगा। इससे प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। स्पोर्ट्स स्टेडियम में साफ-सफाई, खेल मैदानों के रखरखाव, खेल उपकरणों की उपलब्धता और खिलाड़ियों के लिए जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक माह विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को मंच देने पर भी जोर दिया गया। फुटबॉल प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षक की व्यवस्था, प्रशिक्षण शिविर और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों से जोड़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की बात भी कही गई। बैठक में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की आय-व्यय, सोसायटी पंजीकरण के नवीनीकरण तथा क्रिकेट मैदान और बैडमिंटन हॉल के बेहतर उपयोग पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## खराब मौसम में सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

जिले में लगातार हो रही बारिश, आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और प्रशासन व मौसम विभाग की सूचनाओं का पालन करें। उन्होंने नदी, नाले, तालाब और जलभराव वाले स्थानों से दूर रहने तथा पेड़, बिजली के खंभे और होर्डिंग के नीचे खड़े न होने की सलाह दी। आंधी-बारिश के दौरान बिजली के उपकरणों से सावधानी बरतने, पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखने और जरूरी दवाएं, पानी, सूखा राशन, टॉर्च व मोबाइल आदि तैयार रखने को कहा। वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की गई है। सड़क पर गिरे पेड़ या बिजली के तार दिखाई देने पर तत्काल सूचना देने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि अगले दो-तीन दिनों तक बारिश, तेज हवा और बिजली कड़कने की संभावना है, हालांकि जिले में बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। आपात स्थिति में आपदा नियंत्रण कक्ष 05263-1077 या 9170277336, एंबुलेंस 108 और पुलिस 112 पर सहायता ली जा सकती है।

# नई जिम्मेदारी के बाद जिले में पहुंचे डॉ. मिथिलेश कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के दोस्तपुर कट पर उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम
- फूल-मालाओं से हुआ अभिनंदन

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में प्रकोष्ठ संकुल के सह-संयोजक की नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार जनपद पहुंचे डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे स्थित दोस्तपुर कट पर जिले की सीमा में प्रवेश करते ही बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के बीच डॉ. त्रिपाठी का फूल-मालाओं से स्वागत किया। लंबे समय बाद अपने गृह जनपद पहुंचे नेता के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और संगठन में उनके अनुभव को महत्वपूर्ण बताया। स्वागत स्थल पर काफी देर तक नारेबाजी और अभिनंदन का दौर चलता रहा। इसके बाद कार्यकर्ताओं का काफिला आगे रवाना हुआ। डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी अम्बेडकरनगर भाजपा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। इससे पहले वह अयोध्या जिला संगठन प्रभारी के रूप में भी दायित्व निभा चुके हैं। भाजपा के प्रदेश संगठन में हाल ही में प्रकोष्ठ संकुल की नई टीम घोषित की गई है। ओमप्रकाश श्रीवास्तव को संयोजक तथा डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी और संतराज यादव को सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। नई संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलने के बाद डॉ. त्रिपाठी का जनपद आगमन स्थानीय भाजपा संगठन के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्वागत कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## खबरें एक नजर में

### डीजे संचालकों से संवाद, नियमों के पालन की अपील

**बलरामपुर।** नगर क्षेत्र में डीजे संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध और प्रशासन के दिशा-निर्देशों को लेकर नगर पालिका कार्यालय में डीजे संचालकों के साथ बैठक हुई। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने संचालकों से निर्धारित नियमों का पालन करने और आमजन की सुविधा का ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। आयोजनों में निर्धारित नियमों की अनदेखी न हो और डीजे का संचालन प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य नगरवासियों की सुविधा और सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना है। इसके लिए डीजे संचालकों का सहयोग जरूरी है। बैठक में गोविंदा चौहान, राहुल नाइट डीजे, रोहन वर्मा, सुरेश सोनी, सुयश श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, उमेश चौधरी, आकाश, समीर खान, पल्टू डीजे सहित अन्य संचालक मौजूद रहे।

### नौ बाइक बरामद, एक शातिर गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह की तैनाती के साथ ही पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस टीम ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर नौ मोटरसाइकिलें बरामद करने का दावा किया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद अब बरामद बाइकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में लगी है कि बरामद वाहन कहां से चोरी किए गए और इनके पीछे किसी गिरोह की भूमिका है या नहीं। आरोपी से पूछताछ में वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। पुलिस बरामद वाहनों का सत्यापन कराने के साथ आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल कर रही है। नई तैनाती के बाद हुई इस कार्रवाई को अकबरपुर पुलिस की पहली बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अपराध और वाहन चोरी में शामिल आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### स्कूल जा रहे भाई बहन को बाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** तेज रफ्तार बाइक ने स्कूल जा रहे भाई-बहन की स्कूटी में टक्कर मार दी।।जिसमें दोनों घायल हो गए। टक्कर के बाद बाइक सवार लोगो से गाली-गलौज करते हुए मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार खरसतिया गांव निवासी उमेश अवस्थी की बेटी अर्पणा अवस्थी और बेटे रुद्र अवस्थी सुबह करीब नौ बजे स्कूटी से स्कूल जा रहे थे। जैसे ही वे सुबेहा तिराहे पर पहुंचे, एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भाई-बहन सड़क पर गिरकर घायल हो गए। साथ ही स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायल छात्र-छात्रा को संभाला और उन्हें निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिलाया। इसी बीच लोगों की भीड़ बढ़ती देख बाइक सवार वहां से भाग निकला। आरोप है कि भागते समय उसने वहां मौजूद लोगों के साथ गाली-गलौज भी की। घायल छात्र-छात्रा के पिता उमेश अवस्थी ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय ने बताया कि शिकायत मिली है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### परिवार पर लाठी-डंडों से हमला, तीन घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना सुबेहा अंतर्गत बिगनिहा मजरे रेहुरा गाँव में घर के दरवाजे पर शौच करने का विरोध करने पर दबंगों ने एक महिला और उसके दो बेटों को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। गाँव निवासी सुनीता पत्नी रामकुमार लोधी राजपूत ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह करीब 7:00 बजे विपक्षी का लड़का अमित उनके दरवाजे पर लैटरीन कर रहा था। सुनीता के बेटे करन ने जब मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया, तो बात बढ़ गई।आरोप है कि इसी बात से आक्रोशित होकर प्रतिवादी लखन पुत्र गंगा, गुड्डू की पत्नी, और लखन की पुत्रियों फूलदुलारी व छोटी ने पीड़िता को भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से सुनीता पर हमला बोल दिया। मां को पिटता देख जब उसका बड़ा बेटा करन और छोटा बेटा अर्जुन बचाने दौड़े, तो दबंगों ने उन्हें भी बेरहमी से मारा-पीटा।पीड़िता का कहना है कि हमलावरों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता सुनीता ने सुबेहा थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### 28 सितम्बर को भाकियू करेगी महापंचायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की28 सितंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए गुरुवार को ब्लॉक व तहसील पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया गया। तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह,महामंत्री आदिल खान, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कनवा, मनीपुर, बारीखेरा, जासेपुर , केलहनुआ, रौली,सहावर, आदि दर्जनों गांवों में ग्राम अध्यक्षों व किसान कार्यकर्ताओं से जन संपर्क किया गया व किसान भाइयों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में महापंचायत में हिस्सा लेने की अपील की गई।

### दो कारों की जोरदार भिड़ंत, हादसे में 5 लोग घायल

**बहराइच।** मटेरा थाना इलाके में बहराइच-रूपईडीहा हाईवे पर करौंदा गांव के पास एक पेट्रोल पंप के सामने बुधवार देर रात तेज रफ्तार दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस को सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा।

# आचार संहिता लगते ही हटाए पोस्टर-बैनर, प्रशासन ने चलाया अभियान



**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**

लखनऊ खंड स्नातक एवं लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने चुनाव प्रचार सामग्री हटाने का अभियान शुरू कर दिया। एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय के निर्देश पर गुरुवार को तहसील क्षेत्र में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर लगे पोस्टर, बैनर और होर्डिंग हटवाए गए।

नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों की टीम ने तहसील क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री को हटवाया गया।

प्रशासन की कार्रवाई से आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने का संदेश दिया गया।

एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति चुनाव प्रचार सामग्री न लगाने दी जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया के दौरान निगरानी बढ़ा दी है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# गन्ने का रकबा 2,662 हेक्टेयर बढ़ा



**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

जनपद में गन्ने की खेती का क्षेत्रफल बढ़कर 98,632 हेक्टेयर पहुंच गया है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में गन्ना विकास विभाग के प्रयासों से फसल वर्ष 2025-26 के मुकाबले 2026-27 में गन्ने के रकबे में 2,662 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। यह करीब 2.78 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष गन्ने का कुल रकबा 95,970 हेक्टेयर था। इस वर्ष बढ़कर 98,632 हेक्टेयर होने से गन्ना उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है। इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की संभावना है। जिलाधिकारी ने गन्ना विकास विभाग को किसानों को उन्नत कृषि तकनीक और बेहतर गन्ना प्रजातियों की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। रकबा बढ़ने से आगामी पेराई सत्र में चीनी मिलों को भी अधिक गन्ना उपलब्ध होने की उम्मीद है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आये युवक की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज, मसौली बाराबंकी।** गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बांसवाड़ी बाग के निकट डुबकी मोड़ पर अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बैटरी स्कूटी सवार ऋषभदेव वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया लेकिन हालत नाजुक होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया जहा पहुंचने से पूर्व दम तोड़ दिया। गुरुवार को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर निवासी ऋषभदेव वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा अपनी बैटरी चलित स्कूटी से बाराबंकी से घर लौट रहे थे कि डुबकी मोड के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर गिर गई। ऋषभदेव वर्मा गंभीर हालत में सड़क पर पड़े थे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पीआरवी-112 टीम मौके पर पहुंची। सीसी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अजय यादव ने पुलिस टीम के साथ घायल ऋषभदेव वर्मा को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया जिसे लोहिया अस्पताल रेफर किया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही घायल ने दम तोड़ दिया। घायल की गंभीर हालत देखते हुए एंबुलेंस चालक एमटी रामशरण चौरसिया ने भी तेजी दिखाई। एंबुलेंस ने करीब आठ मिनट में 13 किमी का सफर तय कर घायल ऋषभदेव वर्मा को जिला अस्पताल तो पहुंचा दिया लेकिन हालत नाजुक होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया जिसकी रास्ते मे मृत्यू हो गयी मृतक गरीब मजदूर पेशा युवक था बड़ी बेटी शीलू की शादी हो गयी तथा दूसरे नंबर की बेटी नीलू 23 जिसकी आगामी 1 दिसंबर को सामूहिक शादी मे शादी होनी थी इसके आलावा दो अन्य बेटियां जुली व अंजली व 15 वर्षीय पुत्र राजन है घटना की सूचना घर पहुंचते ही पत्नी शांति देवी सहित परिवार मे कोहराम मच गया।

# बुलडोजर कांड में शिकंजा: तीन जेसीबी सीज, दो गिरफ्तार

- आधी रात मकान-दुकान ढहाने के मामले में पुलिस की दबिश तेज
- खाकी की भूमिका पर सवाल बरकरार

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

बरियावन बाजार में आधी रात कई मकान और दुकानों को बुलडोजर से ढहाए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। प्रकरण में तीन जेसीबी मशीनों को सीज करने के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस और एसओजी की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। रात के अंधेरे में तीन जेसीबी मशीनों से की गई कथित तोड़फोड़ के बाद मामला तूल पकड़ गया था। कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश और पुलिस-प्रशासन की भूमिका को लेकर सवाल उठे। मामले में पुलिस की जांच अब उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने कथित तौर पर पूरी कार्रवाई को अंजाम देने में भूमिका निभाई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन जेसीबी मशीनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस और एसओजी की टीमें फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। हालांकि कार्रवाई आगे बढ़ने के बावजूद सबसे बड़ा सवाल अभी भी कायम है– आधी रात मकान और दुकानें गिराने की कार्रवाई आखिर किसके इशारे पर हुई और इसमें खाकी की भूमिका क्या थी? पुलिस जांच में इन सवालों के जवाब तलाशे जा रहे हैं। मामले में पहले ही पुलिसकर्मियों और राजस्व कर्मी के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। इसके बावजूद पूरे घटनाक्रम की कड़ियां अभी पूरी तरह साफ नहीं हुई हैं।

# औसानेश्वर में जलाभिषेक के लिए लौटा कांवड़ियों का जत्था

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए डलमऊ से गंगाजल लेकर लौटे कांवरियों की सेवा और स्वागत के लिए प्रेमदास कुटी पर गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन समाजसेवी उदय नारायण अग्रवाल द्वारा कराया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुँचे कांवरियों व गणमान्य व्यक्तियों ने प्रसाद ग्रहण किया।कावरियों ने कुटी के महंत लालता दास जी महाराज का आशीर्वाद भी लिया।

भंडारे के इस विशेष अवसर पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य लोग भी पहुँचे। आयोजक उदय नारायण अग्रवाल द्वारा भंडारा में आये विधायक दिनेश रावत, जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह,अगड़ बम कांवरिया संघ के मुख्य कर्ता-धर्ता राजू भैया भजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार जायसवाल,मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा,व्यापारी नेता लाला लक्ष्मी नारायण साहू,पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित, महादेव पाठक, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, शेखर मिश्रा का पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया।इस दौरान पूरा परिसर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान रहा। भंडारे में आए श्रद्धालुओं और कांवरियों के लिए सुरक्षा और सेवा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भंडारे के आयोजन में महेश अग्रवाल,मनोज कुमार शुक्ला, दिनेश द्विवेदी, राजू मौर्य, अंशू, भयऊ मौर्य का भरपूर सहयोग रहा।

# घर में खेल रही बच्ची पर कुत्ते ने किया हमला

- बरामदे में खेल खेलते समय झपटा, सिर व कान के पास नोंचा

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

कैसरगंज थाना क्षेत्र में घर के बरामदे में खेल रही 7 साल की बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्ची के चीखने पर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ते को भगाया। हमले में बच्ची के सिर और कान के पास गंभीर चोटें आईं। घायल बच्ची को पहले मुस्तफाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के



मुताबिक उसकी हालत फिलहाल स्थिर है। गोड़हिया नंबर चार गांव निवासी कुलदीप कुमार की 7 साल की बेटी अनन्या बुधवार सुबह करीब 10 बजे घर के बरामदे में खेल रही थी। इसी दौरान एक लावारिस कुत्ता वहां पहुंचा और अचानक बच्ची पर झपट पड़ा। अनन्या कुछ समझ पाती, इससे पहले कुत्ते ने उसे नोचना शुरू कर दिया।

**चीख सुनकर दौड़े परिजन, लोगों ने कुत्ते को भगाया**

कुत्ते के हमले से बच्ची चीखने लगी। उसकी आवाज सुनकर घरवाले और आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। लोगों ने किसी तरह कुत्ते को बच्ची से दूर किया और वहां से भगाया। इसके बाद परिजन घायल अनन्या को इलाज के लिए मुस्तफाबाद सीएचसी लेकर पहुंचे।

**सिर और कान के पास आई चोटें, मेडिकल कॉलेज रेफर**

सीएचसी में डॉक्टरों ने बच्ची की चोटों का प्राथमिक उपचार किया। उसके सिर और कान के पास कुत्ते के नोचने से चोटें आई थीं। हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे।

# 16 लाख की पुलिया, फिर भी रास्ता बेहाल, पुलिया बनी तो सड़क गायब

**समृद्धि न्यूज़, मिहींपुरवा, बहराइच।**



विकासखंड पुरैना अमृतपुर की ग्राम पंचायत के लौकहियां मजरे में मनरेगा से वर्ष 2024 में करीब 16 लाख रुपये की लागत से बनी पुलिया अब सवालों के घेरे में है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद पुलिया तक पहुंचने वाला संपर्क मार्ग बदहाल है। सड़क पर गहरे गड्ढे और मिट्टी के कटाव के कारण ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल बना हुआ है। मौके की स्थिति देखकर निर्माण की उपयोगिता और गुणवत्ता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। यह लिंक मार्ग अमृतपुर कांटा से सेमरी घाटी जाने वाले मुख्य मार्ग से जुड़ता है। पुलिया भृगुनाथ के खेत के पास बनाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया बनने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि आवागमन आसान होगा, लेकिन निर्माण के बाद भी संपर्क मार्ग को व्यवस्थित नहीं किया गया। स्थिति यह है कि पुलिया ऊंचाई पर है और सड़क कई फीट नीचे गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिया निर्माण के बाद इसकी स्थिति को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत पर बहराइच से डीसी मनरेगा के स्तर से जांच किए जाने की बात सामने आई। ग्रामीणों का दावा है कि जांच के बाद कुछ मिट्टी डालकर रास्ते को ठीक करने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बाद काम फिर आगे नहीं बढ़ा।

# बच्चों के लिए खतरा बने बंदर, स्कूल जाने से डर रहे नौनिहाल

- करीब 50 बच्चों को काटकर घायल करने का ग्रामीणों का दावा
- वन विभाग से बंदरों को पकड़ने की मांग

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

मोतीपुर रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा के मजरा जयराम पुरवा, खैरहना पुरवा, तमोलिपुरवा तथा आसाम रोड के आसपास स्थित गांवों में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बंदर अब तक कई लोगों और करीब 50 बच्चों को काटकर घायल कर चुके हैं। लगातार बढ़ते आतंक के कारण बच्चों में भय का माहौल है और अभिभावक उन्हें स्कूल भेजने से भी डर रहे हैं। जयराम पुरवा में प्राथमिक विद्यालय संचालित है, जहां आसपास के गांवों से भी बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक बंदरों के आतंक के कारण बच्चों का स्कूल आना-जाना भी जोखिम भरा हो गया है। बंदर घरों में घुसकर सामान उठा ले जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जब कोई व्यक्ति बंदरों को भगाने का प्रयास करता है तो बंदर उसके पीछे दौड़कर काटने के लिए हमला कर देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के आतंक की कई बार वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी गई।



# दिनकर की साहित्य साधना और हिंदी की समृद्ध परंपरा पर हुआ विमर्श

- ओज कवि दीपक दिवाकर को दी गई जन्मदिन की बधाई

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

साहित्य साधना संस्थान, बाराबंकी के तत्वावधान में विकास भवन परिसर में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती एवं हिंदी दिवस पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में साहित्यकारों, कवियों एवं साहित्यप्रेमियों ने दिनकर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए हिंदी भाषा के प्रति अनुराग और



सम्मान बढ़ाने का आह्वान किया।

समारोह की अध्यक्षता सुरेश चंद्र बैसवार ने की, जबकि संचालन प्रसिद्ध व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा की वाणी वंदना से हुआ।



ओज कवि दीपक दिवाकर ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के जीवन, साहित्यिक योगदान एवं साहित्यिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी के सम्मान में अपनी पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा–

'तुलसी कर से अनुराग भरी
हर राम कथा लिखवाती है हिंदी,
रसखान, रहीम, कबीर व नानक के
मुख में इतराती है हिंदी।'

साहित्य साधना संस्थान के अध्यक्ष, वरिष्ठ ओज कवि एवं सुप्रसिद्ध मंच संचालक पंडित राम किशोर तिवारी 'किशोर' ने दिनकर जी के साहित्यिक व्यक्तित्व पर विचार रखते हुए हिंदी की गौरवशाली परंपरा को रेखांकित किया।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र एकांश यादव (EKANSH YADAV) का नाम परिवर्तित कर अन्वेष यादव (ANVESH YADAV) कर लिया है। जो कि उसके आधार कार्ड संख्या 242925270702 में दर्ज है।

**सूचनाकर्ता**
**मंजू यादव पत्नी रोहित कुमार निवासी दीनदयाल नगर नाका पैसार, थाना कोतवालीनगर, तहसील नवाबगंज, जनपद-बाराबंकी।**

# इटौंजा टोल का सर्वर एसटीएफ ने किया सीज

- फास्टैग ठप; 25 हजार वाहन बिना टोल निकले
- फर्जी फास्टैग और संदिग्ध नंबरों की जांच के बीच कार्रवाई
- प्रतिदिन 18-20 लाख रुपये राजस्व प्रभावित होने का अनुमान




**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) स्थित इटौंजा टोल प्लाजा पर फर्जी फास्टैग और संदिग्ध वाहन नंबरों की जांच के बीच एसटीएफ ने अदालत के आदेश पर मुख्य सर्वर सीज कर दिया। मंगलवार को करीब एक घंटे तक चली तलाशी के बाद एसटीएफ की तकनीकी टीम सर्वर और अन्य उपकरण अपने साथ ले गई। सर्वर हटते ही टोल की स्वचालित फास्टैग व्यवस्था ठप हो गई। बैरियर खोलकर वाहनों को निकालना पड़ा। अब तक 25 हजार से अधिक वाहन बिना टोल चुकाए गुजर चुके हैं।

सर्वर सीज होने के बाद टोल प्लाजा के करीब 10 कंप्यूटर सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया। फास्टैग से स्वत- टोल राशि कटनी बंद हो गई। इससे टोल लेन में वाहनों की रफ्तार प्रभावित हुई और कई बार जाम की स्थिति बनी। वाहन चालकों को टोल पार करने में 15 से 20 मिनट तक लगने लगे। स्थिति बिगड़ने पर टोल प्रबंधन को बैरियर खोलकर वाहनों को बिना शुल्क आगे भेजना पड़ा।

जांच का दायरा फर्जी फास्टैग और संदिग्ध वाहन नंबरों तक पहुंच गया है। कुछ टोल कर्मचारियों और अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में बताई गई है। मामले में पहले कुछ आरोपितों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। एनएच-30 से रोजाना करीब 42 से 45 हजार वाहन गुजरते हैं। टोल वसूली बाधित होने से प्रतिदिन करीब 18 से 20 लाख रुपये के राजस्व प्रभावित होने का अनुमान है।

### जनवरी से मार्च की फुटेज से शुरू हुई जांच

एसटीएफ ने इटौंजा टोल प्लाजा से जनवरी से मार्च 2026 तक की सीसीटीवी फुटेज और वाहनों के आवागमन से जुड़ा डाटा मांगा था। टोल संचालक एजेंसी लखनऊ-सीतापुर एक्सप्रेसवे लिमिटेड का कहना था कि परिसर में करीब एक माह की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग ही सुरक्षित रहती है। एजेंसी के मुताबिक वाहनों की आवाजाही और फास्टैग लेनदेन से जुड़ा डाटा पहले ही एसटीएफ को उपलब्ध कराया जा चुका था। इसके बावजूद जांच के लिए अदालत से अनुमति लेने के बाद एसटीएफ टीम तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सर्वर कक्ष पहुंची। डाटा की जांच में अधिक समय लगने के बाद सर्वर सीज कर दिया गया। एसटीएफ अब जब्त सर्वर, डीवीआर और अन्य उपकरणों की फोरेंसिक जांच करा रही है।

# यूपी में फिर बनेगी भाजपा सरकार : केशव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनता के आशीर्वाद, सरकार के काम और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से तीसरी बार भी उत्तर प्रदेश में भाजपा ऐतिहासिक विजय के साथ सरकार बनाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने गुरूवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता से बेदख़ल कांग्रेस समेत बाकी विपक्षी दलों की स्थिति 'नाच न जाने, आंगन टेढ़ा' वाली है। हर एक चुनाव के पहले हार के डर से ये एक ऐसी स्क्रिप्ट गढ़ने लगते हैं, ताकि चुनावी नतीजों के बाद फेस सेविंग की जा सके। हार से लाज बचाई जा सके।

पहले यह बुरी आदत केवल कांग्रेस और ख़ासकर उसके चंचल स्वभाव के नेता राहुल गांधी को थी, अब उनकी देखा-देखी यह बीमारी उन पार्टियों को भी लग गई है, जो जमीन पर लड़ने का दमख़म रखती थीं।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अगर चुनाव आयोग की कमान राहुल और उनके गठबंधन के साथियों, मसलन सपा बहादुर अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता दीदी को भी दे दी जाए, तो भी जनता का भरोसा भाजपा और उसके नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में ही रहने वाला है।

भाजपा की चुनावी विजय डबल इंजन सरकार के काम, जनता के विश्वास और बूथ स्तर तक मजबूत संगठन का परिणाम है। जहां चुनाव, वहां कमल खिलाने के संकल्प के साथ भाजपा कार्यकर्ता दिन-रात जनता के बीच मेहनत कर रहा है।

## खबरें एक नजर में

### श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्मोंत्सव की धूम

**लखनऊ।** राजधानी के राजाजीपुरम् में दिनांक 20 सितम्बर से 27 तक आयोजित होने वाली श्रीमदभागवत साप्ताहिक कथा यज्ञ के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव का प्रसग सुनकर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंत्र-मुग्ध हो गयें। चारों तरफश्रीकृष्ण जन्म की बधांइया बजने लगी। सभी झूम कर नाचने लगे। पूज्य कथा आचार्य मनोज कृष्ण महाराज जी के जन्मोत्सव के प्रसग को सुनकर सभी भाव विभोर हो गये। प्रसंग के दौरान आसमान से भी रिमझिाम-रिमझिाम बरसात होने लगी मानों सभी श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाने लगे। राजाजीपुरम् के गौरी शंकर पार्क में आयोजित ज्ञान कथा यज्ञ में भक्तों व श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या श्रीमद्भागवत कथा की सार्थकता को सिद्ध कर रही है। कथा आयोजक विजय सिंह ने बताया कि कथा तथा ज्ञान यज्ञ का समापन 27 सितंबर को विशाल भंडारे के साथ होगा।

### पिंक स्कूटी टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**लखनऊ।** राजधानी में महिला सुरक्षा को लेकर गुरुवार को लखनऊ पुलिस एक्शन में नजर आई। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा के निर्देश पर हजरतगंज क्षेत्र में नेशनल पीजी कॉलेज से लेकर प्रमुख सड़कों तक एंटी रोमियो अभियान के तहत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्राओं को जागरूक भी किया गया। इस अभियान का नेतृत्व संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार, हजरतगंज एसीपी रजनीश वर्मा और हजरतगंज कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह ने किया। पुलिस टीम ने नेशनल पीजी कॉलेज और हजरतगंज की मुख्य सड़कों पर गश्त करते हुए संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों से पूछताछ की और नियम उल्लंघन करने वालों को सख्त चेतावनी दी। अभियान के दौरान एंटी रोमियो टीम के साथ पहुंची पिंक स्कूटी टीम ने नेशनल पीजी कॉलेज परिसर और आसपास मौजूद छात्राओं से संवाद किया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में इस्तेमाल होने वाले हेल्पलाइन नंबरों 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमन पावर लाइन), और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों, कॉलेजों और बाजारों में महिलाओं तथा छात्राओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए एंटी रोमियो और पिंक पैट्रोल टीमों का यह चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर रेलिंग लगाने का विरोध

**लखनऊ।** लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर बेहड़ा चक्की गांव के पास गुरुवार को ग्रामीणों ने डिवाइडर के बीच रेलिंग लगाने का विरोध किया। उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि हाईवे के बीच से लोगों के आने-जाने के लिए रास्ता दिया जाए। इस प्रदर्शन के कारण हाईवे पर करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम लगने से हाईवे पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे ट्रैफिक पर असर पड़ा। सूचना मिलने पर बीकेटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया और ट्रैफिक को सामान्य कराया। ग्रामीणों का कहना है कि डिवाइडर के बीच रेलिंग लगाने से गांव के लोगों को हाईवे पार करने में दिक्कत होगी। बच्चों, बुजुर्गों और पैदल चलने वालों को आने-जाने में परेशानी होगी। ग्रामीणों ने मांग की कि रेलिंग लगाने के साथ ही लोगों के लिए आने-जाने का सही रास्ता छोड़ा जाए। वहीं, टोल प्लाजा मैनेजर ने बताया कि हाईवे के डिवाइडर के बीच रेलिंग लगाने का मकसद सड़क सुरक्षा बढ़ाना है। इससे लोग गलत तरीके से हाईवे पार नहीं कर पाएंगे और हादसों की आशंका कम होगी।

### पुलिस से मांगी जान-माल की सुरक्षा

**लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र की श्याम विहार कॉलोनी, गली नंबर-2 के निवासियों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जान-माल की सुरक्षा तथा कथित अवैध वसूली और धमकियों से बचाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने देवेंद्र पुत्र अमर सिंह और उनके परिवार पर गाली-गलौज, मारपीट, कथित अवैध वसूली तथा फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि घर के सामने सड़क पर बने समरसेबल के कारण रास्ता बाधित है और विरोध करने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है।शिकायतकर्ताओं ने देवेंद्र पर पूर्व में कई मुकदमे दर्ज होने का भी दावा किया है। साथ ही, एक नाबालिग युवक के खिलाफ लगाए गए कथित दुष्कर्म के आरोप को भी शिकायत में झूठा बताया गया है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। निवासियों ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने और उन्हें किसी भी प्रकार की धमकी अथवा अवैध वसूली से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

### 68500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने बजाई सीटी

**लखनऊ।** 68,500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबंधी विसंगतियों के समाधान और न्याय की मांग को लेकर आंदोलनरत अभ्यर्थियों ने गुरुवार को बड़ी संख्या में एकत्रित होकर बीजेपी प्रदेश मुख्यालय पर सीटी बजाकर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने कहा कि सीटी बजाने का उद्देश्य शासन और समाज के उन नेताओं एवं मंत्रियों का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित करना है, जिनसे वे तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से तत्काल वार्ता कराने और 68,500 शिक्षक भर्ती के आरक्षण संबंधी मामले का समाधान करने की मांग की।

# प्रदेश को वर्ष 2029 तक नशामुक्त बनाने का लक्ष्य : राजीव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



- हमारी कार्रवाई केवल तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं
- तस्करों की अवैध संपत्ति को जब्त कर आर्थिक कमर तोड़ने पर जोर

सरकार की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का असर उत्तर प्रदेश में लगातार दिखाई दे रहा है। यूपी पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के साथ उनकी अवैध संपत्तियों पर भी शिकंजा कसा है। मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध निरुद्धीकरण की कार्रवाई में तेजी आई है। वर्ष 2026 में 23 सितंबर तक प्रदेश में 71 तस्करों के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बताया कि नशे के खिलाफ कार्रवाई का उद्देश्य केवल तस्करों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क को तोड़ना और नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त करना भी है। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029 तक नशामुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में कार्रवाई तेज की जा रही है।

नशे के कारोबार से कमाई गई अवैध संपत्ति को जब्त कर तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने पर भी जोर दिया गया। वर्ष 2025 में 29 मामलों में करीब 19 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हुई। वहीं, वर्ष 2026 में 23 सितंबर तक 69 मामलों में करीब 80 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की गई।

योगी सरकार में पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2024 में प्रदेश में सात तस्करों के खिलाफ कार्रवाई हुई, जिसमें एएनटीएफ की पांच कार्रवाई शामिल थीं। वर्ष 2025 में प्रदेश में 19 और वर्ष 2026 में 71 तस्करों के खिलाफ निरुद्धीकरण की कार्रवाई की गई। इनमें वर्ष 2026 में एएनटीएफ ने 33 तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। प्रदेश में अवैध संपत्ति जब्ती के मामले में भी कार्रवाई लगातार बढ़ी है। वर्ष 2024 में एएनटीएफ ने चार मामलों में करीब एक करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। वर्ष 2025 में 28 मामलों में करीब 17 करोड़ रुपये और वर्ष 2026 में 40 मामलों में करीब 13 करोड़ रुपये की कार्रवाई एएनटीएफ ने की। पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त कार्रवाई के आंकड़ों में वर्ष 2026 में कुल जब्ती करीब 78.5 करोड़ रुपये हुई।

पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत गुरुमेल सिंह, भोला प्रसाद, संजीव राणा, विभोर राणा, शेरमणि पटेल और परमानंद उर्फ पप्पू जैसे कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ निरुद्धीकरण (गिरफ्तारी) की कार्रवाई की गई है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि हमारी कार्रवाई केवल तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है। एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(ई) और 68(एफ) के तहत नशीले पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति को पहले अस्थायी रूप से फ्रीज और जांच व सुनवाई के बाद स्थायी रूप से जब्त किया जा रहा है। इसके जरिए तस्करों को आर्थिक रूप से कमजोर भी किया जा रहा है।

## सीएम योगी ने लखनऊ में 12 हजार करोड़ की वरुण विहार व नैमिष नगर योजना का किया भूमि पूजन



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की वरुण विहार एवं नैमिष नगर योजना का भूमि पूजन किया। करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से 10 हजार 680 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाली इन योजनाओं के तहत भूखण्डों के पंजीकरण का भी शुभारंभ किया किया गया। आगरा एक्सप्रेसवे के निकट ग्राम दोना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 2166 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित पांच बहुमंजिला आवासीय अपार्टमेंट का शिलान्यास भी किया।

# 7 साल बाद महिला के खिलाफ रिकवरी

### नोटिस न देने पर बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल

- कल्याणी योजना के तहत लिया था एक लाख का ऋण
- करीब 49,870 रुपये बकाया होने का दावा
- तहसील से पहुंचा संग्रह अमीन, उच्चाधिकारियों से जांच की मांग

**बैंक प्रबंधन पर आरोप**
बकाये की जानकारी देने के बजाय सीधे तहसील से भेजी रिकवरी, संग्रह अमीन की कार्रवाई से महिला की प्रतिष्ठा प्रभावित।

**शाखा प्रबंधक बोले**
पहले कई प्रबंधक बदल चुके हैं, मैंने नोटिस नहीं भेजा; क्षेत्रवासियों ने उच्चाधिकारियों से जांच और कार्रवाई की मांग की।

**एजेंसी, लखनऊ/खुर्जा।**

महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित कल्याणी योजना के तहत लिए गए ऋण की वसूली के एक मामले ने यू.पी. ग्रामीण बैंक की धराऊ शाखा की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। ग्राम घराऊं, परगना एवं तहसील खुर्जा निवासी श्रीमती ओमलता पत्नी शीशपाल सिंह का आरोप है कि बैंक ने करीब सात वर्ष बाद बकाये की वसूली के लिए उन्हें कोई पूर्व सूचना या नोटिस दिए बिना तहसील से रिकवरी करा दी।

संग्रह अमीन के गांव पहुंचने से उन्हें लोगों के बीच असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। अधिवक्ता के माध्यम से बैंक को भेजे गए नोटिस के अनुसार ओमलता के खाते में 24 जुलाई 2018 को कल्याणी योजना के तहत एक लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ था। नोटिस में 10 अगस्त 2018 को दो हजार, 29 सितंबर 2020 को 50 हजार और 25 जनवरी 2020 को 20 हजार रुपये जमा किए जाने का उल्लेख है। इसके बाद करीब 49,870 रुपये बकाया होने का दावा किया गया है।

महिला का कहना है कि इसके बाद बैंक ने बकाये के संबंध में कोई मांग-पत्र या वसूली नोटिस नहीं दिया। उनका आरोप है कि यदि समय रहते जानकारी दी जाती तो वह बैंक पहुंचकर भुगतान या समाधान का प्रयास करतीं। अचानक तहसील से रिकवरी भेजे जाने से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई। शाखा प्रबंधक ने कहा कि इस दौरान कई प्रबंधक बदल चुके हैं। उनके स्तर से कोई नोटिस नहीं भेजा गया।

वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बैंक की वसूली प्रक्रिया की जांच और दोषी पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि ऋण की वसूली बैंक का अधिकार है, लेकिन लाभार्थी को बकाये की जानकारी देकर नियमानुसार भुगतान का अवसर भी मिलना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार और बैंक के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# पत्नी ही निकली मास्टरमाइंड, प्रेमी से मिलकर कराई हत्या

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



- रामबाबू मौर्य कृष्णा नगर हत्याकांड का खुलासा

कृष्णानागर में 13 और 14 सितंबर की दरम्यानी रात 32 साल के रामबाबू मौर्य की गला रेत की हत्या कर दी गई. सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इसके बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई। रामबाबू की हत्या के बाद उसकी पत्नी पुष्पा मौर्य का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरा परिवार उसे संभाल और ढांढस बंधा रहा था।

पत्नी दहाड़े मार कर रो रही थी। जवानी में पति की हत्या के बाद आस-पड़ोस के लोग संवेदना जता रहे थे। पूरा इलाका दहल गया था पर पुलिस ने जैसे ही मामले का खुलासा किया हर कोई हैरान रह गया। पति की लंबी आयु के लिए उपवास रखने वाली, पति की मंगलकामना करने वाली पत्नी पुष्पा ही पूरे हत्याकांड की मास्टरमाइंड निकली. इस पूरे हत्याकांड की पहली सीढ़ी बनीं रामबाबू मौर्य की बाइक जो गायब हो गई थी। रामबाबू मौर्य और पुष्पा की शादी 12 साल पहले हुई थी।

दोनों के जीवन में सबकुछ ठीक चल रहा था। अचानक दोनों की लव लाइफ में एक रिश्तेदार नीरज मौर्य की एंट्री हुई। नीरज और पुष्पा में प्यार हो गया। काफी दिनों तक रामबाबू को इसकी भनक नहीं मिली. एक दिन रामबाबू के सामने दोनों के अनैतिक संबंधों का पटाक्षेप हो गया. राम बाबू आगबूला हुआ और नीरज की एंट्री अपने घर में बैन कर दी थी।

### मुलाकात बंद हुई तो दोनों ने रची खौफनाक साजिश

पुष्पा व नीरज एक दूसरे से मिलने के लिए बेचैन हो उठे। अब दोनों को रामबाबू काफी खटकने लगा था। फिर दोनों ने साजिश रची। साजिश के तहत पहला काम था रामबाबू का विश्वास जीतना। एक दिन अचानक रामबाबू की बाइक गुम हो गई। वो परेशान हो उठा। इधर नीरज ने उसे बाइक ढूंढ लेने का भरोसा दिया। बाइक मिल भी गई। मिलती भी क्यों नहीं, बाइक तो षड्यंत्र के तहत गायब हुई थी। रामबाबू का भरोसा नीरज पर बढ़ गया। एक बार फिर नीरज उसके घर आने-जाने लगा। इधर साजिशें पनप रही थीं उधर इन सबसे बेखबर रामबाबू अपनी दुनिया में मस्त था। आरोप है कि पुष्पा ने साजिश के तहत रामबाबू से हत्या वाले दिन मंदिर जाने की बात कही। इधर पुष्पा घर से निकली और उधर नीरज ने रामबाबू को शराब पार्टी के लिए बुलाया। शराब पीने के बाद नीरज ने रामबाबू का गला सब्जी काटने वाले चाकू से रेत दिया। खून अधिक बह जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# राष्ट्रीय विद्युत संहिता पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

- चीफ इंजीनियर ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), लखनऊ शाखा कार्यालय की तरफ से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विद्युत अभियंताओं के लिए राष्ट्रीय विद्युत संहिता-2023 पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन चीफ इंजीनियर मुकेश चन्द्र शर्मा, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के लगभग 75 विद्युत अभियंताओं ने (हाइब्रिड मोड) में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान श्री ऋत्विक आनंद निदेशक बीआईएस द्वारा राष्ट्रीय विद्युत संहिता-2023 के अंतर्गत विद्युत संस्थापनों से संबंधित प्रमुख प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से वायरिंग संस्थापन, अर्थिंग तथा तड़ित संरक्षण प्रणाली से संबंधित मानकों एवं विद्युत सुरक्षा प्रावधानों पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को विद्युत संस्थापनों में मानकीकरण, विद्युत सुरक्षा तथा राष्ट्रीय विद्युत संहिता के प्रभावी अनुपालन के संबंध में जागरूक एवं सक्षम बनाना था। जिसमें पूर्णता सफलता मिली।

### यौन लाभ के बदले सरकारी काम का आरोप

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर एक वर्तमान आईएएस अधिकारी पर लगे गंभीर आरोपों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री में आरोप लगाया गया है कि कुछ कंपनियों को सरकारी टेंडर कथित रूप से यौन लाभ के बदले दिए गए। एक महिला द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों और अधिकारी की कथित भूमिका को लेकर भी विभिन्न दावे किए गए हैं। अमिताभ ठाकुर ने संबंधित टेंडरों, निविदा प्रक्रिया, अधिकारियों की स्वीकृतियों और भुगतान अभिलेखों का सत्यापन कराने की मांग की है। उन्होंने उपलब्ध दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपों की जांच ऐसे अधिकारी से कराने की मांग की है, जो संबंधित आईएएस अधिकारी के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण में न हो।

**आस्था** | आज निकलेगी मनौतियों के राजा की विसर्जन शोभा यात्रा

# मंत्रों के साथ हुआ भगवान गजानन का महाभिषेक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में चल रहे गणेशोत्सव मे गुरुवार को दिन में भगवान गणेश का वैदिक मंत्रों के साथ महाअभिषेक किया गया।

दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गंगाजल, पांच फलो के जूस से 1008 नामों के साथ महाभिषेक हुआ। इस अभिषेक में कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता अपने पूरे परिवार के साथ अभिषेक में शामिल हुये। इसके अलावा अभिषेक करने के लिए आम जनता को भी मौका दिया गया। सैकड़ों लोगां ने भगवान गणेश के दर्शन और अभिषेक किया। शाम को भगवान को समर्पित महामोदक मुख्य आकर्षण बना रहा। इसमें 108 किलो का महामोदक कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम तथा महिलाओं में संध्या बंसल, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, विमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अंजू गुप्ता, अनुराधा गोयल, कविता अग्रवाल परिवार के साथ मनौतियों के राजा को महामोदक भेंट किया। उस दौरान कोलकाता से आये संजय शर्मा ने एक सुन्दर सा भजन '108 किलो का लड्डू तेरे लिए ले आये, बप्पा क्यो न भोग लगाये' सुनाया तो पूरा माहौल भक्ति से सराबोर हो गया।

बाद में संजय शर्मा के निर्देशन मे राधा कृष्ण महारास नृत्य नाटिका प्रस्तुत कि गई। इसके बाद शिव बारात नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। बाद में गायक संजय शर्मा ने भजन सुनाये। गणपति तेरा नाम है सहारा हमारा, उसके बाद पहले तुझे मनाऊं भक्ति तेरी पाऊं, बाद में दुनियादारी छोड़ के आया तेरे द्वार पे, तो लोग झूमने लगे। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से चल रहे गणेशोत्सव का समापन कल शुक्रवार को विसर्जन शोभा यात्रा के साथ होगा। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे कार्यक्रम स्थल झूलेलाल वाटिका से प्रारम्भ होकर विश्वविद्यालय मार्ग, आईटी चौराहा, रामकृष्ण मठ, शंकरनगर चैराहा, नजीरगंज, डालीगंज होते हुये झूलेलाल घाट पर शाम को प्रतिमा का भू विसर्जन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में दर्जनों झांकियां, बग्घी, रथ, घोड़ा, बैण्ड शामिल होंगे। यात्रा के सबसे पीछे भगवान सिद्धविनायक के रुप में विराजमान भगवान गणेश का फूलों से सजा सुन्दर रथ चलेगा। भारत भूषण ने बताया कि 10 दिन चले उत्सव में बप्पा के भक्तों ने लगभग दो लाख गजानन के नाम चिटठी लिखी सभी चिटिठयों को बप्पा की मूर्ति के साथ भूविसर्जन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज को बप्पा को चढ़ाया गया 108 किलो का महामोदक शोभा यात्रा में भक्तों को बांटा जाएगा।

# नमो सेवा गाथा पर नुक्कड़ नाटक आयोजित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



एन एस एस दिवस के अवसर पर खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, चौक, लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत नमो सेवा गाथा विषय पर ठाकुरगंज चौराहा, लखनऊ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । उसके पश्चात एन एस एस दिवस समारोह मे सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान को संयुक्त रूप से मनाया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने विकसित भारत @ 2047, सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा एवं नशा मुक्त भारत विषयों पर शपथ के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई और सेवा ही संकल्प है के ध्येय के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो भारती पांडेय, जय नारायण पी जी कॉलेज रही। उन्होंने नशामुक्ति पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे शरीर, परिवार और भविष्य तीनों को नष्ट कर देती है।

एक स्वस्थ युवा ही विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। मुख्य अतिथि द्वारा ओजोन दिवस पर हुई प्रतियोगिता में विजई छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य अंशु केडिया के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस पूरे कार्यक्रम को एन एस एस ऑफिसर डॉ. रुचि यादव एवं डॉ. शालिनी शुक्ला एवं ऑफिसर डॉ. प्रियंका के साथ स्नेह लता शिवहरे, प्रीति सिंधी एवम अपर्णा टंडन द्वारा किया गया।

# डॉ. वीके वर्मा अध्यक्ष व डॉ. अश्विनी बने सचिव

- सीएमओ सभागार में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ का चुनाव सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ शाखा शाहजहांपुर के चुनाव में डॉ वीरेंद्र कुमार वर्मा को जिलाध्यक्ष व डॉ अश्विनी कुमार कुमार को निर्विरोध जिला सचिव चुना गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में आयोजित प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चुनाव में सभी पदों के लिए एक ही उम्मीदवार द्वारा पर्चा दाखिल किए जाने के चलते सभी पदों पर निर्विरोध प्रत्याशी घोषित किये गये। संघ के चुनाव में चिकित्सा अधीक्षक बंडा डॉ वीके वर्मा को जिलाध्यक्ष, डॉ श्वेता गुप्ता उपाध्यक्ष, डॉ ओमेंद्र राठौर उपाध्यक्ष शहरी, डॉ आदेश रस्तोगी उपाध्यक्ष ग्रामीण, डॉ अश्विनी कुमार सचिव, डॉ अमित यादव सदस्य केन्द्रीय कार्यकारिणी, डॉ जफर सैफी वित्त सचिव, डॉ सबाहत हुसैन को निर्विरोध सम्पादक घोषित किया गया। निर्वाचन कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी.पी. श्रीवास्तव, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ करन सिंह रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## खुदागंज में रोजगार मेला कल

**शाहजहांपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 26 सितंबर को सुबह 10.30 बजे ओशो ध्यान-विज्ञान महाविद्यालय म्यूना, खुदागंज परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र की 25 कम्पनीं 1250 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। उक्त रोजगार मेले में 18 वर्ष से 40 वर्ष के तक के हाईस्कूल, इन्टर, स्तानक तथा आईटीआई, जीटीआई उत्तीर्ण कम्प्यूटर दक्ष अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक, तकनीकि प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां, बायोडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ सुबह 10.30 बजे ओशो ध्यान-विज्ञान महाविद्यालय, म्यूना, खुदागंज में उपस्थित होकर रोजगार मेंले प्रतिभाग कर सकते है। जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने दी।

# राइस मिलर्स की समस्याओं को लेकर मंत्रियों से मिले पंकज गुप्ता

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



राइस मिलर्स एवं धान किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ राइस मिलर पंकज गुप्ता ने खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज पांडे एवं सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। मंगलवार को एसोसियेशन अध्यक्ष व एमएलसी सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारी लखनऊ पहुंचे और मंत्री गण से अलग अलग भेंट की। तिलहर के राइस मिलर व पूर्व प्रांतीय सचिव पंकज गुप्ता ने बताया कि संगठन की ओर से राइस मिलर्स के लंबित भुगतानों का समयबद्ध निस्तारण, सरकारी धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था में सुधार, पीडीएस के लिए प्रदेश में धान खरीद बढ़ाने, पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान खरीद नीति की विसंगतियां दूर करने सहित कई समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री एकांश गुप्ता, पंकज, हिमांशु गुप्ता, निखिल, शिव शंकर गुप्ता भोले, राजेश गुप्ता आदि राइस मिलर शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत



**बंडा, शाहजहांपुर।** छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने गए युवक का शव नाले में पड़ा मिला। 3 घंटे बाद सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। गांव बरी के सतीश (42) बुधवार शाम सात बजे अपने खेत पर फसल की रखवाली करने गए थे। पेट्रोल पंप के सामने नाले में उनका शव पड़ा था। गांव के एक व्यक्ति ने देखा और पंप के चैकीदार को बताया। चैकीदार ने अपने मालिक को सूचना दी। पंप मालिक ने सतीश के घर वालों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे घर वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज देखकर पड़ताल की और शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सतीश अपने 6 भाई बहनों में सबसे छोटा था। सतीश के पिता राम भरोसे की मौत हो चुकी है। माता कलावती, पत्नी रीना देवी, पुत्री कामिनी, पुत्र रिशू, प्रांशु, और प्रशांत का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद लगता है कि वह नाले की पुलिया पर लेटा हुआ था। गिरकर मौत होने की आशंका है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### उड़ान संस्था ने मरीजों को चादरें भेंट की



**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने मोहम्मदी स्थित श्राफ आंख के अस्पताल में 51 चादरें मरीजों के लिए भेंट की गई। वैसे तो पिछले दो वर्षों से संस्था श्राफ अस्पताल के साथ जुड़कर कार्य कर रही है और कई बार नेत्र रोगियों के लिए निरूशुल्क कैम्प आयोजित कर चुकी है। जिसमे डा. श्रॉफ की टीम के साथ मिलकर सैकड़ों मरीजों को निशुल्क आपरेशन की सुविधा प्रदान कर चुकी है। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि डा. श्रॉफ के अस्पताल को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई बहुत ही साफ सुथरा और आधुनिक सुविधाओं के साथ नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा देना बहुत सराहनीय है।

### दहेज हत्या में पति और सास गिरफ्तार




**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** दहेज हत्या के मामले में परशुरामपुरी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 22 सितंबर को पीडित ने तहरीर दी थी कि उसकी बहन ममता को अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित कर फांसी पर लटका कर मार दिया गया। इस पर थाना परशुरामपुरी में मुकदमा राहुल पुत्र वीरपाल, वीरपाल, रेखा, नेहा गौतम व डेविड निवासी ग्राम रुस्तमपुर चक के खिलाफ केस दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 23 सितंबर को सुबह 11 बजे घर पर दविश देकर मुख्य अभियुक्त पति राहुल (29) और सास रेखा (50) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तारी टीम में उ.नि. यशपाल सिंह, का. सूरज कुमार, का. प्रिंस कुमार व म.का. विनय सोलंकी शामिल रहे।

### बाइक से फिसलने से लेखपाल गंभीर घायल

**तिलहर – शाहजहांपुर।** बाइक से फिसलकर लेखपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 10 बजे मोहल्ला मधुबन कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय अखिलेश मिश्रा घर का सामान लेकर लौट रहे थे। इस दौरान तिलहर–निगोही संपर्क मार्ग स्थित रेलवे फाटक पार करते समय पटरी पर उनकी बाइक का पहिया फिसल गया, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा सूचना देने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता अभियान, रोस्टर जारी

**शाहजहांपुर।** जनपद में 25 सितंबर से 1 अक्टूबर के मध्य विशेष जागरूकता अभियान विषय पर विभिन्न–विभिन्न विद्यालयों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों के आयोजन किए जाएगें। जनपद न्यायाधीश द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों का एक रोस्टर तैयार किया गया है। जिसमें 10 विद्यालय का चयन किया गया है। स्वामी शुक्देवानन्द विश्वविद्यालय, गांधी फैज–ए–आम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आर्य महिला डिग्री कालेज, इस्लामियां इण्टर कालेज, आर्य कन्या इण्टर कालेज, किश्यिचन गर्ल्स इण्टर कालेज, राजकीय इण्टर कालेज, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, देवी प्रसाद इण्टर कालेज, डा.सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर इण्टर कालेज में जागरूकता अभियान में शामिल होगें। न्यायाधीश द्वारा न्यायिक अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार उपरोक्त विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम को सम्पादित कराने के लिए निर्देशित किया गया।

# सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक मीट में मीरी पीरी खालसा एकेडमी का दबदबा, 12 पदक जीते

- आयुष कुमार ने 800 व 1500 मीटर में झटके दो स्वर्ण
- रिले दौड़ में बालक टीम को रजत और बालिकाओं को मिला कांस्य पदक

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।**



मीरी पीरी खालसा एकेडमी, गहलुइया के छात्र-एथलीटों ने खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मैनपुरी स्थित पैराडाइज पब्लिक स्कूल में 17 से 20 सितंबर तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर चतुर्थ एथलेटिक मीट में एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के अंडर 17 बालक वर्ग में एकेडमी के धावक आयुष कुमार ने शानदार खेल दिखाते हुए 800 मीटर और 1500 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग की 4.400 मीटर रिले दौड़ में टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए रजत पदक हासिल किया। इस रिले टीम में अनमोलप्रीत सिंह, आयुष कुमार, भूपिंदर सिंह एवं सुखराज सिंह शामिल रहे। बालिका वर्ग के अंडर 17 वर्ग की 4.400 मीटर रिले स्पर्धा में भी एकेडमी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। कांस्य पदक विजेता टीम में अंशप्रीत कौर, रूपिंदर कौर, गुरसाखी और प्रांशी यादव शामिल रहीं। एकेडमी के खेल कोच मखिंदर सिंह के कुशल मार्गदर्शन और कठोर प्रशिक्षण के तहत इन खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया है। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर मीरी पीरी खालसा एकेडमी के प्रधानाचार्य दलविंदर सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों और कोच को बधाई दी। उन्होंने प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह शानदार उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी एकेडमी और क्षेत्र का मान बढ़ाएंगे।

# नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन



**बंडा, शाहजहांपुर।** इंटरलॉक में मानक के अनुरूप सामग्री नहीं डाले जाने से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विधायक चेतराम से जांच कराए जाने की मांग की है। गांव बरीबरा के नेपाल, मुन्नेलाल, जगबीर सिंह, संतराम, काका सिंह, सोनू सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव से इंटर कॉलेज तक 1 किलोमीटर लंबी इंटरलॉक त्वरित योजना के अंतर्गत डलवाई जा रही है जिसमें ठेकेदार मानक के अनुरूप सामग्री नहीं डलवा रहा है मामूली पत्थर और रेता की जगह मिट्टी राबिश की बनी ईंटे बिछाई जा रही है ग्रामीणों की शिकायत पर जेई श्याम सुंदर ने मोके का निरीक्षण किया और 10 मी बिछी इंटरलॉक उखड़वाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मानक के अनुसार सामग्री डालकर कुटाई कर इंटरलॉक बिछाई जाए यदि सामग्री कम पड़ी तो ठेकेदार का भुगतान नहीं किया जाएगा।

## ई-रिक्शा अचानक मोड़ा बाइक से टक्कर, चार घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** लखनऊ-पलिया हाईवे किनारे मार्केट में ई-रिक्शा चालक द्वारा बिना पीछे देखे रिक्शा मोड़ने से शहर की ओर से आ रही बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक व ई-रिक्शा में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को 108 एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। थाना शाहाबाद के मोहल्ला खत्ता निवासी कुनाल अपने भाई गोलू और अंकुश के साथ रौजा क्षेत्र में पशु बाजार देखकर लौट रहे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे मार्केट में आगे चल रहे ई-रिक्शा ने अचानक मोड़ लिया, जिससे टक्कर हो गई। ई-रिक्शा में सवार दिवाइयापुर निवासी अजीत सिंह की पत्नी रूचि सिंह व बाइक सवार तीनों भाई घायल हो गए। समाचार लिखे जाने तक तहरीर नहीं दी गई थी।

## श्रीगणेशोत्सव का मूर्ति विसर्जन के साथ समापन



**कांट, शाहजहांपुर।** नवादा इन्देपुर गांव की नई कॉलोनी में आयोजित श्रीगणेशोत्सव का बृहस्तिवार को गणेश मूर्ति विसर्जन के साथ समापन हो गया। इस दौरान ढोल नगाड़े के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए विसर्जन यात्रा निकाली गयी। यात्रा केशवकुंज, राजकीय मेडिकल कॉलेज, अजीजगंज होते हुए गर्रा घाट स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास पहुंची। यहां पंडित कृष्णमोहन मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश विसर्जन किया गया। यात्रा वसु मिश्रा, प्रदीप यादव, देवमणि दीक्षित, अर्पिता मिश्रा, शिवा, नैना, पाखी आदि शामिल रहे।

# आपदा प्रबंधन–प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




मानसून पूर्व तैनाती के अंतर्गत 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल गाजियाबाद की टीम द्वारा 24 सितम्बर को रेनेसां एकेडमी तिलहर में आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण तथा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आईएनएसपी शिवकली धुर्वे एवं एएसआई धर्मेंद्र सिंह एनडीआरएफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम सुरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य की उपस्थिति में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्राथमिक उपचार, रक्तस्राव नियंत्रण, फ्रैक्चर की स्थिति में स्प्लिंटिंग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव एवं राहत कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालय में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता, प्राथमिक उपचार संबंधी कौशल, स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी तथा जनजागरूकता एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण की भावना विकसित करना रहा। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह द्वारा टीम का आभार व्यक्त किया गया।

## प्रेम किशन खन्ना महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** शासन के निर्देश पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को भाषण प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का विषय ष्मेरे सपनों का भारतरू विकसित भारत की संकल्पना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएंष् रहा। मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. डॉ. अवधेश कुमार ने कहा कि अभियान का मूल मंत्र जन सेवा ही प्रभु सेवा है। प्रतियोगिता में अनन्या गुप्ता प्रथम, कमलजीत कौर द्वितीय, अमृता देवी तृतीय रहीं। अंजली राजपूत व अंशिका वर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। संयोजक यादवेन्द्र कुमार आर्य ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सभी की भागीदारी जरूरी है। छात्रों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान डॉ. जयेंद्र कुमार, पवन कुमार यादव, सत्य प्रकाश दुबे, साहिबा, सृष्टि गुप्ता, नितिन कुमार, योगेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।




# आरवीएम इंटर कॉलेज में मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस, स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**




आरवीएम इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अशोक गंगवार ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना , उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने कहा कि एनएसएस का मूल मंत्र ष्स्वयं से पहले आपष् है, जो छात्रों में सेवा भाव, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करता है। प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। सेवा भाव से ही सच्चे नागरिक का निर्माण होता है। प्रवक्ता गायत्री गंगवार का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया । इस मौके पर शिक्षिका फरहीन खान व नम्रता सिंह शामिल रहीं।

## घर में घुसकर चोरी और मारपीट का आरोप

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव बोरी नई बस्ती गांव में एक महिला ने युवक पर रात में घर में घुसकर चोरी करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि शिकायत देने के बावजूद उसे पिछले सात दिनों से पुलिस कार्रवाई के लिए थाने के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। महिला के मुताबिक, 16–17 सितंबर की रात करीब एक बजे गांव का ही आकाश, जो दुर्विजय का पुत्र बताया गया है, कथित रूप से चोरी के इरादे से उसके घर में घुस आया। उस समय महिला रामगुनी घर में जाग रही थी। महिला और उसके बच्चों ने जब युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोप है कि उसने गाली–गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। महिला का यह भी आरोप है कि घटना के बाद घर में रखा बैग देखने पर उसकी बेटी के कुंडल गायब मिले। महिला ने आरोप लगाया कि युवक कुंडल भी ले गया। आवेदन में महिला ने यह भी कहा है कि उक्त युवक पहले भी उसके घर में घुसकर चोरी कर चुका है। पीड़िता के अनुसार, उसने 17 सितंबर को मदनापुर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन करीब सात दिन बीत जाने के बाद भी उसे कार्रवाई के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली। महिला का कहना है कि वह लगातार थाने के चक्कर लगा रही है। गुरुवार को महिला दोबारा थाने पहुंची और पुलिस के सामने अपनी पूरी बात रखते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई तथा अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

- सात दिन से थाने के चक्कर लगा रही महिला

# युवा कांग्रेस ने शुकदेवानंद विवि के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया

- कुलसचिव वीके मौर्या को मांग पत्र सौंपकर चेतावनी
- अब छात्रों के हक के लिए उग्र आंदोलन होंगे

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी एड.के नेतृत्व में मुमुक्षु आश्रम बाजार में एकत्रित होकर शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों-छात्राओं के हितों की लगातार अनदेखी किए जाने का जोरदार विरोध दर्ज कराया।धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं ने सेमेस्टर फीस के अनुचित दबाव, स्कॉलरशिप फॉर्म भरने में बाधा, छात्रावास को गेस्ट हाउस बनाने, विषयवार शिक्षकों की भारी कमी, गर्ल्स कॉमन रूम की अपर्याप्त व्यवस्था, शौचालय व पेयजल की खराब स्थिति तथा अन्य गंभीर समस्याओं को लेकर नारेबाजी की।इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी एड. ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के जायज मुद्दों पर बार-बार आश्वासन तो देता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं करता। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप छात्र का वैधानिक अधिकार है। सेमेस्टर प्रणाली होने के बावजूद सालाना फीस का दबाव बनाना और स्कॉलरशिप फॉर्म न भरने का आवेदन लेने के बाद ही किस्तों में फीस स्वीकार करना पूर्णतः गलत है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब भविष्य में छात्रों के हित मे नरम आंदोलन नहीं होंगे। यदि मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी,जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। जिला सचिव दीपांश वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों से अधिक फीस वसूलने के बावजूद बुनियादी सुविधाएँ शून्य हैं। अंधेरे कमरों में बिना पंखे और बिजली के पढ़ाई करवाना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन जनरेटर की व्यवस्था नहीं कर सकता तो छात्रों की पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। छात्र नेत्री वीना भारती ने कहा कि यूजीसी द्वारा छात्रावास हेतु दिए गए अनुदान के बावजूद उसे गेस्ट हाउस बनाना स्पष्ट रूप से महिला-विरोधी रवैया है। विषयवार शिक्षकों की कमी और गर्ल्स कॉमन रूम की अपर्याप्त व्यवस्था छात्रों-छात्राओं के शोषण को दर्शाती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल इन मांगों को मानने की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा, अंकित मिश्रा एड, जिला महासचिव शिवओम मिश्रा, इरशाद खान, महानगर अध्यक्ष शाहनवाज खान, जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई शाकिब खान, हिमांशु मुदगल, फरमान खान, रवि नंदन, धर्म कुमार, अंकुर दीक्षित, हसीन वासित, शिवांश मिश्रा एड, निखिल दीक्षित,नितिन तिवारी आदि मौजूद है।

# आयुष शिविर का हुआ आयोजन




**कांट, शाहजहांपुर।** कुर्रिया कलां गांव के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा लोक भारती इण्टर कॉलेज में बुधवार को आयुष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 71 रोगियों की जांच कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। कैंप का आयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशन में हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य पुनीत कुमार मिश्रा, डॉ रामशंकर पटेल, विनय कुमार मिश्र, मनोज वर्मा, कुश शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

# हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

- होटल में युवती का वीडियो बनाने और वायरल करने की धमकी देने का आरोप




समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।

होटल में दोस्त के साथ बैठी युवती का वीडियो बनाने और लव जिहाद बताकर उसे वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक युवती ने हिंदू रक्षा दल के युवा विंग के जिला अध्यक्ष नीरज वर्मा समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में बाईपास चौराहे के पास स्थित एक होटल में युवती अपने दोस्त के साथ बैठी थी। इसी दौरान हिंदू रक्षा दल के युवा विंग के जिला अध्यक्ष नीरज वर्मा अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने युवक और युवती पर लव जिहाद का आरोप लगाते हुए उनका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। जांच में दोनों के हिंदू पाए गए। इसके बाद युवती ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि नीरज वर्मा और उनके साथियों ने उसका वीडियो बनाया। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए तथा वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। पुलिस ने गुरुवार को नीरज वर्मा समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पूर्व हाईवे जाम कर यातायात बाधित करने के मामले में नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला की ओर से हिंदू रक्षा दल के जिला अध्यक्ष नीरज वर्मा समेत तीन नामजद और 10-15 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है।

# संतुलित आहार का महत्व विषय पर सेमिनार

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




जीएफ कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग में जीवन के विभिन्न चरणों में संतुलित आहार का महत्व विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने शोधपत्रों के माध्यम से किशोरावस्था, प्रौढ़ावस्था एवं वृद्धावस्था में संतुलित आहार की आवश्यकता, पोषण संबंधी समस्याओं तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक चरण में शरीर की पोषण संबंधी आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं। इसलिए आयु, शारीरिक गतिविधि और स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार आहार का चयन किया जाना चाहिए।हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो फ़ैयाज़ अहमद ने कहा कि संतुलित आहार केवल बीमारियों से बचाव का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का आधार भी है।किशोरावस्था में पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा, प्रौढ़ावस्था में संतुलित एवं नियंत्रित आहार तथा वृद्धावस्था में सुपाच्य और पोषक भोजन विशेष रूप से आवश्यक है।गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सोनी वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और फास्ट फूड के बढ़ते प्रचलन के कारण संतुलित आहार के प्रति जागरूकता आवश्यक हो गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को दैनिक भोजन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।सेमिनार के अंतर्गत आयोजित शोधपत्र प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में आएशा ने प्रथम, शिवांगी ने द्वितीय तथा नेहा और आरजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंतशा और इकरा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर साबिरा सुल्ताना,डॉ शाजिया अंसारी, विदुषी गुप्ता सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बीज प्राप्त करने के आनलाइन कराएं पंजीकरण

शाहजहांपुर। उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के अन्तर्गत संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम हेतु लक्ष्य के सापेक्ष हिन्दुस्तान इंसेक्टिसाइड लि. द्वारा मसाला मिर्च एवं पातगोभी बीज तथा राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) द्वारा ग्लैडियोलस बल्ब एवं सतावर बीज और अनुसूचित जाति, जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना के अन्तर्गत संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम हेतु लक्ष्य के सापेक्ष हिन्दुस्तान इंसेक्टिसाइड लि. द्वारा करेला, लौकी, मसाला मिर्च एवं शिमला मिर्च बीज प्राप्त हो चुके है। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन हेतु भू अभिलेख, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जाति,जनजाति कृषकों के लिए छायाप्रति, पासपोर्ट फोटोग्राफ एवं मोबाइल नं. होना आवश्यक है। अतः सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि योजना का लाभ प्राप्त करने व विस्तृत जानकारी हेतु प्रभारी श्री विमल देवल के मोबाइल नंबर 8960416449, राकेश कुमार मोबाइल नंबर 9026629133 अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में सम्पर्क कर सकते है। जानकारी जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने दी।

## खबरें एक नजर में

### शंकर महाराज मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर विवाद

परशुरामपुरी, जलालाबाद। प्राचीन शंकर महाराज मंदिर परिसर में जीर्णोद्धार को लेकर विवाद बढ़ गया है। पुजारी गौरीशंकर त्रिवेदी शास्त्री ने जीर्णोद्धार रोकने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पुजारी ने समाधान दिवस में डीएम और एसडीएम को पत्र देकर बताया कि मंदिर 1968 से स्थापित है। जलभराव और आवारा पशुओं की समस्या से निजात के लिए भक्तों के सहयोग से बाउंड्रीवाल व सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। आरोप है कि स्थानीय एक युवक द्वारा जमीन पर कब्जे की नीयत से बाधा डाली जा रही है। 18 सितंबर को संध्या आरती के दौरान अभद्रता कर निर्माण रोकने व जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत पर एसडीएम के संज्ञान लेने के बाद कोतवाली प्रभारी ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया और निर्देश दिए कि समाधान होने तक पुजारी व मंदिर के कार्य में बाधा न डाली जाए। पुजारी ने बताया कि उनके पिता ने पूरा जीवन मंदिर सेवा में दिया, उनकी मृत्यु के बाद पिछले 4 साल से वे सेवा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने निर्माण निर्बाध पूरा कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### 12 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले की पांच थाना पुलिस ने 12 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कमलापुर में 2, अटरिया में 2, रामकोट में 3, सिधौली में 2 तथा कोतवाली देहात पुलिस ने 3 वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्त संबंधित न्यायालयी वादों में वांछित/वारंटी थे। गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### नौरंगाबाद में बनेगा एक करोड़ की लागत से 'गौरव पथ'

लखीमपुर। शहर के वार्ड नौरंगाबाद में चीनी मिल के पास स्थित शाहपुरा कोठी से नौरंगाबाद चौराहे तक करीब 700 मीटर लंबी सड़क को गौरव पथ के रूप में विकसित किया जाएगा। नगर पालिका के प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिल गई है बजट मिलते ही निर्माण शुरू होगा, सड़क का चौड़ीकरण कर दोनों ओर फुटपाथ और आकर्षक लाइटें लगाई जाएंगी, मार्ग को हाटमिक्स से तैयार किया जाएगा, गौरव पथ के निर्माण पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# रेलवे ब्रिज की पुताई के दौरान सीढ़ी से गिर जाने से दो युवक घायल

- एक जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

तिलहर-शाहजहांपुर। रेलवे स्टेशन पर ब्रिज की पुताई करते समय सीढ़ी से गिर जाने से दो मजदूर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर एक को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को रेलवे स्टेशन के ब्रिज की खुदागंज के ग्राम भुढ़िया निवासी 26 वर्षीय अनंतराम सीढ़ी पर चढ़ पेंट कर रहा था। जबकि उसका साथी ग्राम देवरास निवासी 30 वर्षीय सूरज सीढ़ी पकड़े हुए था। अचानक सीढ़ी फिसल जाने से दोनों नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों



घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में अनंतराम को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जबकि सूरज को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। अनंत राम न बताया कि वह बरेली के एक ठेकेदार के अंडर में काम करते हैं।

## सीएचसी कलान में दवाओं की किट का वितरण किया गया

मिर्जापुर/कलान (शाहजहांपुर)। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कलान डॉ. आर्येंद्र सिंह यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी कीट्स का वितरण किया गया। डॉ. आर्येंद्र यादव ने सीएचसी में आए रोगियों को फाइलेरिया रोग से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. आर्येंद्र ने कहा कि वर्ष में चार बार 12-12 दिन दवा का सेवन, 6 महीने में एक बार एल्बेंडाजोल का सेवन करने तथा हाथ-पैर का व्यायाम करने से फाइलेरिया रोग से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यक्तियों को भी फाइलेरिया से बचाव के लिए एमडीए/आईडीए कार्यक्रम जो पिछले कई वर्षों से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु एक खुराक दवा का सेवन करने के लिए पीएचसी पर आये हुए लोगों को प्रेरित किया गया। मेडिकल कीट्स वितरण के समय फाइलेरिया निरीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम और सीएचसी के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रात में शीशम की लकड़ी काटने की सूचना पर पहुंची पुलिस

- चौकी पर रखवाई गई लकड़ी

सिंधौली, शाहजहांपुर। शिवनगर क्षेत्र में रात के अंधेरे में शीशम की लकड़ी काटे जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर काटी जा रही लकड़ी को कब्जे में लिया और कोरोकुइया चौकी पर रखवा दिया। बताया गया कि विगत दिनों शिवनगर में शीशम का पेड़ काटा गया था। उसकी कुछ लकड़ी मौके पर बची हुई थी। बुधवार रात कुछ लोगों द्वारा इसी लकड़ी को काटे जाने की जानकारी ग्रामीणों को हुई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लकड़ी को कब्जे में लेकर कोरोकुइया चौकी पहुंचाया। वन रेंजर वीरेश राव ने बताया कि उन्हें इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। यदि लकड़ी काटे जाने की बात है तो मामले को दिखवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में जब शिवनगर में शीशम की लकड़ी काटी गई थी, तब लेखपाल को सूचना दी गई थी। उस समय लकड़ी राजस्व विभाग की भूमि से संबंधित बताई गई थी। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि शीशम की जड़ का कुछ हिस्सा बचा हुआ था, जिसे कुछ लोग काट रहे थे। पुलिस ने लकड़ी को कब्जे में लेकर कोरोकुइया चौकी पर रखवा दिया है।

# पराली जलाई तो प्रधान और कर्मचारियों की भी तय होगी जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज, सीतापुर।

- डीएम ने दिए सख्त निर्देश
- ग्राम पंचायतों में एक सप्ताह के भीतर बैठक कर किसानों को दिलाया जाएगा पराली न जलाने का संकल्प

फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि खेतों में पराली, गन्ने की पत्तियां अथवा अन्य फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ ही मिट्टी की उर्वरता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मृदा का तापमान बढ़ने से उपयोगी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं और मिट्टी में जैविक पदार्थ की मात्रा लगातार कम होती है। डीएम ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में प्रत्येक ग्राम सभा में प्रधान, राजस्व, कृषि, ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त समिति गठित की गई है। समिति गांवों में किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और इसके उचित प्रबंधन के तरीकों की जानकारी देगी। साथ ही बैठकों, गोष्ठियों, वॉल पेंटिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

**पराली जली तो तत्काल पहुंचेगी टीमः** प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि किसी गांव में पराली जलाने की घटना सामने आते ही तत्काल आग बुझाने की कार्रवाई कर संबंधित थाना और तहसील को सूचना दी जाए। कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई वाले खेतों की निगरानी भी की जाएगी। एक हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले तथा पराली जलाने की संभावना वाले किसानों की सूची तैयार कर उन्हें पहले से सचेत किया जाएगा। बिना सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के कंबाइन हार्वेस्टर चलाए जाने की जानकारी मिलने पर भी तत्काल संबंधित थाना और तहसील को सूचित करने के निर्देश हैं।

**गोशालाओं तक पहुंचाई जाएगी पराली:** गांवों में उपलब्ध पराली को एकत्र कर नजदीकी गोशालाओं तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए मनरेगा अथवा वित्त आयोग से उपलब्ध धनराशि का उपयोग किया जा सकेगा। किसानों को मल्चर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रॉ चॉपर और जीरो ट्रिल सीड ड्रिल जैसे कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड में अनुदान पर स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर और फार्म मशीनरी बैंक से इन यंत्रों की उपलब्धता के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी।

**एक सप्ताह में होगी ग्राम पंचायतों में बैठक:** डीएम ने सभी ग्राम पंचायतों में एक सप्ताह के भीतर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में समिति सदस्यों और किसानों की बैठक कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर खंड विकास अधिकारी कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा। बैठक में किसानों को पराली न जलाने का संकल्प भी दिलाया जाएगा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समिति में शामिल सभी कर्मचारी ग्राम प्रधान के लगातार संपर्क में रहकर अभियान को प्रभावी बनाएं और किसी भी दशा में पराली जलाने की घटना न होने दें। यदि किसी ग्राम सभा में पराली जलाने की घटना सामने आती है तो संबंधित प्रधान और समिति के कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। तहसील स्तर पर इसकी निगरानी की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम और उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी की होगी।

# एमएलसी चुनाव को लेकर शहर से हटाए राजनीतिक होर्डिंग-पोस्टर

लखीमपुर। स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों के बीच प्रशासन ने शहर में लगे राजनीतिक होर्डिंग और पोस्टर हटाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार की अगुवाई में नगर क्षेत्र में अभियान चलाया गया। टीम ने विभिन्न स्थानों पर लगे राजनीतिक दलों और संभावित प्रत्याशियों से संबंधित होर्डिंग, पोस्टर व अन्य प्रचार सामग्री को हटवाया। अभियान के दौरान सदर लेखपाल राजेश शुक्ला, लेखपाल भीमरतन और लेखपाल अजीत कुमार मौजूद रहे। नगर पालिका की ओर से फैज खान, अमित सोनी समेत कर्मचारी अभियान में शामिल रहे।




टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर लगे प्रचार सामग्री को हटाने की कार्रवाई की। दरअसल, स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए 29 सितंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी है। 23 अक्टूबर को मतदान और 27 अक्टूबर को मतगणना प्रस्तावित है। चुनाव कार्यक्रम नजदीक आने के साथ ही प्रशासन ने शहर में राजनीतिक प्रचार सामग्री को लेकर निगरानी बढ़ा दी है।

# चांदी बताकर गिलट गिरवी रखने पहुंची महिला पकड़ी गई



लखीमपुर। मेला मैदान चौराहे स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान पर गुरुवार को ठगी का मामला सामने आया। दुकान मालिक ने चांदी बताकर धातु गिरवी रखने पहुंची एक महिला को पकड़ लिया। दुकानदार के अनुसार महिला समेत सात-आठ लोग पहले भी इसी तरह की धातु गिरवी रखकर रुपये ले जाते रहे हैं। धीरे-धीरे दुकान पर ऐसी धातु की मात्रा करीब आठ से नौ किलो हो गई। शक होने पर दुकानदार ने धातु की जांच कराई तो वह चांदी के बजाय गिलट निकली। इसके बाद दुकानदार ने महिला को रोककर पुलिस को 112 सेवा को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम से मिले व्यापारी नेता, स्वागत के साथ उठे कारोबार से जुड़े मुद्दे

- व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया अभिनंदन
- प्रशासन और व्यापारी समाज के बीच बेहतर तालमेल पर जोर

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।



जिले का कार्यभार संभालने के अगले ही दिन नवागत जिलाधिकारी आलोक कुमार से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल और प्रदेश मंत्री अश्विनी अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डीएम का अभिनंदन किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान केवल औपचारिक स्वागत तक बात सीमित नहीं रही, बल्कि व्यापारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। प्रदेश मंत्री अश्विनी अग्रवाल और जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने व्यापारिक समुदाय की समस्याओं को जिलाधिकारी के सामने रखते हुए उनके समयबद्ध निस्तारण की अपेक्षा जताई। साथ ही प्रशासन और व्यापारियों के बीच लगातार संवाद बनाए रखने तथा बेहतर समन्वय से काम करने पर जोर दिया गया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि जिले की अर्थव्यवस्था को गति देने में व्यापारी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशासन और व्यापारियों के बीच सहयोग का वातावरण मजबूत होने से व्यापारिक गतिविधियों को भी सकारात्मक दिशा मिल सकती है। संगठन की ओर से भरोसा जताया गया कि नवागत जिलाधिकारी के कार्यकाल में व्यापारी समस्याओं पर प्रभावी संवाद और समाधान की प्रक्रिया को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अश्विनी अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल व अंकुर अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन लोधी, अखिलेश शुक्ला, कार्तिक भसीन, राजेंद्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, हरदेव नेगी, जिला उपाध्यक्ष रवि बजाज, प्रेमचंद गोयल, सूरज गुप्ता, रवि अग्रवाल पीपल वाले, आलोक बंसल मेडिकल, जिला मंत्री रचित अग्रवाल, निमित अग्रवाल, ताहिर अली, कौशल कुमार, अमृत पाल सिंह पप्पू, जिला संगठन मंत्री देवदास शर्मा, रचित गुप्ता, गोल्डी, पवन अग्रवाल सर्राफ, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, युवा जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, युवा कोषाध्यक्ष अभिसचित मिश्रा, युवा संगठन मंत्री मनीष खंडेलवाल, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर महामंत्री विकास अवस्थी, नगर संगठन मंत्री सुनील गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष विकास शर्मा, लाड़ कृष्ण, जिला उपाध्यक्ष करणजीत सिंह, पूरनपुर से निमिष अग्रवाल तथा बीसलपुर नगर अध्यक्ष बृजेंद्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अंश शुक्ला ने सीबीएसई ईस्ट ज़ोन क्रिकेट टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण पदक

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



Ajmani International School के छात्र अंश शुक्ला ने CBSE East Zone Cricket Tournament में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अंश शुक्ला एक प्रतिभाशाली युवा क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जो पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट में लगातार मेहनत और अभ्यास कर रहे हैं। उनके पिता अनंत कुमार शुक्ला धौरहरा के रहने वाले हैं। अंश के क्रिकेट प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में उनके कोच श्री अनिल सिंह का महत्वपूर्ण योगदान है। CBSE ईस्ट ज़ोन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन प्रयागराज के विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें करीब 1000 से अधिक बच्चों ने भाग लिया था।उनके कोच अनिल सिंह ने बताया कि बेहतरीन प्रदर्शन के बाद अंश ने राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया है। राष्ट्रीय चयन के अगले चरण में पहुंचना उनके क्रिकेट करियर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी जो कि तमिलनाडु में आगामी माह में आयोजित होगी। अंश शुक्ला के परिवार, विद्यालय और कोच अनिल सिंह ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और आगामी राष्ट्रीय चयन के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

# विहिप-बजरंग दल ने गांव-गांव संगठन विस्तार का बजाया बिगुल

- 27 सितंबर तक चलेगा तीन दिवसीय प्रवास अभियान
- सेवा-संपर्क और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर जोर

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने के लिए तीन दिवसीय प्रवास अभियान की व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। 25, 26 और 27 सितंबर को जिलेभर में प्रस्तावित अभियान के दौरान कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर संपर्क अभियान चलाएंगे। सेवा कार्यों को विस्तार देने, स्थानीय इकाइयों को सक्रिय करने और नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने को लेकर बुधवार को पूरनपुर स्थित शिशु मंदिर में विहिप जिला कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। क्षेत्रवार जिम्मेदारियां तय करने के साथ ही प्रवास के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क बढ़ाने, सेवा गतिविधियों को गति देने और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने की रणनीति बनाई गई।बैठक का नेतृत्व विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र जी भाई साहब और जिला संगठन मंत्री ललित जी भाई साहब ने किया।



अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमरीश मिश्रा जी भाई साहब ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री प्रवीन मोहन जी ने किया। बैठक की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष रूम सिंह जी ने संभाली।

**तीन दिन तक क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे कार्यकर्ता:** बैठक में तय किया गया कि 25 से 27 सितंबर तक कार्यकर्ता अपने निर्धारित क्षेत्रों में प्रवास कर लगातार संपर्क अभियान चलाएंगे। इसके लिए स्थानीय स्तर पर टीमों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। कार्यकर्ता गांव और मोहल्लों तक पहुंचकर लोगों से संवाद करेंगे तथा संगठन के सेवा एवं सामाजिक कार्यों से अवगत कराएंगे।अभियान का उद्देश्य केवल बैठकों तक सीमित रहने के बजाय संगठन की गतिविधियों को सीधे समाज के बीच ले जाना रखा गया है। नए संपर्कों को मजबूत करने और इच्छुक लोगों को संगठन से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**जमीनी सक्रियता को बनाया संगठन की मजबूती का आधार:** बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार उसकी जमीनी इकाइयां और सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। इसलिए, प्रखंड स्तर से लेकर गांव तक कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और नियमित संपर्क जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए तीन दिवसीय प्रवास अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही स्थानीय इकाइयों को नियमित रूप से सक्रिय रखने और संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

**सेवा और सामाजिक जागरूकता को मिलेगा विस्तार:** बैठक में सेवा कार्यों को संगठन के सामाजिक संपर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए इनके विस्तार पर भी चर्चा की गई। जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक सहभागिता और जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के बीच निरंतर संपर्क और सेवा गतिविधियों के माध्यम से संगठनात्मक जुड़ाव को मजबूत किया जा सकता है।

## नवनियुक्त जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य का श्री परम अक्रियधाम में विधायक ने किया आत्मीय स्वागत



पीलीभीत। जनपद के नवनियुक्त जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य के प्रथम बार पीलीभीत आगमन पर खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रियधाम आश्रम में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। आश्रम पहुंचने पर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि संगठन की जिम्मेदारी हमेशा सेवा, समन्वय और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की होती है। हर्षवर्धन आर्य के अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण से जनपद में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने उनके सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल से संगठन को और मजबूती मिलेगी। इसके बाद हर्षवर्धन आर्य ने श्री परम अक्रियधाम में विराजमान प्रभु अलखेश्वरनाथ महादेव के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की तथा महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम परिसर में हुए इस आत्मीय मिलन के दौरान संगठनात्मक दायित्व, जनसेवा और सामाजिक सरोकारों को लेकर भी चर्चा हुई। महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि पीलीभीत में संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का समन्वय जरूरी है और नई जिम्मेदारी के साथ हर्षवर्धन आर्य निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का काम करेंगे।

## आयोग पर सवाल, भरोसे की कसौटी

निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर विपक्ष के आरोप और आयोग की सर्वसम्मति वाली सफाई के बीच असली प्रश्न राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर पारदर्शिता और संस्थागत विश्वसनीयता का है भारतीय लोकतंत्र में निर्वाचन आयोग केवल चुनाव कराने वाली संस्था नहीं है। वह उस व्यवस्था का प्रहरी है, जिसके माध्यम से जनता अपनी सरकार चुनती है। इसलिए आयोग की कार्यप्रणाली पर उठने वाला प्रत्येक सवाल स्वाभाविक रूप से गंभीर हो जाता है। इन दिनों निर्वाचन आयोग विपक्ष के निशाने पर है। सत्तापक्ष आयोग के बचाव में खड़ा है और आयोग स्वयं कह रहा है कि उसके सभी अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। ऐसे में मूल प्रश्न यह है कि क्या विपक्ष चुनावी संस्था पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक निराशा को स्वर दे रहा है या उसके आरोपों में ऐसे तथ्य भी हैं, जिनका सार्वजनिक स्पष्टीकरण आवश्यक है? इस प्रश्न का उत्तर न तो राजनीतिक आरोपों से मिलेगा और न ही राजनीतिक बचाव से। इसका उत्तर दस्तावेजों, आंकड़ों और निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता से ही निकलेगा। निर्वाचन आयोग का कहना है कि पिछले एक वर्ष में उसके सभी अंतिम निर्णय पूर्ण आयोग की सर्वसम्मति से लिए गए। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि विचार-विमर्श के दौरान अलग-अलग राय या सुझाव सामने आना संस्थागत प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा है। इसी बीच रिपोर्टों में सामने आया कि निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस महीनों में कई मौकों पर कुछ निर्णयों और प्रशासनिक निर्देशों को लेकर लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। इनमें मतदाता पंजीकरण, मतदाता सूची से नाम हटाने और चुनावी सूचना-प्रौद्योगिकी व्यवस्था से जुड़े विषय बताए गए हैं।

यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना होगा। किसी निर्णय से पहले किसी सदस्य की असहमति होना और अंतिम निर्णय पर असहमति होना एक ही बात नहीं है। आयोग यदि कह रहा है कि अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से हुए तो यह उसका स्पष्ट पक्ष है। लेकिन संवेदनशील विषयों पर यदि लिखित आपत्तियां दर्ज हुई हैं तो जनता यह जानना चाहेगी कि उन आपत्तियों पर क्या विचार हुआ और अंतिम निर्णय तक किस प्रक्रिया से पहुंचा गया। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर ने इस विवाद को और गंभीर बना दिया है। आयोग के अनुसार एसआईआर के दौरान 27.16 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए। इनमें से 22.21 लाख लोगों ने अपने नाम फिर शामिल कराने के लिए अपील की। कुल अपीलों की संख्या 38.31 लाख बताई गई है।

इन आंकड़ों को अपने आप में किसी चुनावी गड़बड़ी का प्रमाण नहीं माना जा सकता। मतदाता सूची में मृत, स्थानांतरित या दोहरे नाम रह जाना भी चुनाव की विश्वसनीयता के लिए गंभीर समस्या है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि मतदाता सूची शुद्ध रहे। लेकिन दूसरी ओर किसी वास्तविक और पात्र मतदाता का नाम गलती से हट जाना उसके मताधिकार पर सीधा प्रहार हो सकता है। इसलिए मतदाता सूची के शुद्धीकरण और मताधिकार की सुरक्षा के बीच संतुलन सबसे बड़ी कसौटी है। विपक्ष ने आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के विरुद्ध कार्रवाई और चुनावी प्रक्रिया को लेकर अन्य मांगें भी उठाई हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कई विपक्षी नेताओं ने आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठाए हैं।

दूसरी ओर भाजपा आयोग के बचाव में है। उसका तर्क है कि निर्वाचन आयुक्तों के बीच विचार-विमर्श में अलग-अलग राय होना सामान्य संस्थागत प्रक्रिया है और एसआईआर का अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से हुआ। दोनों पक्षों की राजनीतिक स्थिति अपनी जगह है, लेकिन लोकतांत्रिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी आरोप को केवल इसलिए सच न मान लिया जाए कि वह विपक्ष ने लगाया है और किसी आरोप को केवल इसलिए खारिज न कर दिया जाए कि वह किसी राजनीतिक दल की ओर से आया है। निर्वाचन आयोग को भी यह समझना होगा कि संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता केवल उनके अधिकारों से नहीं बनती। वह पारदर्शिता और जनता के भरोसे से बनती है। यदि आयोग के भीतर किसी निर्णय को लेकर सवाल उठे हैं तो उनका तथ्यात्मक उत्तर राजनीतिक बहस को समाप्त करने की दिशा में अधिक प्रभावी होगा। मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले में यह स्पष्ट होना चाहिए कि कितने नाम मृत पाए गए, कितने मतदाता स्थानांतरित मिले, कितने नाम दोहराव वाले थे, कितने लोगों ने आपत्ति की और कितने नाम बाद में बहाल हुए। इन सवालों के उत्तर राजनीतिक भाषणों से नहीं, आधिकारिक आंकड़ों से मिलने चाहिए। आयोग ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष यह भी बताया है कि बड़ी संख्या में अपीलें दाखिल हुई हैं और मामलों के निस्तारण के लिए अपीलीय व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है। इसका अर्थ है कि मतदाता सूची को लेकर उठे सवाल चुनाव के साथ समाप्त नहीं हो गए हैं। विपक्ष को निर्वाचन आयोग से सवाल पूछने का पूरा अधिकार है। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष संस्थाओं से जवाब मांगता है। लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते समय प्रमाण की कसौटी और कठोर होनी चाहिए। यदि किसी राजनीतिक दल के पास मतदाता सूची या चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता के ठोस प्रमाण हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए और उचित संवैधानिक एवं न्यायिक मंच पर रखा जाना चाहिए। हर चुनाव के बाद निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर संदेह करना संस्थाओं के प्रति जनता के भरोसे को कमजोर कर सकता है। इसी प्रकार सत्तापक्ष के लिए भी केवल यह कह देना पर्याप्त नहीं हो सकता कि आयोग ने सर्वसम्मति की बात कही है, इसलिए सभी प्रश्न समाप्त हो गए।

### दो टूक




# नया भारत डरने वाला नहीं


प्रहलाद सबनानी

हाल ही में अमेरिकी संसद द्वारा भारत एवं चीन सहित कुछ अन्य देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने सम्बंधी कानून को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, क्योंकि, ये देश रूस से कच्चे तेल का भारी मात्रा में आयात कर रहे हैं। अमेरिका के अनुसार, इन देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल के आयात के चलते रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करने की आर्थिक शक्ति प्राप्त हो रही है। जबकि, यूरोपीयन देश एवं अमेरिका स्वयं रूस से गैस एवं अन्य उत्पादों का भारी मात्रा में आयात कर रहे हैं। अर्थात, इन देशों द्वारा रूस से अन्य पदार्थों के आयात करने से रूस को कोई आर्थिक ताकत प्राप्त नहीं होती है, केवल भारत एवं चीन सहित कुछ अन्य देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल के आयात से रूस को आर्थिक शक्ति प्राप्त होती है। अमेरिका का यह दोहरा चरित्र अब पूरे विश्व के सामने प्रदर्शित हो रहा है।

अमेरिका को अब यह समझ लेना चाहिए कि भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 100 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाने का डर दिखा कर एवं भारत को दबाव में लाकर अमेरिका भारत से अपने मनमाफिक निर्णय करवा लेगा, तो आज की बदली हुई परिस्थितियों के बीच यह सम्भव होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिका एवं पूरे विश्व के सामने अब एक नया भारत खड़ा है। अमेरिका दरअसल चाहता है कि भारत उसके कृषि उत्पादों के लिए अपने बाजार खोले ताकि वह भारत को अपने कृषि एवं डेयरी उत्पाद निर्यात कर सके। यदि भारत अमेरिका के इस दबाव में आता है तो भारतीय किसानों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा और केंद्र सरकार भारत के किसानों के हितों की बलि किसी भी कीमत पर देने को तैयार नहीं है। आज, संभवतः अमेरिका को भारत की अधिक आवश्यकता है क्योंकि भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है, जिसके कारण भारत पूरे विश्व में सबसे युवा देशों की श्रेणी में उच्च स्थान रखता है। साथ ही, भारत आज विश्व में विभिन्न उत्पादों का सबसे



बड़ा उपभोक्ता देश बन गया है एवं आगे आने वाले समय में भारत की यही स्थिति लम्बे समय तक बनी रहने वाली है। भारत आज विश्व के अन्य उत्पादक देशों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद आज विश्व में बड़े देशों के बीच सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में जापान ने भारत की सार्वभौमिक क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है। और तो और, अब अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियां भी भारत की सार्वभौमिक क्रेडिट रेटिंग में सुधार करने पर विचार करने को मजबूर हो रही हैं। हाल ही में मूडीज ने वर्ष 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही, जेफरीज ने भी अपने पूर्व अनुमान 6.7 प्रतिशत को सुधारकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत कर दिया है, जबकि भारत ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की है।

भारत के अपने विदेशी उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशने सम्बंधित प्रयास आज सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि, अगस्त 2026 का माह भारतीय निर्यातकों के लिए बहुत शानदार रहा है। वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की चुनौतियों के चलते भी भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में 26.12 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज हुई है। अगस्त 2025 माह में भारत के कुल निर्यात 3,474 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे थे जो अगस्त 2026 में बढ़कर 4,381 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हो गए हैं। फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आरगनाईजेशन के अनुसार, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में हो रही आकर्षक वृद्धि दर भारतीय निर्यातकों की ताकत, प्रतिस्पर्धा व बाजार के हिसाब से ढलने की क्षमता को दर्शाती है। चीन, सिंगापुर, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, तंजानिया, हांगकांग, आस्ट्रेलिया, स्पेन एवं श्रीलंका जैसे बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच भारत के निर्यात बास्केट के विस्तार का संकेत है। आटोमोबाईल निर्यात में 22.2 प्रतिशत की मजबूत बृद्धि दर्ज हुई है, इसमें दोपहिया व तिपाहिया वाहनों का दबदबा रहा है। जेम्स एंड ज्वेलरी के निर्यात में भी 3.14 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल हुई है। इलेक्ट्रॉनिक एवं इंजीनीयरिंग उत्पादों के निर्यात में लगातार वृद्धि भारत की मजबूत स्थिति को दर्शा रही है। विदेशी व्यापार के मामले में भारत विश्व में केवल कुछ देशों (अमेरिका सहित) पर निर्भर रहने के स्थान पर अब अपने विभिन्न उत्पादों के निर्यात के लिए नए नए बाजार तलाश रहा है। केंद्र सरकार के इन प्रयासों का सुपरिणाम दिखाई भी देने लगा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम पांच माह (अप्रेल-अगस्त 2026) के दौरान भारत का ब्रिक्स देशों (चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस) को निर्यात 34 प्रतिशत बढ़कर 1,990 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। इसी अवधि में चीन को भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। ब्रिक्स समूह के समस्त सदस्य देशों के साथ भारत अपने आर्थिक एवं राजनैतिक सम्बंध लगातार मजबूत कर रहा है, जिसका परिणाम अब इन देशों के साथ भारत के लगातार बढ़ रहे विदेशी व्यापार के रूप में दिखाई देने लगा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, ब्रिक्स के चार मुख्य देशों (चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस) का भारत के कुल निर्यात में हिस्सा अप्रेल-अगस्त 2025 के दौरान 8.1 प्रतिशत से बढ़कर अप्रेल-अगस्त 2026 के दौरान 9.2 प्रतिशत हो गया है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम पांच माह के दौरान चीन को 960 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया गया है तो वहीं दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील एवं रूस को भारतीय उत्पादों के निर्यात में क्रमशः 58 प्रतिशत, 13 प्रतिशत एवं 11 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज की गई है। आज कई अमेरिकी कम्पनियां भारत में अपने वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना कर रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं - एस्ट्रा जेनेका, बैंक ओफ अमेरिका, ट्रूब्रिज, गाइडवायर, आदि। भारत में स्थापित इन वैश्विक योग्यता केंद्रों में हजारों की संख्या में भारतीय इंजीनीयर कार्य कर रहे हैं। कहीं यह अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगातार बदले जा रहे वीजा सम्बंधी नियमों के चलते तो नहीं हो रहा है। अमेरिकी नीतियों से केवल विश्व के अन्य देश ही नहीं बल्कि अमेरिकी कम्पनियां भी परेशानी महसूस करने लगी हैं एवं वे अपनी इकाईयों को भारत सहित अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं।

भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विश्व के लगभग समस्त देशों के साथ अपने सम्बंधों को सुधारने का लगातार प्रयास कर रहा है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर नागरिकों को सनातन संस्कृति के संस्कारों से परिचित कराने के प्रयास भी भारत द्वारा किए जा रहे हैं ताकि पूरे विश्व में शांति स्थापित की जा सके। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परमपूज्य सर संघचालक डॉ मोहन भागवत जी ने हाल ही में अमेरिका, कनाडा एवं ब्रिटेन की 17 दिवसीय यात्रा सम्पन्न की है। इन देशों में आयोजित सर्व धर्म सभाओं में अन्य धर्मों के धर्माचार्यों की भी उत्साहपूर्वक भागीदारी रही है। उक्त यात्रा में न्यूयार्क में सार्वभौमिक एकात्मता, टोरंटो में विश्व से मित्रता एवं लंदन में अपनेपन के संदेश के साथ डा भागवत ने सामाजिक समरसता, सेवा, विविधता के बीच एकता और नागरिक कर्तव्य पर भी जोर दिया।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# अमेरिकी टैरिफ से भारत पर दोहरी चुनौती

डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

सितंबर 2026 में अमेरिकी कांग्रेस से पारित कानून के तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से महत्वपूर्ण मात्रा में ऊर्जा खरीदने वाले देशों के अमेरिकी निर्यात पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार दिया गया है। भारत, चीन और तुर्की जैसे देश इस प्रावधान के संभावित दायरे में हैं, यदि इसका इस्तेमाल ट्रंप भारत के खिलाफ करते हैं तो इसका सीधा असर भारत के अमेरिकी बाजार में निर्यात पर पड़ेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि भारत के लिए रूसी तेल को अचानक छोड़ देना आसान नहीं है। उन्होंने इसे 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा जरूरतों से जुड़ा विषय बताया है।

**भारत के सामने ऊर्जा सुरक्षा की चुनौती:-** भारत दुनिया के बड़े तेल आयातकों में शामिल है और घरेलू अर्थव्यवस्था की गति के लिए सस्ता तथा स्थिर ऊर्जा आपूर्ति महत्वपूर्ण है। रूसी कच्चे तेल ने पिछले वर्षों में भारतीय रिफाइनरियों के लिए महत्वपूर्ण स्रोत का रूप लिया है। भारतीय तेल कंपनियों के अधिकारियों ने भी संकेत दिया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों में रूसी तेल को तुरंत दूसरे स्रोतों से पूरी तरह बदलना कठिन हो सकता है, यदि भारत रूसी तेल की खरीद अचानक बंद करता है तो उसे मध्य-पूर्व, अमेरिका और अन्य उत्पादक देशों से अतिरिक्त तेल खरीदना पड़ेगा। इसका असर केवल सरकार के आयात बिल पर नहीं बल्कि पेट्रोल-डीजल, परिवहन, माल ढुलाई और अंततः रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ सकता है।

**अमेरिकी बाजार का महत्व:-** भारत के लिए अमेरिका केवल एक राजनीतिक साझेदार नहीं बल्कि अत्यंत महत्वपूर्ण व्यापारिक बाजार भी है। अमेरिकी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार साल 2025 में अमेरिका और भारत के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 239.6 अरब डॉलर रहा। इसमें अमेरिकी आयात के रूप में भारत से करीब 103.8 अरब डॉलर की वस्तुएं और 47.6 अरब डॉलर की सेवाएं शामिल थीं। इसलिए 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क का



सवाल केवल सीमा शुल्क तक सीमित नहीं रहेगा। यदि ऐसा शुल्क व्यापक रूप से लागू होता है तो अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की कीमत

> **रूस से तेल खरीदना जारी रखने पर अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात पर संभावित दबाव भारत की अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है। वहीं, अचानक रूसी तेल छोड़ने पर वैश्विक तेल कीमतों और घरेलू ऊर्जा लागत पर दबाव पड़ने का जोखिम है। इसलिए आने वाले समय में भारत की नीति का केंद्र तेल की आपूर्ति के विविधीकरण, अमेरिकी बाजार को सुरक्षित रखने और रूस के साथ ऊर्जा संबंधों को व्यावहारिक ढंग से संभालने पर रहेगा।**

बढ़ सकती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता घट सकती है। इससे कपड़ा, दवा, इंजीनियरिंग सामान, आभूषण, रसायन, मशीनरी तथा अन्य निर्यात क्षेत्रों पर दबाव पड़ सकता है।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी असर:-** सबसे बड़ी चिंता भारत-अमेरिका के व्यापक व्यापारिक संबंधों को लेकर है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चलती रही है, ऐसे समय में रूसी तेल का मुद्दा व्यापार वार्ता के साथ जुड़ना परिस्थितियों को और जटिल बनाता है। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सरकार अमेरिकी कानून के प्रावधानों का अध्ययन कर रही है। अमेरिकी दबाव भारत को ऊर्जा नीति और व्यापार नीति के बीच कठिन संतुलन बनाने के लिए मजबूर कर सकता है। एक तरफ भारत को सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा चाहिए, दूसरी तरफ अमेरिका भारत के लिए बड़ा निर्यात बाजार है, ऐसे में किसी एक विकल्प को चुनने की कीमत दूसरे क्षेत्र में चुकानी पड़ सकती है।

**क्या भारत के पास विकल्प हैं?:-** भारत के लिए रास्ता केवल रूसी तेल छोड़ना या अमेरिका से टकराव मोल लेना नहीं है। भारत विभिन्न देशों से तेल खरीद की संभावनाएं तलाशता रहा है। साथ ही, अमेरिकी कानून में राष्ट्रपति को अधिकार मिलना और उसका वास्तव में भारत पर इस्तेमाल किया जाना दो अलग-अलग बातें हैं, इसलिए कूटनीतिक बातचीत, संभावित छूट, सीमा-शुल्क में अपवाद और व्यापार समझौते के रास्ते खुले रह सकते हैं। अमेरिकी कानून के समर्थक रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने को आवश्यक मानते हैं, जबकि आलोचकों का तर्क है कि व्यापक शुल्क अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं के लिए भी लागत बढ़ा सकते हैं। आज भारत के सामने प्रश्न केवल यह नहीं है कि रूस से तेल खरीदा जाय या नहीं। असली प्रश्न यह है कि ऊर्जा सुरक्षा, महँगाई, निर्यात और रणनीतिक स्वायत्तता- इन चारों के बीच संतुलन कैसे बनाया जाय

रूस से तेल खरीदना जारी रखने पर अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात पर संभावित दबाव भारत की अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है। वहीं, अचानक रूसी तेल छोड़ने पर वैश्विक तेल कीमतों और घरेलू ऊर्जा लागत पर दबाव पड़ने का जोखिम है। इसलिए आने वाले समय में भारत की नीति का केंद्र तेल की आपूर्ति के विविधीकरण, अमेरिकी बाजार को सुरक्षित रखने और रूस के साथ ऊर्जा संबंधों को व्यावहारिक ढंग से संभालने पर रहेगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


बिंदेश कुमार झा

## डरना नहीं

यह बादल तो घने हैं,
काले और बड़े हैं,
भयभीत करने आए हैं,
पर मजबूत मेरी जड़े हैं।

यह नदियां अपने उफान से
डरा रही हो मुझे,
भयभीत नहीं होंगा मैं,
चाहे उलझा रही हूं।

मुझे यह पर्वत
बड़े चट्टानों को गिरा तो रही है,
मानो मुझे मेरे उद्देश्य से
बहका तो रही है।

यह बादल रूपी चिंता,
यह नदी रूपी डर,
यह जो समस्या के चट्टान हैं,
कुछ नहीं, मेरा साहस है प्रखर।



# क्या कड़े प्रावधानों से रुकेगा डिजिटल फ्रॉड?

ओ.पी. पाल

भारत में तेजी से हो रहे डिजिटल बदलाव ने दूरसंचार उपकरणों, खासतौर से मोबाइल इंसान के लिए रोजमर्रा की जिंदगी, व्यापार और शासन (गवर्नेंस) का एक अभिन्न हिस्सा बना दिया है। आज हमारे मोबाइल नेटवर्क और डिवाइस डिजिटल पेमेंट, ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं और नागरिकों पर केंद्रित विभिन्न डिजिटल पहलों को सीधे तौर पर समर्थन दे रहे हैं। जैसे-जैसे इन तकनीकों पर देश की निर्भरता बढ़ती जा रही है, वैसे ही हमारे दूरसंचार नेटवर्क और डिवाइस की सुरक्षा और अखंडता (इंटीग्रिटी) को कायम रखना भी बड़ी चुनौती है, जिसमें साइबर अपराध यानी डिजिटल फ्रॉड ने बड़े पैमाने पर पांव पसार रखे हैं। हालांकि भारतीय नागरिकों के लिए भारत सरकार का संचार साथी प्लेटफॉर्म एक शक्तिशाली सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रहा है लेकिन डिजिटल फ्रॉड का दायरा भी कम नहीं हुआ है। शायद इसी चुनौती का मुकाबला करने की दिशा में भारत सरकार ने टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत दूरसंचार उपकरणों मोबाइल हैंडसेट और अन्य टेलीकम्युनिकेशन डिवाइस के आईएमईआई नंबर के साथ छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ नियमों को अत्यंत सख्त करते हुए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। अब सवाल यही है कि क्या भारत सरकार द्वारा सख्त किये गये नियमों और प्रावधानों से देश में डिजिटल फ्रॉड पर लगाम लग पाएगी?

भारत में आज की दूरसंचार यात्रा शानदार तकनीकी प्रगति और सामूहिक जिम्मेदारी, दोनों का अनूठा संगम नजर आता है। दूरसंचार विभाग के जुलाई के आंकड़ों के मुताबिक देश में सक्रिय वायरलेस मोबाइल सब्सक्राइबरों की संख्या 1,204.01 मिलियन के आंकड़े को पार कर चुकी थी। सब्सक्राइबरों की यह विशाल संख्या भारत के जुड़े हुए डिजिटल इकोसिस्टम के व्यापक दायरे को दर्शाती है। देश में लागू मजबूत कानूनी प्रावधान, उन्नत सरकारी वेरिफिकेशन टूल्स (जैसे संचार साथी और डिवाइस सेतु) और नागरिकों के बीच बढ़ती हुई तकनीकी जागरूकता मिलकर हमारे डिजिटल नेटवर्क को पूरी तरह सुरक्षित और भरोसेमंद बनाते हैं। इस डिजिटल भरोसे को बनाए रखने में सरकार, उद्योग जगत और आम यूजर्स प्रत्येक हितधारक की अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका है। एक जागरूक, सतर्क और हर नियम से वाकिफ नागरिक ही किसी भी प्रकार के डिजिटल फ्रॉड और तकनीकी छेड़छाड़ के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच साबित होता है।

सरकार और समाज के निरंतर आपसी सहयोग से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी पूरी तरह सुरक्षित, संप्रभु और मजबूत बनी रहेगी। देश में तीव्र डिजिटल विस्तार अपने साथ सुरक्षा से जुड़ी कई नई और जटिल चुनौतियां भी लेकर आया है। इनमें से एक सबसे गंभीर चिंता इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आईएमईआई) नंबर के गलत इस्तेमाल या उससे छेड़छाड़ से जुड़ी है, जिसकी वजह साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। आईएमईआई नंबर के साथ छेड़छाड़ या उसके अनधिकृत संशोधन के कारण बदली हुई पहचान वाले उपकरणों का इस्तेमाल आसान हो जाता है, जिससे दूरसंचार नेटवर्क पर किसी भी डिवाइस की असली पहचान करना बेहद कठिन हो जाता है। इस तरह की हरकतें कानून लागू करने वाली एजेंसियों, उपभोक्ता सुरक्षा और समग्र राष्ट्रीय नेटवर्क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करती हैं। इसलिए, एक सुरक्षित, भरोसेमंद और मजबूत दूरसंचार इकोसिस्टम को बनाए रखने के लिए डिवाइस आइडेंटिफायर (पहचानकर्ताओं) की अखंडता को मजबूत करना आज के समय की सबसे बड़ी मांग है। टेलीकॉम नेटवर्क की भाषा आईएमईआई की तकनीकी बनावट और इसकी कार्यप्रणाली को समझना हर जागरूक नागरिक के लिए जरूरी है। आईएमईआई एक विशिष्ट 15 अंकों का नंबर होता है जो दुनिया भर के दूरसंचार नेटवर्क पर किसी भी मोबाइल डिवाइस की अनूठी पहचान करता है। आईएमईआई नंबर के शुरुआती आठ अंक टाइप एलोकेशन कोड (टीएसी) बनाते हैं, जो सीधे तौर पर डिवाइस के मॉडल या उसके विशेष प्रकार की पहचान करते हैं। ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन (जीएसएमए) टीएसी के वैश्विक आवंटन (एलोकेशन) की देखरेख करता है। जीएसएमए निर्माताओं और ब्रांड मालिकों को टीएसी जारी करता है, जिसके बाद विनिर्माता प्रत्येक डिवाइस को अलग और विशिष्ट आईएमईआई नंबर आवंटित करते हैं। आज के दौर में चलन में



मौजूद डुअल-सिम फोन में आमतौर पर दो अलग-अलग आईएमईआई नंबर होते हैं यानी प्रत्येक सिम स्लॉट के लिए एक विशिष्ट पहचान संख्या है।

भारत में बनने वाले सभी संबंधित दूरसंचार उपकरणों के आईएमईआई नंबरों को पहली बार बाजार में बेचने, उनकी टेस्टिंग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आर एंड डी) या अन्य किसी भी उपयोग से पहले सरकार के पास पंजीकृत कराना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर मोबाइल डिवाइस इक्विपमेंट आइडेंटिफिकेशन नंबर (आईएमईआई) को हटाना, मिटाना या उसमें बदलाव करने का प्रयास करता है या फिर जानबूझकर ऐसे हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना, निर्माण करना, उसकी तस्करी करना या उस पर नियंत्रण रखना, जिसके बारे में उसे यह ज्ञात हो कि उसका उपयोग आईएमईआई से छेड़छाड़ के लिए किया जाएगा, तो उसे उसे गंभीर अपराध माना जाएगा। छेड़छाड़ किए गए या कॉन्फ़िगर किए जा सकने वाले आईएमईआई वाले उपकरणों को बेचना या उनका व्यापार करना सीधे तौर पर गंभीर कानूनी कार्रवाई को आमंत्रित करता है। भारत सरकार ने दूरसंचार इकोसिस्टम की पवित्रता, सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए एक अत्यंत मजबूत कानूनी ढांचा तैयार किया है।

टेलीकम्युनिकेशन एक्ट, 2023 में मोबाइल हैंडसेट और अन्य टेलीकम्युनिकेशन डिवाइस जैसे दूरसंचार उपकरणों के आईएमईआई नंबर के साथ छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ नियमों को सख्त करने के साथ अत्यंत सख्त और कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। मसलन इन प्रावधानों में धारा 42(3)(सी) के तहत किसी भी रूप में टेलीकम्युनिकेशन आइडेंटिफायर्स के साथ छेड़छाड़ करने पर पूरी तरह रोक लगाती है। वहीं धारा 42(3)(ई)- यह धारा धोखाधड़ी, जालसाजी या किसी अन्य व्यक्ति का रूप धरकर सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल (सिम) या टेलीकम्युनिकेशन आइडेंटिफायर्स हासिल करने पर प्रतिबंध लगाती है। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषियों के लिए तीन साल तक की कैद, 50 लाख रुपये तक का भारी जुर्माना, या फिर ये दोनों सजाएं एक साथ हो सकती हैं। वहीं एक्ट की धारा 42(7) के अंतर्गत इस श्रेणी के सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती घोषित किए गए हैं। इसी प्रकार धारा 42(6) के तहत जो लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे गंभीर अपराधों को करने में मदद, समर्थन या बढ़ावा देते हैं, उन्हें भी मुख्य अपराधियों की तरह ही समान रूप से दंडित किया जाएगा। यह मजबूत विधिक ढांचा देशभर में आईएमईआई से छेड़छाड़ और दूरसंचार संसाधनों के हर तरह के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए एक बेहद प्रभावी और निवारक उपाय साबित हो सकता है।

भारत में किसी भी प्रकार के संबंधित दूरसंचार उपकरणों का आयात करने से पहले आयातकों को केंद्र सरकार के पास उनके आईएमईआई नंबर पंजीकृत कराने होंगे। बिक्री, टेस्टिंग या आरएंडडी के लिए लाए जाने वाले उपकरणों का पंजीकरण भी डिवाइस सेतु-आईसीडीआर पोर्टल के जरिए ही पूरा किया जाना आवश्यक है। वहीं आयातकों को यह सत्यापित करना होगा कि आयातित उपकरणों पर केवल वैध और अधिकृत आईएमईआई नंबर ही मौजूद निर्माताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक डिवाइस को सही, विशिष्ट और छेड़छाड़-मुक्त आईएमईआई नंबर ही आवंटित किए जाएं। ब्रांड मालिकों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके ब्रांड नाम के तहत बेचे जाने वाले सभी उपकरण आईएमईआई पंजीकरण और नवीनतम साइबर सुरक्षा से जुड़ी सभी अनिवार्य शर्तों को पूरी तरह पूरा करते हों।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में


### बाइक की टक्कर से घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** पतारा गांव निवासी गोपाल ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ पिता की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 20 सितंबर की शाम करीब तीन बजे उसके पिता गांव जाने वाले मोड़ पर खड़े थे। इसी दौरान हमीरपुर की ओर से कुरारा जा रहे बाइक सवार ने लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और पास में खड़ी स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल का कानपुर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां गुरुवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### जहरीले सर्प के डसने से किसान की मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** पतारा गांव निवासी किसान ऊधो कुशवाहा (58) की जहरीले सर्प के डसने से मौत हो गई। बुधवार रात वह घर में सो रहा था। पास में लगी कटिया मशीन में सर्प बैठा था। हाथ पीछे करने पर सांप ने उसे डस लिया। ऊधो ने लाठी से सांप को मार दिया और सो गया। जहर का असर होने पर उसने परिजनों को घटना बताई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक खेती के साथ मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना से परिजनों में शोक है।

### गणेश महोत्सव में जीवंत झांकियों ने मोहा मन



**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** गणेश महोत्सव के तहत बुधवार रात श्री गणेश सेवा समिति के पंडाल में कानपुर के शिवा शालू ग्रुप ने देवी-देवताओं की जीवंत झांकियां प्रस्तुत कीं। शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, क्षीरसागर में विष्णु, बजरंगबली, कृष्ण-सुदामा और महाकाल की झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। पंडाल दर्शकों से खचाखच भरा रहा। तीजा मेला और गणेश चतुर्थी पर्व शांतिपूर्वक संपन्न होने पर थाना प्रभारी को पत्र देकर मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अनुभव मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### ग्राहक बनकर आए युवकों ने गोलक से निकाले दस हजार

**राठ (हमीरपुर)।** महिला दुकानदार की दुकान पर पहुंचे दो ग्राहकों ने उससे गुटखा मांगा और इसी दौरान दुकान की गोलक से 10 हजार रुपया निकालकर रफूचक्कर हो गये, महिला चिल्लाती ही रह गई। महिला ने 112 पुलिस को घटना की जानकारी दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी कार्यवाही की। नगर के सिकंदरपुरा स्थित मुख्यमार्ग पर एलआईसी भवन के पास दुकानदार संगीता गुप्ता अपनी दुकान संचालित किये है। दुकानदार संगीता ने बताया कि उसकी दुकान पर दो युवक पहुंचे और उससे राजश्री गुटखा मांगा। जैसे ही वह गुटखा लेने के लिए मुड़ीं, तभी युवकों ने गोलक से रुपये निकाल लिए और मौके से भाग कर बाइक से फरार हो गए। पीड़ित महिला शोर मचाती रही तब तक आरोपी भाग निकले घटना की जानकारी तत्काल डायल-112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर संदिग्ध युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया



**बरुआसागर (झांसी)।** डॉ. आरपी रिछारिया महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील भटनागर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं की राष्ट्र निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से युवाओं में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित होती है और वे मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हैं। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त युवा ही राष्ट्र के सच्चे निर्माता हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति निगम ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्षेत्र एवं विभिन्न आयामों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. अरुण मिश्रा, डॉ. सचिन सिंह, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. कल्पना द्विवेदी, रामनारायण विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम साहू, विजय तिवारी, अनिल शर्मा एवं धर्मेंद्र तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति निगम ने किया।

### शिक्षित और योग्य पीढ़ी से ही देश का विकास संभवः गौरहार



**झांसी।** पंडित विश्वनाथ शर्मा हिन्दू धर्मार्थ न्यास द्वारा अंदर ओरछा गेट में स्थित मदर इंडिया कांवेंट जूनियर हाई स्कूल में बच्चों को स्टेशनरी व अन्य शिक्षण सामग्री का वितरण समाजसेवी रमेश चंद्र गौरहार के मुख्य आतिथ्य, पूर्व सभासद अब्दुल जाहिद के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ राजेश चौरसिया ने की इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है हमें इनका विशेष ध्यान रखते हुए इनकी आवश्यकताओं की पूर्ति पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जब इनकी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी तभी यह विभिन्न क्षेत्रों में महारथ हासिल कर सकेंगे। शिक्षित और योग्य युवाओं पर ही देश का विकास निर्भर है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा 265 बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर शाकिर खान, लोकेश भट्ट, चंद्रशेखर पाण्डेय, जाहिद, नदीम हाशमी व विधालय स्टाफ उपस्थित रहा। संचालन एवं आभार मोहम्मद फारुक एडवोकेट ने व्यक्त किया।

# यमुना एक्सप्रेसवे बस हादसे में राठ की चाची-भतीजे की जलकर मौत

- यात्रियों की चेतावनी के बावजूद सिगरेट पीता रहा स्टाफ, आग लगने पर भी नहीं रोकी
- बस के थे 19 चालान, 1.75 लाख जुर्माना, दो चालक और हेल्पर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।**



यमुना एक्सप्रेस-वे पर बुधवार रात डबल डेकर स्लीपर एसी बस में लगी भीषण आग में राठ कस्बे के चाची-भतीजे की जलकर मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। मृतकों में मुगलपुरा निवासी मंयक (28) पुत्र सुरेश कुमार और बजरिया निवासी सरोज (55) पत्नी अनन्तराम गुप्ता शामिल हैं। कस्बा निवासी यात्री सुनील कुमार ने जेवर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बस स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सुनील के मुताबिक, वह 23 सितंबर की रात दिल्ली के कश्मीरी गेट से राज कल्पना ट्रैवल्स की बस से राठ आने के लिए सवार हुए थे। यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस में जलने की बदबू आने पर यात्रियों ने चालक और परिचालक को इसकी जानकारी दी, लेकिन आरोप है कि उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। कुछ देर बाद चालक की सीट के पास आग की लपटें उठने लगीं। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग शीशे तोड़कर बाहर निकलने लगे। सुनील समेत कई यात्री बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि नौ यात्री बस के अंदर फंसकर जिंदा जल गए। हादसे में राठ के मंयक और सरोज की मौत की जानकारी से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले में दो चालकों और हेल्पर को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। राज कल्पना ट्रैवल्स की बस संख्या बीआर 32 पीए 8647 में यात्री राठ आ रहे थे। एक्सप्रेस-वे पर जलने की बदबू के बावजूद चालक-परिचालक पर अनदेखी कर सिगरेट पीने का आरोप है। बस के 19 चालान पर 1.75 लाख रुपये जुर्माना बकाया था।

## मां को बस में बैठाकर नोएडा में रुका बेटा, सुबह हादसे से मचा हड़कंप



**सरीला/मुस्करा (हमीरपुर)।** ग्रेटर नोएडा में डबल डेकर बस में आग लगने के हादसे के बाद सरीला और मुस्करा क्षेत्र में परिवारों में चिंता फैल गई। ममना निवासी सरोज गुप्ता और जरिया निवासी मयंक गुप्ता भी बस से लौट रहे थे। सरोज नातिन के जन्मदिन में शामिल होने नोएडा गई थीं। बेटे शिवम ने मां और रिश्तेदार मयंक को बस में बैठाया और खुद नोएडा में रुक गया। सुबह दोनों के मोबाइल बंद मिलने पर वह अस्पतालों और पोस्टमार्टम हाउस में मां की तलाश करता रहा। दोनों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वहीं मुस्करा निवासी 65 वर्षीय उषा गुप्ता की हादसे में मौत की पुष्टि पति प्रेमनारायण गुप्ता ने की। वह आंख का ऑपरेशन कराने करीब 20 दिन पहले बेटों के पास नोएडा गई थीं और बुधवार रात बस से घर लौट रही थीं। परिजनों के मुताबिक, आग लगने से पहले यात्रियों ने चालक और परिचालक को जलने की गंध की जानकारी दी, लेकिन बस नहीं रोकी गई। आग भड़कने पर यात्रियों ने शीशे तोड़कर जान बचाई। परिजनों ने तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## जर्जर स्कूल के लिए नए भवन का भूमि पूजन



**बिवांर (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत टीहर के प्राथमिक विद्यालय चिकसोना में गुरुवार को नवीन विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने विधि-विधान से पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। विधायक ने कहा कि करीब चार से छह माह पहले गांव आने पर विद्यालय भवन जर्जर मिला था। उन्होंने ग्रामीणों और शिक्षकों से नया भवन बनवाने का वादा किया था, जो अब पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा और शैक्षिक माहौल देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हमीरपुर में चार वर्षों में करीब 250 विद्यालयों का निर्माण कराया गया है, जबकि 103 विद्यालयों के निर्माण के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं। भूमि पूजन के बाद विद्यालय परिसर में पीपल समेत अन्य पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह, बीईओ रामगोपाल वर्मा, प्रधान रामकुमार शुक्ला, प्रधानाध्यापक उमेश कुमार सहित शिक्षक, एसएमसी सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

## ईंट से सिर कूंचलकर पिता की हत्या, शव के पास सोता रहा बेटा



**हमीरपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पारा ओझी गांव में बेटे ने ईंट से सिर पर वार कर 85 वर्षीय पिता की हत्या कर दी। आरोप है कि बीमारी के इलाज के लिए पिता द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड से लोन लेकर रुपये देने से इनकार करने पर बेटा नाराज था। बुधवार रात करीब एक बजे रमजान अपने पिता के कमरे में पहुंचा और उनका मुंह दबाकर ईंट से सिर पर कई वार किए। मौत के बाद वह शव के पास चारपाई डालकर सो गया। गुरुवार सुबह पोता अमन दरवाजा खुलवाने पहुंचा तो अंदर खून से लथपथ शव देखकर घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सदर यशपाल सिंह के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने घटना स्वीकार की है।

## मेगा विधिक जागरूकता शिविर की तैयारी को लेकर बैठक



**हमीरपुर।** एक नवंबर को प्रस्तावित मेगा विधिक जागरूकता शिविर की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विभागीय समन्वय बैठक की। अध्यक्षता सिविल जज सीनियर डिवीजन/सचिव वंदना अग्रवाल ने की। बैठक में नगर पालिका, वन, शिक्षा, बैंक और महिला कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। तय हुआ कि शिविर में विभागीय योजनाओं, विधिक सेवाओं और सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। सचिव ने विभागों को समन्वय बनाकर अधिकाधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## 'सपनों का भारत' में विद्यार्थियों ने दिखाई विकसित भारत की तस्वीर

**समथर (झांसी)।** पीएम श्री महाराजा वीर सिंह राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सपनों का भारत' कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के माध्यम से विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत की कल्पना प्रस्तुत की।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।चित्रकला में सुहाना, चाहत व संस्का ने



क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में कृतिका खरे, आभा, प्राची व प्रियांजली व्यास तथा जान्हवी को सांत्वना पुरस्कार मिले। प्रश्नोत्तरी में प्रांशी वंशकार, सुमित व रागनी पाल तथा रंगोली में राजनंदिनी, चायना व सिमरन खां विजेता रहीं।मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और विद्यार्थियों को मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामेश्वर दयाल कुशवाहा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सेवा संकल्प के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

### प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए शासन तत्परः विधायक



**गुरसरांय (झांसी)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत की कल्पना को लेकर खेर इंटर कॉलेज में रंगोली, चित्रकला, भाषण एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से विकसित भारत की तस्वीर प्रस्तुत की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर रहे। प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों एवं प्रभारियों की टीम ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता की।विद्यालय के संस्थापक पं. राम सहाय शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए विधायक जवाहरलाल राजपूत ने कहा कि देश निरंतर प्रगति कर रहा है। प्रतिभाओं को उचित मंच और सम्मान दिलाने के लिए शासन प्रयासरत है। खेर इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा विकसित भारत-2047 की परिकल्पना पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की सराहना की गई।निर्णायक मंडल में गोपाल अग्निहोत्री, सुरभि पटेल, सरजू शरण पाठक, अर्चना मोदी, रजनी यादव, खुशबू जैन, ॠतु सिंह, वर्षा गुप्ता एवं जितेंद्र मिश्रा शामिल रहे। संचालन अशोक पटेल एवं जितेंद्र पटेल पिपरा ने किया। अंत में प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर बालिका विभाग प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ प्रवक्ता संतोष शाक्य, डॉ. विवेक मुदगल, भूपेंद्र पंथी, राजेश चंद्र, राजेंद्र प्रसाद, प्रदीप स्वर्णकार, अर्पित इंटोंदिया सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव ने विकास योजनाओं की समीक्षा की

- जनगणना-2027 की तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें जनगणना-2027, श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर, डॉ. आंबेडकर मूर्ति स्थल विकास योजना और पीएम सूर्यघर योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।मुख्य सचिव ने जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियां समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर, सुपरवाइजर एवं एन्युमरेटर का प्रशिक्षण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरा कराने तथा स्वगणना के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को कहा।उन्होंने सभी जिलों के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों एवं श्रमिक बहुल क्षेत्रों में एक से तीन दिवसीय 'श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर' आयोजित कराने के निर्देश दिए। शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श, रेफरल, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जागरूकता के साथ श्रमिकों को ईएसआईसी, बीओसीडब्ल्यू एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की व्यवस्था की जाएगी।डॉ. आंबेडकर मूर्ति स्थल विकास योजना के तहत सभी कार्य 31 दिसंबर 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जिन जिलों में जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं, वहां तत्काल समन्वय कर प्रस्ताव लेने को कहा गया।पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा में मुख्य सचिव ने धीमी प्रगति वाले जिलों में संबंधित वेंडर्स को सक्रिय करने तथा बैंकों के साथ समन्वय कर लंबित ऋण आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय भवनों के सोलराइजेशन और ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना में तेजी लाने को कहा।बैठक में बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नयन योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के प्रस्ताव भी शीघ्र भेजने के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

## डीएम ने जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं



**ललितपुर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा आज दैनिक जनसुनवाई में एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान तहसील तालबेहट के ग्राम टोड़ी निवासी भानसिंह ने अपनी भूमि कंप्यूटर (भूलेख) पर दर्ज न होने की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने तत्काल फोन मिलाकर उपजिलाधिकारी तालबेहट को निर्देशित किया कि वे इस मामले का स्वयं संज्ञान लें और त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की भूमि को कंप्यूटर पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इसी दौरान शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी बिनीता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति अमरदीप, नगर पालिका में संविदा सफाईकर्मी के पद पर तैनात थे, जिनकी मृत्यु विगत अप्रैल माह में हो चुकी है। पति के निधन के लगभग 5 माह बीत जाने के बाद भी उन्हें आउटसोर्स पर नियुक्ति नहीं मिल सकी है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल अधिशासी अधिकारी (ईओ) नगर पालिका को फोन कर नाराजगी व्यक्त की और मौजूदा शासनादेश के तहत मृत कर्मचारी की पत्नी बिनीता को आउटसोर्सिंग पर तुरंत नियुक्ति देने के कड़े निर्देश दिए। दैनिक जनसुनवाई में आज विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

## सामूहिक विवाह समारोह में 714 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

- नवविवाहित जोड़ों को वितरित किए गए विवाह प्रमाणपत्र

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**



कालपी रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित भव्य समारोह में 714 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। विवाह समारोह में विभिन्न धर्मों व समुदायों की परंपराओं के अनुरुप वैवाहिक रस्में कराईं गई।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत है। सरकार बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समानता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि गरीब परिवारों के लिए बेटियों का विवाह कई बार आर्थिक चुनौती बन जाता था, लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने इस चिंता को काफी हद तक कम किया है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाली पहल है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक सद्भाव, समानता और आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। डीएम समीर ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र कन्या के खाते में 64 हजार रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से, 21 हजार रुपये विवाह सामग्री व 15 हजार रुपये विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं। इस दौरान सीडीओ केके सिंह, एडीएम न्यायिक शत्रुहन पाठक, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव व बड़ी संख्या में वर-वधू के परिजन मौजूद रहे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान नून नदी में डूबकर 12वीं के छात्र की मौत

- पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद नदी से शव किया बरामद

**उरई(जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित नून नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान 12 वीं के छात्र की डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने नदी से शव बरामद कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। शहर के मुहल्ला सुशील नगर में गणेश महोत्सव के दौरान प्रतिमा स्थापित की गई थी। बुधवार को ध्रुव अपने साथियों के साथ ग्राम पिया निरंजनपुर के पास से निकली नून नदी में मूर्ति विसर्जन के लिए गया था। उनके साथ मुहल्ले के ही निवासी 17 वर्षीय मोहित पुत्र किशन राम भी अपने दोस्त आकाश के साथ चला गया। मोहित के नदी में डूबने पर रॉकी नदी में मोहित को बचाने के लिए कूदा लेकिन वह तैरना नहीं जानता था इस कारण वह भी डूबने लगा। एक युवक ने नदी में कूदकर राकी को तो बाहर निकाल लिया लेकिन मोहित गहरे पानी में डूब गया। खबर मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जाल डालकर दो घंटे बाद मोहित का शव देर शाम नदी से बरामद कर लिया। किशोर के पिता किशन राम, भाई पवन, मां आशा देवी बेसुध हैं। बताया गया है कि मोहित 12 वीं का छात्र था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि किशोर के डूबने की जानकारी पर फोर्स मौके पर पहुंचाया गया है।

## निरीक्षण समिति एवं विशेष समिति ने राजकीय बल गृह देलवारा व राजकीय संप्रेषण गृह नेहरू नगर का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**



अपर जिलाधिकारी (वि/रा) की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति एवं विशेष समिति द्वारा राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा, एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) नेहरूनगर का निरीक्षण किया गया। तदोपरान्त जिला निरीक्षण समिति द्वारा राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा का निरीक्षण किया गया, सभी कर्मचारी ड्यूटी के अनुसार तैनात थे। वर्तमान में संस्था में 17 बच्चे निवासरत है। बालकों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान आदि की गुणवत्ता परखी गयी, सभी बालकों द्वारा व्यवस्थायें ठीक बताई गयी। निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा संस्था में मनोरंजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, शौचालयों, स्नान गृहों एवं रसोई कक्ष का निरीक्षण किया गया। बच्चों के पीने के लिये संस्था में आरओ व वाटर कूलर लगा पाया गया। संस्था की अन्य सभी व्यवस्थायें सामान्य पायी गयी। तदोपरान्त राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), नेहरूनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था में कुल 43 किशोर संस्था में निरूद्ध पाये गये। किशोरो के शयन कक्षों, शौचालयों, स्नानगृह, रसोई आदि निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समिति द्वारा संस्था में निरुद्ध किशोरों से संस्था की समस्त व्यवस्थाओं के बारे में पूंछा गया। जिसमें सभी किशोरों द्वारा सभी व्यवस्थाये ठीक बताई गयी। दोनो राजकीय संस्थाओं के संस्था अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि बच्चों के खान-पान एवं चिकित्सा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उनके शिक्षण-प्रशिक्षण एवं कौशल विकास हेतु आवश्यक व्यवस्थायें करायें तथा संस्थाओं में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें।

यमुना एक्सप्रेसवे पर बस में आग से 9 यात्री जिंदा जलने का मामला

## महोबा से मृतकों की पहचान के लिए पुलिस टीम नोएडा भेजी

**महोबा।** ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से महोबा जा रही डबल डेकर स्लीपर बस में आग लगने से 9 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। इस हादसे की सूचना मिलते ही महोबा पुलिस मदद के लिए नोएडा पुलिस के लगातार संपर्क में आ गई। हालात को देखते हुए महोबा से एक विशेष पुलिस टीम नोएडा के लिए रवाना कर दी गई है।यह हादसा बुधवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे पर हुआ। दिल्ली से महोबा जा रही राज कल्पना ट्रेवल्स की डबल डेकर बस में एयरपोर्ट इंटरचेंज के पास अचानक आग लग गई। बस के इंजन से आग की लपटें उठने लगीं। चालक ने तुरंत बस को किनारे खड़ा कर



यात्रियों को सुरक्षित निकालने की कोशिश की। महोबा की एएसपी वंदना सिंह ने बताया कि नोएडा पुलिस ने अभी मृतकों और घायलों की सूची जारी नहीं की है। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं। महोबा पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जेवर पुलिस से लगातार संपर्क बनाए रखने के साथ ही महोबा से एक विशेष पुलिस टीम को नोएडा भेजा गया है।

## डीएम ने बिलबई रोड पर निर्माणाधीन जेल का किया निरीक्षण

**सम्रद्धि न्यूज, महोबा।**

जिलाधिकारी प्रभास कुमार ने आज बिलबई रोड स्थित निर्माणाधीन जेल का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन परिसर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण करते हुए कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन की जानकारी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं तकनीकी pecification के अनुरूप सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के लिए आवश्यकतानुसार कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।उन्होंने निर्माणाधीन भवनों,



बैरक, प्रशासनिक परिसर, सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित संरचनाओं सहित अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित रूप से निगरानी की जाए तथा कार्य की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीडीए वर्ग के लोग मिल कर भाजपा को हराने का काम करेंगे: अखिलेश यादव

- गांधी परिवार के गढ़ में सपा का शक्ति प्रदर्शन
- अखिलेश ने सीट बंटवारे पर गठबंधन को दिया मैसेज
- भाजपा के शासन में सबसे ज्यादा भ्रष्ट हुई पुलिस

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**


जनसभा को सम्बोधित करते अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को रायबरेली से पार्टी की पीडीए रथ यात्रा की शुरुआत की है। आगामी 2027 विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच शुरू हुई इस यात्रा को समाजवादी पार्टी के संगठन और जमीनी संपर्क अभियान के तौर पर देखा जा रहा है।अखिलेश यादव लखनऊ से सड़क मार्ग के जरिए रायबरेली के बछरावां क्षेत्र के चुरवा पहुंचे। यहां से वह समाजवादी पार्टी की पीडीए रथ बस पर सवार हुए और कार्यकर्ताओं व लोगों का अभिवादन किया। यात्रा के दौरान जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और नारेबाजी की। रायबरेली में अखिलेश यादव का कार्यक्रम पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं से मुलाकात पर केंद्रित रहा। इसके बाद राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अगर कोई पीडीए का व्यक्त कोई पोस्ट डालता है। तो प्रशासन सामने आ जाता है और भाजपा के लोग पीछे से काम करने लगते हैं। दोषियों पर कार्रवाई न करते हुए पीड़ित के खिलाफ ही मुकदमा लिखवा देते हैं। भाजपा सजाती लोगों पर बुलडोजर की कार्रवाई नहीं करती वहीं अगर अन्य समुदाय व पीडीए का कोई व्यक्ति किसी झूठे केस में भी फसाया जाता है तो उसे पर बुलडोजर की एक तरफ कार्रवाई की जाती है। उन्होंने पुलिस पर प्रहार करते हुए कहा कि इतनी बेईमान पुलिस आज तक उत्तर प्रदेश में नहीं थी लोग कहते है कि हथेली गरम पुलिस नरम एसटीएफके बारे में कहा कि यह निर्दोष लोगों पर कार्रवाई कर रही है उन्होंने कहा कि सपा ने अपने शासनकाल में डायल 100 चलवाया था जिसे भाजपा सरकार ने उसे 112 कर दिया। उन्होंने कन्नौज की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक गाड़ी में 26 किलो सोना बरामद हुआ था लेकिन पुलिस वालों ने सिर्फ 10 किलो सोना मिलने की बात की और 16 किलो सोना हजम कर दिया। उन्होंने कहा कि जब सपा की सरकार बनेगी तब अग्निवीर जैसी भर्ती बंद करके युवाओं को नियमित नौकरी दी जाएगी। उन्होंने सरकारी अस्पतालों का जिक्र करते हुए कहा की आज अस्पताल खुद ही बीमार है, उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को एक मां बेटा उनसे मिलने आए तब उनकी मां ने बताया कि उनके बेटे के पेट में दर्द था इलाज करते कराते चिकित्सक ने उनका हाथ ही काट दिया। विगो को गलत तरीके से लगाने का कारण उनका हाथ सड़ गया। उन्होंने कहा कि क्या लोग ऐसे ही अस्पताल में अपना इलाज कराएंगे जहां गलत इलाज होता हो। जिसको ऑपरेशन थिएटर में नहीं ले जाना था उसे बेहोश करके ऑपरेशन थिएटर में ले गए गनीमत रही कि मरीज को होश आ गया और वह दरवाजा तोड़कर बाहर निकल आया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक 36 हजार स्कूलों को बंद कर दिया जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं। एक तरफस्कूल बंद करवाए जा रहे हैं तो वहीं नई-नई शराब की दुकान खोली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर यह सभी बंद स्कूल फिर से खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भागेगा वह हारेगा हमने 24 में हराया है और 27 में भाजपा को हमेशा के लिए बाहर कर देंगे। अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि 27 में कार्यकर्ता प्रत्येक विधानसभा में 27 हजार वोट बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस बार भी गठबंधन बनेगा जीतने वाली सीट गठबंधन में तय की जाएगी। जिस सीट पर जो जीत रहा है उसी के हिसाब से टिकट दिया जाएगा। इस बार भाजपा को हराना है और बुलडोजर संस्कृति को भी खत्म करना है।

## डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक संपन्न



**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों, उनके निस्तारण की स्थिति तथा निस्तारण के उपरांत प्राप्त फीडबैक की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण, तथ्यपरक एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण के संबंध में स्पष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए, जिससे शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस के प्रकरणों की नियमित रूप से समीक्षा करते हुए उनका समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही के कारण प्रकरण डिफॉल्टर श्रेणी में न जाने पाए, इसके लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष सतर्कता बरतें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जिन शिकायतकर्ताओं द्वारा निस्तारण के उपरांत संतुष्टि व्यक्त की गई है, उनका फीडबैक अनिवार्य रूप से दर्ज कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) प्रहदेव मिश्र, उपजिलाधिकारी सारा अशरफ, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विशेष विधिक जागरुकता शिविर 'पाक्सो' व गाँधी जयन्ती को लेकर हुई बैठक

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश, रायबरेली अमित पाल सिंह के निर्देशानुसार एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा के दिशा-निर्देशन में गांधी जयंती 02 अक्टूबर 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष पाक्सो जागरूकता अभियान तथा 25 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष पाक्सो जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों को अभियान के माध्यम से बच्चों को पाक्सो अधिनियम, बाल अधिकारों एवं उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में विशेष न्यायाधीश पाक्सो-प्रथम रामनेत, अपर जिला जज अंशुमान पटनायक, पल्लवी प्रकाश, अनुपम शौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह एवं जिला सूचना अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस की सक्रियता से आमने-सामने आने से बचे सपा-भाजपा के कार्यकर्ता, टला बड़ा विवाद

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।**



स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी घटना होने से रोक ली। क्षेत्र में भड़के राजनीतिक तनाव के बीच, बछरावां पुलिस ने सूझबूझ और मुस्तैदी दिखाते हुए भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी को उग्र समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ताओं की भीड़ के बीच से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी, मनीष गुप्ता, संदीप शुक्ला एवं अन्य किसी कार्यक्रम के सिलसिले में क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान वहां मौजूद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता किसी बात को लेकर उत्तेजित हो गए और उन्होंने भाजपा नेता का घेराव कर दिया। देखते ही देखते माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया और उग्र सपाई नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ने लगे। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बछरावां थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर सूझबूझ का परिचय देते हुए उग्र भीड़ को पीछे धकेला और भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी एवं उनके साथियों को सुरक्षित गाड़ी तक पहुंचाया और वहां से सुरक्षित स्थान पर रवाना किया। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की वजह से दोनों पक्षों के बीच सीधा टकराव टल गया। अधिकारियों का कहना है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफसख्त कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### कचहरी परिसर में दिनदहाड़े अधिवक्ता पर जानलेवा हमला

**प्रतापगढ़।** जनपद के मुख्य कचहरी परिसर से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। बुधवार को दिनदहाड़े बेखौफ बदमाशों ने जुबाए के पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के चैंबर में घुसकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह बाल-बाल बच गए, लेकिन दबंगों ने उनके चैंबर में जमकर तोड़फोड़ की और आतंक मचाया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना को अंजाम देने वाले नामजद आरोपियों में राम सिंह उर्फ बड़काऊ पुत्र दिग्विजय सिंह और लोकेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सचिन पुत्र गुलाब सिंह शामिल हैं। इनके साथ दो अन्य अज्ञात व्यक्ति भी चैंबर में जबरन दाखिल हुए थे। वारदात के बाद पीड़ित अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह की तहरीर पर स्थानीय कोतवाली नगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए देर रात संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग, एडवोकेट पिंटू तिवारी ने जताया शोक

**प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली परिसर में अर्जुन गौतम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद एक ब्राह्मण परिवार पर दर्ज मुकदमे को लेकर क्षेत्र में सवाल उठने लगे हैं। इस बीच बॉयज एंड गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता बिंदेश्वरी प्रसाद तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी ने मृतक अर्जुन को श्रद्धांजलि देते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिवक्ता पिंटू तिवारी ने पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न्याय की प्रक्रिया में किसी भी वर्ग या परिवार के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अर्जुन की मौत अत्यंत दुखद है, लेकिन इसके आड़ में किसी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। जिस ब्राह्मण परिवार को नामजद किया गया है, वह खुद को निर्दोष बता रहा है। पुलिस प्रशासन को बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच कर न्याय करना चाहिए–चाहे पीड़ित दलित हो या ब्राह्मण।' पिंटू तिवारी ने बताया कि वह शनिवार को पीड़ित दलित परिवार और आरोपी ब्राह्मण परिवार दोनों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लेंगे तथा संवेदना व्यक्त करेंगे।

### बिजली से लेकर जैविक खेती तक, किसानों ने उठाए कई मुद्दे

**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में किसान संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें किसानों ने विद्युत आपूर्ति, दुग्ध क्रय व्यवस्था, जैविक उत्पादों के विपणन, कोल्ड स्टोरेज और खेती से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए। विद्युत आपूर्ति की समस्याओं पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। किसान संगठनों ने दुग्ध क्रय व्यवस्था में सुधार के साथ जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए अलग स्थान और मंडी जैसी सुविधाएं विकसित करने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रस्तावों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।बैठक में फूलों की खेती को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि लखनऊ स्थित नेशनल बॉटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनबीआरआई) से संपर्क किया गया है। इच्छुक किसानों को फूलों की खेती और आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। किसानों ने कोल्ड स्टोरेज की क्षमता बढ़ाने और नए कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने की मांग भी रखी।

## भूमाफियाओं के खिलाफ चला चाबुक

### बारा क्षेत्र में की गयी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

तहसील बारा में शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी प्रयागराज ने भू माफियाओं को चिन्हित कर कार्यवाही का आदेश दिया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बारा के कार्यवाही से भूमाफियाओं में हड़कंप मचा है।

तहसील बारा में विगत पांच वर्षों से प्लाटिंग करके सरकारी जमीन को अपना निशाना बना रहे प्राइवेट कंपनी के डायरेक्टर मजे से पैसा कमा रहे है। ग्रामीणों की दर्जनों शिकायत के बाद एक हाउसिंग स्कीम के डायरेक्टर हिमांशु कुशवाहा पुत्र दिलीप कुशवाहा निवासी चाका तहसील करछना जिला प्रयागराज ने सरकारी जमीन और ग्रामीणों की जमीन को अवैध तरीके से कब्जा करके प्लाटिंग कर खूब पैसा कमाया जा रहा था। गरीब किसानों की बात कोई सुनने वाला नहीं था। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर शिकायतकर्ता राजीव कुमार सिंह ने जनवा में अपनी जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप हिमांशु कुशवाहा पर लगाया।

जांच के बाद राजीव कुमार सिंह की शिकायत सच पाई गई और तत्कालीन उपजिलाधिकारी बारा गणेश कन्नौजिया ने कार्यवाही प्रारम्भ कर ग्राम कचारी में वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा पाया।

साथ ही जांच में उजागर हुआ कि ग्राम गोलैय्या में सरकारी अस्सी बीघा जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया जिस पर थाना लालापुर,थाना शंकरगढ़ में हिमांशु कुशवाहा के विरुद्ध मुकदमा कायम किया गया था। उपजिलाधिकारी बारा गणेश कन्नौजिया के स्थानांतरण के बाद मामला शांत हो गया था। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार ने रुकी हुई करवाई पर ध्यान देकर जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी प्रयागराज को भेज दिया। जिस पर जिलाधिकारी प्रयागराज ने एंटी भूमाफिया में हिमांशु कुशवाहा पुत्र दिलीप कुमार, उमाकांत कुशवाहा पुत्र उदय राज कुशवाहा, नीरज कुशवाहा का नाम अंकित है।

इसी क्रम में मकसूद अहमद पुत्र मो. अहमद निवासी गलक चंद्रपुर थाना फाफामऊ जिला प्रयागराज व शशांकधर व ब्रह्मधर पुत्रगण पदुमधर निवासी परदमा थाना मऊ जिला चित्रकूट के द्वारा श्रीमती रामरती की जमीन मौजा बिहरिया में अवैध कब्जा पाया गया है। ये सब लोगों को जिलाधिकारी प्रयागराज ने एंटी भूमाफिया घोषित किया है।

## भाई के घर की ज्वेलरी चुराई, दो गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के डेरवा कस्बे में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चोरी की वारदात में पीड़ित का सगा भाई उदय कौशल और उसका साथी अंकित कौशल शामिल था। दोनों ने कर्ज चुकाने और आपसी रंजिश के चलते चोरी की योजना बनाई थी। पुलिस के मुताबिक, 21 सितंबर को हरिओम ज्वेलर्स की दुकान बंद करने के बाद घर में जेवरात रखकर परिवार के साथ निमंत्रण में चले गए थे। इसी दौरान आरोपितों ने घर की दूसरी मंजिल पर लगी लोहे की जाली उखाड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली। जेठवारा पुलिस और स्पेशल टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को बरईपुर नहर पुलिया के पास गिरफ्तार किया।

## वकील के घर पर बम से हमला सीसीटीवी में आरोपी कैद

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

पूरामुफ्ती थाने के लाल बिहारा बमरौली गांव में रहने वाले अधिवक्ता के घर पर बम से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

लाल बिहारा बमरौली निवासी अधिवक्ता अनवर सईद पुत्र मोहम्मद लुकमान ने बताया कि वह इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत करते हैं।

आरोप है कि कुछ अराजक तत्वों ने उनके आवास पर बम से हमला कर दिया।

घटना में घर की दीवार और मुख्य द्वार क्षतिग्रस्त हो गए। पीड़ित का कहना है कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में तीन लोगों की गतिविधियां दिखाई दे रही हैं।

आरोप है कि हमलावर बुलेट से पहुंचे थे और जान-माल की क्षति पहुंचाने की नीयत से हमला किया गया। अधिवक्ता ने बताया कि घटना के समय यदि परिवार का कोई सदस्य बाहर निकल आता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

हमले के बाद से पूरा परिवार दहशत में है।

पीड़ित ने घटना की सूचना डायल-112 पर भी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की है।

## प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता का देल्हूपुर में लव सिंह गहलौत के नेतृत्व में भव्य स्वागत

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता जी को प्रतापगढ़ जिले का प्रभारी बनाए जाने पर प्रथम आगमन पर देल्हूपुर बाजार में भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिंह गहलौत एडवोकेट के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। नव नियुक्त जिला प्रभारी जी के साथ में जिला अध्यक्ष श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव, जिला महामंत्री राजेश सिंह, विधायक राजेंद्र मौर्य, नीरज ओझा प्रमुख रूप से रहे।

माडल अध्यक्ष लव सिंह गहलौत एडवोकेट जी के साथ में स्वागत करने वाले में मंडल महामंत्री सत्यम शुक्ला, उपाध्यक्ष शिव सागर शुक्ल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय कौशल, सेक्टर संयोजक राम सिंह, बूथ



अध्यक्ष हर्ष प्रकाश गुप्ता, फतेबहादुर सिंह, रानीगंज नगर अध्यक्षा मीरा गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, राजेश गुप्ता, अभिषेक, अजय प्रकाश, अमित दूबे,अतुल साहू,कुलदीप साहू, शेखर गुप्ता , अवनीश यादव आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, गूंजे जयकारे

**समृद्धि न्यूज, गड़वारा-प्रतापगढ़।**

नगर पंचायत गड़वारा स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। कथा के अंतिम व सातवें दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर नजर आया।

कथा व्यास आचार्य संजय कृष्ण महाराज जी ने सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट व निष्काम मित्रता का मर्मस्पर्शी वर्णन किया। जैसे ही महाराज जी ने दोनों मित्रों के पुनर्मिलन का प्रसंग सुनाया, पांडाल में मौजूद श्रद्धालु भावुक हो उठे और कई भक्तों की आंखों से आंसू छलक पड़े। इस दौरान समूचा परिसर 'जय श्री कृष्णा' और 'हर-हर




महादेव' के जयकारों से गूंज उठा।

कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमते-नाचते दिखे। आयोजन समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर से देर शाम तक विधि-विधान से आयोजित की जाती रही। कथा के अंत में मुख्य यजमान व आयोजकों द्वारा भगवान की भव्य आरती उतारी गई। इसके पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। समापन अवसर पर मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में स्थानीय व दूर-दराज से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मानिकपुर में वंदे भारत की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहमत अली का पुरवा रेलवे क्रॉसिंग के समीप बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्रयागराज से लखनऊ की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से लगभग 50 वर्षीय एक अज्ञात महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना पोल नंबर 55/4 के पास शाम करीब 4:30 बजे की बताई जा रही है। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला का शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ ऊंचाहार के जवान हेमंत कुमार यादव ने स्टेशन मास्टर व संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। सूचना पर थानाध्यक्ष पंकज राय और चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## अखंडनगर गोलीकांड में 2 नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** बुधवार अखंडनगर थाना क्षेत्र में अलीपुर बाजार से स्कूटी से वापस लौट रहे दंपति को रोककर गाली गलौज, वाद विवाद के बाद गोली मारकर लहूलुहान कर देने के मामले पुलिस ने घायल युवक के चाची की तहरीर पर दो नन्द सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही घायल युवक का इलाज ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा है। बता दे कि बुधवार को अखंडनगर थाना क्षेत्र के अलीपुर बाजार से घर जा समय पंचायत भवन के पास राजन पुत्र राम स्वारथ व उसकी पत्नी करिश्मा को चंदन पुत्र पन्नेलाल ने अपनी अज्ञात साथी के साथ रोक लिया।आरोप है कि रोककर दंपति के साथ गाली गलौज करने के बाद चंदन ने तमंचे से राजन पर फायर झोंक दिया था। हल्ला गुहार पर ग्रामीणों का आता देख दोनो हमलावर मौके से फरार हो गए।गंभीर हालत में इलाज के लिए अखंडनगर सीएचसी ले जाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।जिला मेडिकल कॉलेज में एक्सरे के बाद चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जहां इसका इलाज चल रहा है।घायल युवक की चाची ने आरोप लगाया कि शुभम शुक्ला के द्वारा घटना को अंजाम दिलवाया गया है।पुलिस ने इशरावती पत्नी राम लखन निवासी सरावा की तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## गणपति विसर्जन को लेकर प्रशासन व पूजा समितियों की बैठक

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

गणपति विसर्जन महोत्सव को लेकर गुरुवार देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों और गणेश पूजा समितियों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें विसर्जन शोभायात्रा को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और परंपरा के अनुरूप संपन्न कराने पर सहमति बनी। पूजा समिति के सदस्यों ने अब तक की प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। बैठक में एसडीएम सदर गरिमा सोनकिया, क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह और अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज मौजूद रहे। गणेश पूजा व्यवस्था समिति के संरक्षक प्रवीण कुमार अग्रवाल ने समितियों से प्रशासन द्वारा



जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने डीजे की तेज आवाज, हाई बीट, अत्यधिक वाइब्रेशन और अश्लील फिल्मी गानों से बचने को कहा। बताया कि तेज ध्वनि से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को परेशानी हो सकती है। समिति की ओर से विसर्जन के दौरान नाविकों के लिए उचित शुल्क निर्धारित करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने का अनुरोध किया गया। संयोजक अनिल द्विवेदी ने भी नियंत्रित ध्वनि में साउंड सिस्टम चलाने की अपील की। बताया गया कि 26 सितंबर को शाम चार बजे चौक से झंडी दिखाकर विसर्जन महोत्सव का रथ रवाना होगा। बैठक में नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्र समेत विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 985 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर प्रयागराज में रोजगार महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न 22 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 985 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस रोजगार महोत्सव में 2068 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेयी के प्रतिनिधि गिरिजेश द्विवेदी उपस्थित हुए तथा चयनितों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी तेज, 29 से ईवीएम की एफएलसी



**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) को लेकर गुरुवार को कलक्ट्रेट के नवीन सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासन ने एफएलसी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निर्धारित नियमों के तहत कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने नोडल अधिकारियों व कार्मिकों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एफएलसी में किसी स्तर पर लापरवाही न हो और पूरी प्रक्रिया शुचिता के साथ संपन्न कराई जाए।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी प्रतिदिन एफएलसी की निगरानी के लिए उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया।अपर जिलाधिकारी प्रशासन रत्नप्रिया ने बताया कि वेयरहाउस अकारीपुर में एफएलसी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# गणपति बप्पा मोरिया... अगले बरस तू जल्दी आ, रंग-गुलाल में थिरकते भक्तों ने दी विदाई

- तिर्वा समेत जिलेभर में निकलीं विसर्जन यात्राएं
- 136 प्रमुख स्थानों पर हुआ गणेश महोत्सव का समापन

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

अनंत चतुर्दशी से एक दिन पहले गुरुवार को तिर्वा समेत जिलेभर में गणेश महोत्सव का समापन हुआ। श्रद्धा और भक्ति के बीच निकली विसर्जन यात्राओं में हजारों महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हुए। रंग-गुलाल उड़ाते भक्त ढोल-नगाड़ों पर थिरकते हुए ''गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ'' के जयकारे लगाते रहे। 14 सितंबर से जिले के 136 प्रमुख स्थानों पर गणेश महोत्सव शुरू हुआ था। तिर्वा में स्वर्णकार समाज की यात्रा सर्राफा बाजार से होते हुए ईशन नदी पुल के पास पहुंची, जहां प्रतिमा का भू-विसर्जन किया गया। वाल्मीकि समाज समेत विभिन्न मोहल्लों से करीब एक दर्जन यात्राएं निकलीं।



जिला प्रशासन ने चिन्हित स्थानों पर भू-विसर्जन की व्यवस्था की थी। गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं को विसर्जित किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। देर शाम तक बप्पा को विदाई देने का सिलसिला चलता रहा।

## कार डिवाइडर से टकराई तीन युवक घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। प्रेमपुर चौकी क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब चार बजे नवीगंज पुल पार करने के बाद तेज रफ्तार होंडा सिटी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन युवक घायल हो गए, जबकि दो लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार कार में पांच लोग सवार थे और सभी मैनपुरी जिले के रहने वाले हैं। कार छिबरामऊ की ओर जा रही थी। तेज रफ्तार के कारण चालक का नियंत्रण हट गया और कार डिवाइडर से जा भिड़ी। टक्कर से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घनश्यामपुर, थाना ओछा निवासी प्रांशु (18) पुत्र मनोज कुमार, ब्रजेश (26) पुत्र कमलेश तथा गोविंदपुर, थाना भोगांव निवासी साहिल (16) पुत्र ध्रुव सिंह घायल हुए। ब्रजेश (25) पुत्र महेश चंद्र और राहुल यादव (18) को चोट नहीं आई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

# जन-जन तक पहुंचाया जा रहा सेवा एवं विकास का संदेश



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

नमो सेवा अनकही कहानियां' के अंतर्गत विधानसभा छिबरामऊ में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जन-जन तक सेवा एवं विकास का संदेश पहुंचा जा रहा है। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की सांस्कृतिक टोलियों द्वारा कई स्थलों पर कार्यक्रम संपन्न हुए। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं लोक कलाओं के जरिए जन-जन तक सेवा, संस्कृति, विरासत एवं विकास से जुड़े संदेशों को पहुंचाया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की टीमों द्वारा लोकगीत, लोकनृत्य, नाट्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषयों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## त्योहारों पर आतिशबाजी के अवैध परिवहन पर कसेगा शिकंजा

कन्नौज। आगामी दशहरा और दीपावली को लेकर जिला प्रशासन ने आतिशबाजी के अवैध परिवहन पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनसुरक्षा और यात्री सुरक्षा को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को सार्वजनिक और यात्री वाहनों में सघन चेकिंग अभियान चलाने को कहा है। डीएम ने उपायुक्त राज्य कर, एआरटीओ और रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बसों व अन्य सार्वजनिक वाहनों की नियमित जांच की जाए। उन्होंने कहा कि पर्व से पहले कुछ लोग अत्यधिक ज्वलनशील आतिशबाजी को चोरी-छिपे बसों, यात्री वाहनों या दोपहिया वाहनों से ले जाने का प्रयास कर सकते हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। उन्होंने अवैध परिवहन मिलने पर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई और विभागों को आपसी समन्वय से लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

# विदाई से पहले गणेश जी को लगाया छप्पन भोग



- इंदिरा आवास कॉलोनी में गणेश महोत्सव
- भगवान गणेश जी की विदाई पर सभी भक्तों की आंखें थी नम

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी द्वारा संचालित श्री गणेश महोत्सव में विदाई का समय आने से पहले गणेश जी को छप्पन भोग लगाया गया। प्रजापति समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रजापति मैनपुरी ने भगवान श्री गणेश जी की आरती उतारकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार दीक्षित एडवोकेट, पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट, नारायण दत्त तिवारी एडवोकेट एवं फर्रुखाबाद से आए ठाकुरअनूप सिंह आदि ने गणेश जी पर पुष्पार्चन किया इसके बाद ओ माय फ्रेंड गणेशा तू रहना साथ हमेशा भजन पर यशिका रानी तिवारी ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। भगवान गणेश जी की विदाई नजदीक आने से सभी भक्तों की आंखें नम थी। भगवान श्री गणेश जी को 56 प्रकार का भोग लगाया गया। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया।

प्रशांत कुमार त्रिपाठी एडवोकेट के संचालन में हुए कार्यक्रम में सुनील कुमार यादव, जितेंद्र सिंह तोमर, गोविंद सिंह यादव, हरिओम मिश्रा, राजू गुप्ता, मनु गुप्ता, आशु, कृष्णा, स्पर्श तिवारी, यश तिवारी, अमन शर्मा, रजनी सक्सेना, अनामिका तिवारी, प्रीति सक्सेना, आरती सक्सेना, राहुल व सपना आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बच्चों ने कैनवास पर उकेरा मेरे सपनों का विकसित भारत, पलक ने मारी बाजी



छिबरामऊ, कन्नौज। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय कम्पोजिट विद्यालय में मेरे सपनों का भारत विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी शशिकान्त शुक्ल के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से विकसित भारत की अपनी कल्पनाएं पोस्टरों पर उकेरीं। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट और मनमोहक पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता के परिणामों में कक्षा 6 की छात्रा पलक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 6 के ही जहांगीर द्वितीय और कक्षा 8 की प्रतिज्ञा तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा कक्षा 7 की मोहिनी ने चतुर्थ और कक्षा 8 की जोया ने पांचवां स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजेश पाठक, श्वेता यादव, अरुण प्रताप सिंह, रंजीत मौर्या, वंदना यादव, नीतू पाल, पायल, आराधना तिवारी और सरोज यादव समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# मेरे सपनों का भारत पर विद्यार्थियों ने रखे विचार

- सेवा संकल्प अभियान के सक्षम कार्यक्रम में हुई भाषण प्रतियोगिता
- एनएसएस दिवस पर स्वयंसेवकों ने ली सेवा की शपथ



विशिष्ट अतिथि विवेक पाठक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते प्राचार्य डॉ हरिओम

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद।

गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज, रघुराज नगर, चांदापुर में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के सक्षम कार्यक्रम के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गुगरापुर संदीप चतुर्वेदी समेत अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन से किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक पाठक ने युवाओं से समय, प्रतिभा और ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता पर विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में दीक्षा तिवारी प्रथम, दीक्षा सिंह द्वितीय, आमरीन तृतीय, लक्ष्मी चतुर्थ और अनामिका पंचम स्थान पर रहीं। NSS कार्यक्रम में Not Me But You के भाव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पक्ष्मी यादव ने स्वयंसेवकों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में स्वयंसेवकों ने सेवा की शपथ ली। इस दौरान दिलीप पांडेय, शिक्षक और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिखा कुमारी ने किया।

## खबरें एक नजर में

### बच्चों ने विद्यालय में किया पौधरोपण



छिबरामऊ, कन्नौज। बाबा पंचम सिंह जनता इंटर कॉलेज, नगला लक्ष्मण, लोकपुर शंकरपुर में बच्चों ने विद्यालय परिसर में अमरूद संतरा कड़ी पत्ता चीकू आम आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को पेड़-पौधों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ एवं हरे-भरे वातावरण के लाभों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। प्रबन्धक संतोष यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर रोली यादव, वंदना पाल, सुमन, गोलू, धीरज, खुशबू, रविंद्र, दलगंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

### हृदय एवं हड्डी रोग परामर्श शिविर आज

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर पालिका रोड स्थित एलआईसी ऑफिस के पास संजीवनी हॉस्पिटल में रीजेंसी हेल्थ कानपुर के सौजन्य से शुक्रवार, 25 सितंबर को सुबह 10-30 बजे से दोपहर 1 बजे तक हृदय एवं हड्डी रोग परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजक डॉक्टर सरित द्विवेदी ने बताया इस शिविर में डॉ. वीरेंद्र कुमार यादव (एमडी, डीएम - कार्डियोलॉजी) हृदय संबंधी समस्याओं जैसे सीने में दर्द, सांस फूलना, शरीर में सूजन, अत्यधिक पसीना, अंधेरा छा जाना आदि का परामर्श देंगे। वहीं डॉ. अक्षय दुआ (एमएस - ऑर्थोपेडिक्स) जोड़ों के दर्द, घुटने-कंधे की लचक, जोड़ प्रत्यारोपण, फ्रैक्चर, लिगामेंट सर्जरी आदि हड्डी संबंधी समस्याओं पर परामर्श देंगे।

### यातायात नियमों का पालन करने को किया जागरूक



छिबरामऊ, कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देशन में गुरुवार को यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। टीएसआई अरशद अली ने बताया कि क्षेत्राधिकारी यातायात शिल्पा वर्मा एवं प्रभारी यातायात रविशंकर त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में नगर के पूर्वी बाईपास, तालग्राम चौराहा और पश्चिमी बाईपास सहित कई स्थानों पर वाहन चालकों व आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अरशद अली ने लोगों से स्वयं यातायात नियमों की जानकारी रखने और दूसरों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले चालकों को रोककर आगे से हेलमेट लगाने की चेतावनी दी गई। बारिश को देखते हुए रोडवेज बसों के वाइपर और इमरजेंसी विंडो की भी जांच की गई। अभियान में आरक्षी संदीप कुमार, होमगार्ड रजनीकांत और पीआरडी जवान सतीश कुमार मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने लिया विकसित भारत के निर्माण का संकल्प

कन्नौज। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को सरायमीरा स्थित माया देवी स्कूल में 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम हुआ। प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य लोगों को सेवा, स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन अपनाने और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को दैनिक आदत बनाकर विद्यालय, गांव और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखना चाहिए। जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

# एनएसएस स्थापना दिवस पर सेवा भावना का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



नेहरू कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्थापना दिवस की वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने किया। शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और एनएसएस ध्येय गीत से हुआ। प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य स्वयंसेवकों को देश व समाजसेवा से जोड़ना है। जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने सेवा, अपरिग्रह और कर्तव्यनिष्ठा की भावना अपनाने का आह्वान किया। डॉ. धर्मवीर सिंह ने एनएसएस के उद्देश्यों के साथ छात्रवृत्ति फॉर्म भरने में आवश्यक दस्तावेजों व सावधानियों की जानकारी दी। सहायक आचार्य डॉ. राजीव कुमार सिंह ने 'हम होंगे कामयाब' गीत प्रस्तुत कर उत्साह बढ़ाया। डॉ. रवि प्रताप सिंह चौहान ने तुलसीदास के दोहों के माध्यम से सदाचार व संस्कारों का संदेश दिया। अनन्या श्रीवास्तव, असित दुबे, वरुण कौशल व दिव्यांशी यादव ने एनएसएस पर विचार रखे। साइमीन और जया राठौर ने गीत प्रस्तुत किए। शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सिसैया खुर्द कांड में कार्रवाई की मांग, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने उठाई आवाज

- 21 सितंबर को पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों से घटना की ली जानकारी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

लखीमपुर खीरी के ग्राम सिसैया खुर्द में 14 सितंबर को हुई घटना को लेकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध महासभा एवं लोधी क्षत्रिय उत्थान समिति ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। 21 सितंबर को पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली।

लोक भारती इंटर कॉलेज में पत्रकारों से वार्ता में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. रामबख्श सिंह वर्मा ने बताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अतर सिंह पाल, राष्ट्रीय महासचिव आलोक वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह राजपूत एडवोकेट, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य राजेश राजपूत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय वर्मा, लक्ष्य राष्ट्र विकास पार्टी के संस्थापक प्रभात कुमार वर्मा, अधिवक्ता अमित कुमार राजपूत, तालग्राम के आदेश कुमार राजपूत, अखिल भारतीय लोधी महासभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष परशुराम वर्मा, जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, जिला संरक्षक रामगोपाल वर्मा, नगर अध्यक्ष रमेश चंद्र राजपूत, किसान यूनियन के अध्यक्ष अधिवक्ता सौदान सिंह राजपूत, सपा नेता दिनेश लोधी, प्रदेश लोधी सेना अध्यक्ष लालजीत वर्मा, ललितेश वर्मा, जिलाध्यक्ष जीतनराम लोधी, पूर्व प्रधान न्यायप्रसाद लोधी, देवेश लोधी, शिक्षक राजेंद्र लोधी जसवंतनगर समेत करीब 50 लोग शामिल रहे। ज्ञापन में लखीमपुर प्रशासन से घटना का मुकदमा सुसंगत धाराओं में दर्ज कराने, मारपीट के आरोपित आठ पुलिसकर्मियों, चालक, इंस्पेक्टर व चौकी इंचार्ज को गिरफ्तार कर जेल भेजने, जांच में दोषी पाए जाने वाले अन्य पुलिसकर्मियों व जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई, घायलों का मुफ्त इलाज व आर्थिक सहायता, गांव में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने तथा ग्रामीणों की मांग पर गलियों-नालियों का निर्माण, पात्रों को आवास, शौचालय और पाइपलाइन से पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस मौके पर आलोक वर्मा, रामप्रकाश वर्मा, योगाचार्य सत्यराम यादव, श्रीपाल वर्मा, भारत सिंह प्रजापति, डा.रामेंद्र वर्मा, अमित राजपूत, रामसेवक वर्मा आदि मौजूद रहे।



# पूर्व विधायक के चाचा इफ्तिखार हुसैन सिद्दीकी का इंतकाल

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज /कन्नौज।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के चाचा इफ्तिखार हुसैन सिद्दीकी का आज पैतृक गांव जरारी में इंतकाल हो गया। वह जरारी में ही रहते थे। इंतकाल की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। खबर मिलते ही पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत सहित पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार मिट्टी कल दिनांक 24 सितंबर को जोहर बाद जरारी में ही होगी। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि ÷इफ्तिखार हुसैन सिद्दीकी साहब के इंतकाल की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वह बहुत ही नेक और मिलनसार व्यक्ति थे। अल्लाह मरहूम को जन्नत में आला मुकाम दे और परिवार को सब्र दे। इस दुख की घड़ी में हम परिवार के साथ हैं। पूर्व विधायक कमालगंज उर्मिला राजपूत ने कहा कि यह बहुत ही दुखद खबर है। इफ्तिखार हुसैन जी के निधन से गांव और क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति हुई है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति दे। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि मेरे चाचा इफ्तिखार हुसैन सिद्दीकी का आज इंतकाल हो गया है। सभी शुभचिंतकों से गुजारिश है कि मरहूम के लिए दुआ-ए-मगफिरत करें। मिट्टी कल जोहर की नमाज बाद गांव जरारी में ही अदा की जाएगी।

## मध्यस्थता से मुकदमों का बोझ घटेगा, वादकारियों का समय-धन बचेगा

कन्नौज। मेडिएशन फॉर द नेशन 3.0' अभियान के तहत जनपद न्यायालय और बार एसोसिएशन कन्नौज के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं के लिए मध्यस्थता जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौमेला श्रीवास्तव ने अधिवक्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता वादकारियों के पहले कानूनी सलाहकार होते हैं। वे पक्षकारों को आपसी सुलह-समझौते और मध्यस्थता के लाभ बताकर मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से पारिवारिक व वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस, दीवानी एवं संपत्ति संबंधी शमनीय विवाद, मोटर दुर्घटना क्लेम, व्यापारिक और बैंक रिकवरी से जुड़े मामलों को मध्यस्थता केंद्र भेजने का प्रयास करने की अपील की।

# एनएचएम संविदा कर्मियों ने फूंका आंदोलन का बिगुल, 12 अक्टूबर से काम ठप



- नियमितीकरण व समान कार्य समान वेतन समेत आठ मांगें
- 5 से 10 अक्टूबर तक आंदोलन के बाद होगा कार्य बहिष्कार

कन्नौज। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का एलान कर दिया है। गुरुवार को कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपकर नियमितीकरण समान कार्य,समान वेतन, कैशलेस चिकित्सा सुविधा समेत आठ मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई की मांग की। मांगें पूरी न होने पर 12 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष डॉ. पंकज वर्मा ने कहा कि संविदा कर्मचारी ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मांगें लंबित हैं। कर्मचारियों ने 10 लाख रुपये तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा, डीएचईपीएफ एचआरए की भी मांग की। आंदोलन के पहले चरण में 5 से 7 अक्टूबर तक काला फीता बांधकर काम होगा। दूसरे चरण में 8 से 10 अक्टूबर तक कार्यदिवस रहेगा। इसके बाद 12 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा। ज्ञापन में तबादला नीति, अनुकंपा नियुक्ति और नियमित भर्ती में 25 प्रतिशत कोटा देने की मांग भी शामिल है।

# गोदाम से चीनी की बोरियां और सिलेंडर चोरी, चार गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज /कन्नौज।

थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 1 अभियुक्त और 3 बाल अपचारियों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। वादी ने गोदाम से चीनी की बोरियां, रिफाइंड और गैस सिलेंडर चोरी होने के संबंध में थाना गुरसहायगंज में मुकदमा संख्या 477/2026 धारा 305ए/331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के क्रम में पुलिस ने दिलीप कुमार पुत्र अहिवरन सिंह निवासी ग्राम शाहजहाँपुर थाना छिबरामऊ और 3 बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 बोरी चीनी, 1 इंडेन गैस सिलेंडर, 1 एल्युमिनियम का भगोना और 3,690 रुपये नकद बरामद किए हैं।



घटना में प्रयुक्त ऑटो को भी सीज कर दिया गया है। वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर टीम गठित की गई थी। मुखबिर की सूचना पर 1 अभियुक्त और 3 बाल अपचारियों को चोरी के माल और घटना में प्रयुक्त ऑटो के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है और बाल अपचारियों को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष भेजा जा रहा है।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा कर अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण और लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में खाद पर्याप्त है, इसके वितरण पर लगातार निगरानी रखी जाए। निराश्रित गोवंश को अभियान चलाकर गोशालाओं में पहुंचाने और वहां चारा, पानी व सफाई की समुचित व्यवस्था कराने को कहा। स्पष्ट किया कि कोई गोशाला अव्यवस्थित नहीं दिखनी चाहिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में मंत्री ने कहा कि केवल टोंटी लगाना पर्याप्त नहीं, हर घर में पानी पहुंचना चाहिए। पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों की उसी गुणवत्ता से मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त कराने और खराब ट्रांसफार्मर प्राथमिकता से ठीक कराने को कहा। गांवों में सफाई और फॉगिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। इससे पहले उन्होंने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर छह लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

# जीएम को सौंपा मांग पत्र, ट्रेन ठहराव से लेकर उठे मुद्दे

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज /कन्नौज।



गुरुवार को नगर विकास समिति ने पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवडकर को गुरसहायगंज स्टेशन पर 5 सूत्रीय मांग पत्र समिति के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने सौंपा। इस दौरान डीआरएम इज्जत नगर श्रीमती वीणा सिन्हा भी मौजूद रहीं। ज्ञापन में 5 प्रमुख मांगे- मुंबई के लिए यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए बांद्रा टर्मिनस और मुंबई सेंट्रल जाने वाली दो सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव गुरसहायगंज में दिया जाए। कालिंदी एक्सप्रेस को अक्टूबर माह से फर्रुखाबाद तक सीमित करने की सूचना है इसे कम से कम कन्नौज तक जरूर चलाया जाए। स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज पर टीन शेड नहीं है यात्रियों को धूप और बरसात में परेशानी होती है तत्काल टीन शेड लगवाया जाए। प्लेटफार्म पर लगा नाम पट्ट ;नेम बोर्ड की लाइट खराब है जिसके कारण गुरसहायगंज की जगह केवल ऐगंज जलता है इसे ठीक कराया जाए। प्लेटफार्म की लंबाई कम होने से लंबी दूरी की ट्रेनें बाहर खड़ी होती हैं जिससे यात्रियों को चढ़ने-उतरने में दिक्कत होती है प्लेटफार्म का विस्तार किया जाए। अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने कहा कि मुंबई रूट की ट्रेनों के ठहराव और कालिंदी एक्सप्रेस को कन्नौज तक चलाए रखना हमारी मुख्य मांग है। महासचिव ललित मोहन सिंह का बयान ने कहा कि यात्री सुविधाओं की भारी कमी है जीएम साहब ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, संयोजक विजय प्रजापति, महासचिव ललित मोहन सिंह, सचिव संजय गुप्ता, निर्मल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा नवाबगंज

**धूमधाम से निकली भव्य विसर्जन यात्रा**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**


गणेश विसर्जन यात्रा में मौजूद भक्तगण

गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के गगनभेदी जयकारों और अबीर-गुलाल की रंगीन फुहारों के बीच गुरुवार को कस्बा नवाबगंज में गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए। कस्बे के थाना क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर, कमल मंदिर, पंचवटी मंदिर और ब्रह्मदेव मंदिर सहित नगर के कुल सात स्थानों पर स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन से पूर्व विधि-विधान से पूजन किया गया। गणेश महोत्सव समितियों के अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने आरती कर बप्पा को विदाई दी। पूजा-अर्चना के बाद मुख्य तिराहे से भव्य विसर्जन यात्रा का शुभारंभ हुआ। सुसज्जित रथ पर सवार श्रीगणेश की प्रतिमा के आगे डीजे की धुन पर युवक-युवतियां अबीर-गुलाल उड़ाते और नाचते-गाते चल रहे थे।

यात्रा कस्बे के मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए मुख्य चौराहे तक पहुंची, जहां जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा फल व मिठाइयों का वितरण किया। नगर भ्रमण के पश्चात सभी गणेश महोत्सव समितियों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन के लिए फर्रुखाबाद स्थित पांचालघाट रवाना हुए, जहां गंगा तट पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

## गणेश विसर्जन जुलूस का डीजे रोकने पर आक्रोश, विरोध के बाद छोड़ा


थाने में खड़ा डीजे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कमल मंदिर से निकाली जा रही गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा जुलूस में शामिल डीजे को रोककर थाने में खड़ा कराए जाने पर गणेश महोत्सव कमेटी ने कड़ा विरोध जताया है। सूचना मिलते ही कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए और पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की। कमेटी के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि अन्य समुदायों के जुलूसों में डीजे बजाने पर ऐसी सख्ती नहीं दिखाई जाती, जबकि उनके धार्मिक आयोजन में बाधा डाली जा रही है। पदाधिकारियों ने मांग की कि नियम-कानून सभी के लिए समान रूप से लागू किए जाएं। थाना परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कमेटी पदाधिकारियों के बीच काफी देर वार्ता हुई। कमेटी के कड़े रुख और स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आखिरकार डीजे को छोड़ दिया। इसके बाद विसर्जन यात्रा अपने गंतव्य के लिए आगे रवाना हो सकी। वर्तमान में जिले भर में गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्राएं धूमधाम से निकाली जा रही हैं, जिनमें श्रद्धालु डीजे और गाजे-बाजे की धुन पर थिरकते हुए प्रतिमाओं का विसर्जन कर रहे हैं।


कार्यक्रम में सम्मानित होते कवि

## मोहल्ला नुनहाई में गणेश महोत्सव पर गूंजे कविता के स्वर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला नुनहाई के राजा भगवान गणेश के पांचवे महोत्सव में रात्रि गूंजे कविता के स्वर हिंदी पखवारे के अंतर्गत मोहल्ला नुनहाई में गजानन की प्रतिमा के सम्मुख कवि डा0 शिव ओम अम्बर की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विपिन वर्मा, जितेंद्र वर्मा ने सभी कवियों का सम्मानित किया। संयोजक युवा कवि निमिष टंडन ने अपनी ग़ज़ल से समा बांधा। प्रीति पवन तिवारी ने वाणी वंदना की। ओज के कवि दिलीप कश्यप रहे। हास्य के कवि नीलकमल त्रिवेदी रहे। गीतकार जयप्रकाश ने अपने गीतों से कार्यक्रम को उरूजता प्रदान की। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। डॉ शिव ओम अम्बर के जन्मदिन पर उनको सम्मानित किया गया। मोहल्ला नुनहाई के सभी व्यक्तियों ने उपस्थिति ग्रहण की पवन वर्मा ने सारी व्यवस्था संभाली।

# ट्रेन के आगे लेटकर कारपेंटर ने की खुदकुशी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**


जांच पड़ताल करती पुलिस

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के हथियापुर रेलवे क्रासिंग के पास गुरुवार सुबह एक मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी। मृतक की पहचान रसीदपुर निवासी 48 वर्षीय निर्दोष शर्मा के रूप में हुई है, जो पेशे से फर्नीचर बनाने का काम करते थे। इस हादसे के चलते रेल यातायात प्रभावित रहा और ट्रेन करीब 40 मिनट तक मौके पर ही खड़ी रही। सुबह लगभग 11:05 बजे कासगंज से कानपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 15040 फर्रुखाबाद की तरफआ रही थी। हथियापुर क्रासिंग के पास निर्दोष शर्मा अचानक पटरी पर लेट गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ने ट्रेन रोक दी। गेटकीपर रोहित कुमार को सूचना दिए जाने के बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर करीब 40 मिनट बाद ट्रेन को फर्रुखाबाद स्टेशन के लिए रवाना किया गया। मृतक निर्दोष शर्मा, सुरेश शर्मा के पुत्र थे। परिवार में उनकी पत्नी रेखा और तीन बच्चे हैं। उनकी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटे-विपिन और पवन अविवाहित हैं और बाहर रहकर काम करते हैं। दामाद सचिन शर्मा और स्थानीय निवासियों ने बताया कि निर्दोष काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे और शराब का सेवन भी करते थे। मऊदरवाजा थाना प्रभारी अजब सिंह, हथियापुर चौकी इंचार्ज विनीत त्रिपाठी और जीआरपी के एसआई एवरन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना एवं भारत टैक्सी सेवा का शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना एवं भारत टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया गया। यूपी सहकारी ग्राम्य विकास बैंक लि0 में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जनपद के किसानों एवं सहकारिता से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत रहे। प्रो0 ग्राम संयोजक कुलदीप गंगवार, लालाराम शाक्य, दीपक कटियार, विजय कटियार, रामपाल, रमेश कटियार, अजय पालिवाल, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना का उद्देश्य लघु एवं सीमांत कृषकों को सुलभ एवं रियायती दर पर दीर्घकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराकर उनकी कृषि उत्पादकता एवं आय में वृद्धि करना है। योजना के अंतर्गत पात्र कृषकों को 06,00 लाख रुपये तक का दीर्घकालीन ऋण 06 प्रतिशत प्रभावी ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार द्वारा 384 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। भारत टैक्सी सेवा का भी शुभारंभ किया गया।

# यूपी एनसीसी निदेशालय ने जीते 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक

**ऑल इंडिया जीवी मावलंकर स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप में एनसीसी कैडेटों का शानदार प्रदर्शन**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

ऑल इंडिया जीवी मावलंकर स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 22 सितंबर तक मोहाली में किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न एनसीसी निदेशालयों के प्रतिभाशाली कैडेटों ने प्रतिभाग कर अपने उत्कृष्ट निशानेबाजी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के कैडेटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 6 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में यूपी एनसीसी के कैडेटों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट निशाना लगाकर पदक प्राप्त किए। पदक विजेता कैडेटों का प्रदर्शन करते हुए कैडेट


शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेता छात्र

मोहित 2 स्वर्ण पदक, कैडेट देवांग 3 स्वर्ण पदक, कैडेट तनु 1 स्वर्ण पदक, कैडेट कनिष्क 1 रजत पदक, कैडेट रितेश 1 कांस्य पदक अपने नाम किया।

यूपी एनसीसी निदेशालय के कैडेटों ने 6 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य सहित कुल 8 पदक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के पांच कैडेटों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर जनपद एवं उत्तर प्रदेश एनसीसी का गौरव बढ़ाया है। कैडेट मोहितएकैडेट रचित, कैडेट अंकित, कैडेट, ज्योत्सना, कैडेट सानिया का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के लिए विशेष उपलब्धि है। कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक ने पदक विजेता एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित सभी कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी कैडेटों की यह उपलब्धि उनके अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास का परिणाम है। इस अवसर पर बटालियन के एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खरोड, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, एनसीसी अधिकारी कैप्टन गिरजा शंकर ने चयनित तथा विजेता कैडेट्स को बधाई दी।

## खबरें एक नजर में

### सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति के संदेश से गूंजे जनपद के परिषदीय विद्यालय



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त विकासखंडों के परिषदीय विद्यालयों में सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्तिविषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा नशे के दुष्प्रभावों से बचाव एवं नशामुक्त समाज का संदेश प्रसारित करना था। छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चित्रों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों, यातायात अनुशासन, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की कलाकृतियों में सड़क सुरक्षा अपनाएं, जीवन सुरक्षित बनाएं एवं नशामुक्त समाज, स्वस्थ समाज जैसे जागरूकता संदेश प्रमुखता से उकेरे गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बच्चों के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति का संदेश परिवार और समाज तक पहुंचाना इस अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक सरोकार, जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करते हैं।

### ग्वालटोली टिलिया के बैरसो देवी मंदिर में गणपति बप्पा धूम

**मंदिर प्रांगण में सुबह-शाम हो रही भव्य आरती**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला ग्वालटोली टिलिया स्थित प्रसिद्ध बैरसो देवी मंदिर में इन दिनों गणेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर प्रांगण में प्रथम पूज्य श्री गणेशजी की प्रतिमा को पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया है। गणेश उत्सव के दौरान मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है। आरती के समय गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठता है। बप्पा के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। भक्तजन अपनी-अपनी श्रद्धा अनुसार गणपति बप्पा को प्रिय लड्डू, मोदक, फल व अन्य दिव्य भोग अर्पित कर मनोकामनाएं मांग रहे हैं।

# 55 हजार बीघा भूमि अधिग्रहण के खिलाफ गरजे किसान

**जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे, प्रस्ताव को डस्टबिन में फेंककर जताया विरोध**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**


कार्यक्रम में मौजूद किसान नेता

मोहम्मदाबाद ब्लॉक क्षेत्र के तेरा गांव में किसान आंदोलन के बैनर तले एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। औद्योगिक गलियारा योजना के तहत 55 हजार बीघा जमीन अधिग्रहण के प्रस्ताव को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने अधिग्रहण प्रस्ताव की प्रति को डस्टबिन में डालकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। जनसभा में मौजूद हजारों किसानों ने एक स्वर में शपथ लेते हुए हुंकार भरी कि जान दे देंगे, लेकिन अपनी जमीन किसी कीमत पर नहीं देंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल ने सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि संसद में पारित भूमि अधिग्रहण कानून का पालन न करके सरकार सीधे तौर पर संसद का अपमान कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों की जमीन जबरन छीनने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों से एकजुट होकर इस भूमि अधिग्रहण का पुरजोर विरोध करने का आह्वान किया। अगली बैठक 18 अक्टूबर को चिंतामणि तालाब पर आयोजित की जाएगी। प्रदेश प्रभारी अशोक कटियार ने आरोप लगाया कि सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर अन्नदाताओं की उपजाऊ जमीन छीनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन उनकी समस्याएं जरूर चार गुना बढ़ गई हैं। इस दौरान दीपू राठौर, अरविंद राजपूत, हर्ष गंगवार, करुणा शंकर गोगा, प्रमोद गंगवार, वीके गंगवार, अभिनंदन गंगवार, रमेश राठौर, कमलेश शर्मा, जलील खां, अनुज पाल, डॉ. किशन सिंह पाल, राजू वर्मा, श्याम दास, प्रीतम सिंह उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के मामले में आरोपी सुनील दोषी करार

**भेजा गया जेल, सजा पर सुनवाई 25 सितंबर को**

**फरुखाबाद, समृद्ध न्यूज।** जानलेवा हमले के मामले में एफटीसी प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार की अदालत ने आरोपी सुनील को दोषी ठहराते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेने का आदेश जारी किया है। अदालत अब आरोपी की सजा के बिंदुओं पर 25 सितंबर को सुनवाई करेगी। घटना थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम महकई से जुड़ी है। पीड़ित वृंदावन पुत्र स्व0 भजनलाल द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर के अनुसार, उनका पुत्र गिरीश दिल्ली में ड्राइवरी करता है और गांव का ही सुनील नोएडा में एक कैंटीन में काम करता था। 15 मई 2013 को दिल्ली में किसी बात को लेकर गिरीश और सुनील के बीच कहासुनी व झगड़ा हो गया था। इसी रंजिश को लेकर 16 मई 2013 की रात करीब 11:00 बजे आरोपी सुनील अपने साथी अवनीश के साथ पहुंचा और घर में सो रही पीड़ित की पुत्री सपना पर दीवार की आड़ लेकर जानलेवा फायरिंग कर दी थी। गोली सपना के कमर के नीचे बाएं पैर की जांघ में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पीड़ित पिता घायल अवस्था में पुत्री को लेकर थाने पहुंचे और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुनील को तुर्कीपुर रोड के पास तिराहा से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी सुनील को धारा 307 के तहत दोषी सिद्ध करते हुए जेल भेज दिया है।

# पीडीए ही एनडीए को हराएगा और पूर्ण बहुमत की बनेगी सरकार: अनिल पाल

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निसाई में 2027 चुनाव की तैयारियों के तहत समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी तिर्वा एवं सुरेश पाल पूर्व प्रत्याशी उन्नाव मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अनिल पाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) समाज का उत्पीड़न बढ़ा है। खाद की किल्लत और आलू के सही दाम न मिलने से किसान कर्ज के बोझ तले दबा है। सुरेश पाल व चंद्रपाल सिंह यादव ने पेपर लीक, युवा बेरोजगारी और थाना व तहसील स्तर पर फैले बिचौलियों के भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर निशाना साधा। रामसेवक सिंह यादव ने बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई। वहीं पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने सपा शासन में बनी उच्च गुणवत्ता की सड़कों की तुलना वर्तमान सरकार की कमजोर बुनियादी सुविधाओं से की। सभी सपा नेताओं ने एकजुट होकर दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए समाज की लामबंदी से सपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम में मंदीप यादव, सौरभ कटियार, नरेंद्र सिंह यादव, राजेन्द्र पाल, अमित यादव, उदयभान पाल, अजब सिंह शाक्य, शिवम पटेल, सुभाष पाल, रवि शर्मा मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने किया ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन संयंत्र का शैक्षिक भ्रमण

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**


अवशिष्ट प्रबन्धन संयन्त्र का भ्रमण करते विद्यार्थी

छावनी बोर्ड द्वारा 2018 में नौगवॉ में स्थापित ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन संयन्त्र का आर्मी पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 के 41 छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण कर विभिन्न मशीनों के माध्यम से कचरे को रिसाइकिलिंग कर प्लास्टिक के दाने तथा कम्पोस्ट खाद बनाये जाने की जानकारी प्राप्त की।

संयन्त्र के प्रभारी यशवन्त सिंह और एएसआई विक्रम सिंह ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल से लागू नये नियम के अनुसार अब चार प्रकार के कचरे को अलग-अलग करना अनिवार्य है। किचन, खाना, फल और सब्जियों के छिलके को गीले अवशिष्ट के डिब्बे में, प्लास्टिक, पेपर, धातु और कॉच आदि को सूखे कचरे के डिब्बे में, डायपर, सैनेटरी पैड आदि स्वच्छता से जुड़े कचरे को सैनेटरी कचरे के डिब्बे में तथा बैटरी, बल्ब, दवाइयां या अन्य केमिकल से जुड़े कचरे को स्पेशल केयर कचरे के डिब्बे में अलग-अलग डालना चाहिए। हर घर, दुकान या किसी भी संस्था के लिए यह करना अनिवार्य है। इन नियमों को न मानने वाले पर जुर्माना भी हो सकता है। उन्होंने ने बताया कि कई मशीनों के द्वारा इन अवशिष्ट पदार्थो को रिसाइकिलिंग कर प्लास्टिक के दाने और खाद बनाने तथा अनुपयोगी कचरे को भूमि को भरने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने बताया कि 24 सितम्बर से विद्यालय द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता पखवारे के अन्तर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक, सफाई अभियान तथा वृक्षारोपण आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उप-प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने कहा कि इससे बच्चों के अन्दर जागरूकता के साथ समाज सेवा की भावना विकसित होती है और उन्हें अपने कर्तव्यों का ज्ञान होता है। इस शैक्षिक भ्रमण में वीरेन्द्र कुमार मिश्र, डॉ. राजेश पाण्डेय, प्रदीप कुमार गोले, अपर्णा चौधरी, उमा त्रिवेदी, ब्रजवाला, सुरेन्दर सिंह, अमितेश पाठक और राम सागर ने भूमिका निभाई।

# बिना कागजात चल रहा ओयो होटल सील

**पुलिस की छापेमारी से मचा हड़कंप**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**


जांच पड़ताल करती पुलिस

थाना क्षेत्र के अचरा मार्ग पर पुलिस ने नियमों की अनदेखी कर चलाए जा रहे एक ओयो होटल पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। पुलिस की इस अचानक हुई छापेमारी से इलाके के अन्य होटल और गेस्ट हाउस संचालकों में खलबली मच गई है। थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अचरा मार्ग स्थित ओयो होटल में औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान होटल में कोई अवैध गतिविधि तो नहीं पाई गई, लेकिन संचालन से जुड़े जरूरी वैध दस्तावेज और लाइसेंस पूरी तरह नदारद मिले। मौके पर मौजूद कर्मचारी पुलिस द्वारा मांगे जाने पर होटल का कोई भी लाइसेंस या कानूनी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। तालीम व पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के कुबेरपुर गांव निवासी आर्यन शाक्य ने पिछले महीने ही इस ओयो होटल का शुभारंभ किया था।

वैध अनुमति और दस्तावेजों के अभाव को देखते हुए थाना प्रभारी ने मौके पर ही होटल को बंद करवाकर उसमें ताला जड़ दिया। कार्रवाई के बाद पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के सभी होटल व गेस्ट हाउस संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि वे शासन के नियमों व मानकों का कड़ाई से पालन करें। थाना प्रभारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना वैध अनुमति के होटल संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह कठोर वैधानिक कार्रवाई होगी।

## खेल के मैदान का पसीना छात्रों को बोर्ड परीक्षा में दिला सकता है बोनस अंक

**यूपी बोर्ड ने खिलाडी छात्र-छात्राओं को 20 बोनस अंक देने का शासन को भेजा प्रस्ताव**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेल के मैदान की सफलता यूपीए बोर्ड में बोनस अंक दिला सकती है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यार्थियों को खेल उपलब्धियों के आधार पर बोर्ड परीक्षा में उन्हें अधिकतम 20 बोनस अंक तक देने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। प्रस्ताव को शासन की स्वीकृति मिलते ही अगले सत्र से हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट के हजारो खिलाड़ी छात्रों उसका लाभ मिलेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शासन को भेजे गये प्रस्ताव के अनुसार राज्य स्तर की खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थीयों को पांच बोनस अंक मिलेगें। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने पर सात अंक और पदक जीतने पर 10 बोनस अंक दिये जाएंगे। जबकि अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर 15 अंक एवं पदक जीतने पर 20 बोनस अंक देने का प्रावधान किया गया है। बोनस अंक की सुविधा केवल उन्ही विद्यार्थियों को मिलेगी, जिन्होने परीक्षा वर्ष की 31 जनवरी तक राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का प्रमाण हासिल कर लिया हो। एक विद्यार्थी को केवल एक ही खेल प्रमाण पत्र के आधार पर बोनस अंक मिलेगा। यदि किसी विद्यार्थी के पास एक से अधिक खेल प्रमाण पत्र होंगे तो अधिकतम अंक दिलाने वाला प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। कम्पार्टमेंट परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी इस सुविधा के पात्र नहीं होगें। हाई स्कूल के खिलाड़ी छात्रों को मिलने वाले बोनस अंक उनके अंकपत्र में अलग से दर्शाए जाएंगे, जबकि इंटरमीडिएट के छात्रो को मिले बोनस अंक उनके कुल प्राप्तांक में जोड़े जाएं।

# सीडीओ ने दिए जियो टैगिंग के दिये निर्देश

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**


बैठक लेते सीडीओ मौजूद अन्य

विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग के समस्त सचिवों व प्रभारियों की उर्वरक बिक्री से संबंधित बैठक और कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है, लेकिन बिक्री में लापरवाही या कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। वर्तमान में बफर स्टॉक में 7295.000 मी0टन यूरिया, 4343.000 मी0टन, उपलब्ध है। समितियों पर साफसुथरा रेट बोर्ड और सचिव की उपस्थिति का रोस्टर फ्लेक्सी बोर्ड लगाया जाए। सभी समितियों की जियो-टैगिंग कराई जाए। स्टॉक और बिक्री रजिस्टर का सही से रख-रखाव किया जाए। उर्वरक का वितरण किसानों को उनकी फार्मर आईडी अथवा फार्मर आईडी एवं खतौनी के आधार पर तय मात्रा के अनुसार ही किया जाए। समस्त उर्वरक बिक्री केंद्र समय पर खुलेंगे। यदि किसी बिक्री केंद्र द्वारा अनियमितता या कालाबाजारी की जाती है, तो उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए टीमों द्वारा समय-समय पर जांच की जाएगी। बैठक में कृभको के क्षेत्र प्रबंधक, पीसीएफ के जिला प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक फतेहगढ़ के सचिव/सीईओ, सहायक विकास अधिकारी, अपर जिला सहकारी अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक तथा जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

# 30 सितंबर को जनपद पहुंचेगी ज्योति कलश यात्रा

**सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से बनाने के दिए निर्देश**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

आवास विकास स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला संगठन प्रभारी एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुआ सेवा संकल्प अभियान एक महीने तक चलेगा। 25 सितंबर दीनदयाल उपाध्याय जयंती को लेकर बताया कि प्रत्येक बूथ पर गोष्ठियों का आयोजन और 27 सितंबर के मन की बात कार्यक्रम की तैयारी हेतु मंडल स्तरीय बैठकें आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया जायेगा। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। 30 सितंबर को गुजरात के बड़नगर से निकली ज्योति कलश यात्रा का फर्रुखाबाद गनीपुर जोगपुर पहुंचने पर स्वागत तथा पांचाल घाट भगुआ नगला में रात्रि चौपाल का आयोजन होगा। उन्होंने नाट्य व संवाद कार्यक्रम के बारे में बताया कि जनपद की चारों विधानसभाओं में पीएम मोदी की जीवन यात्रा पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने भी विचार रखे। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, जितेंद्र सिंह, संदेश राजपूत, हिना दवे, वीरेंद्र कटेरिया, रश्मि दुबे, अश्नील दिवाकर, शिवांग रस्तोगी, प्रतिभा राजपूत, मनोज गंगवार, शिवमोहन सिंह, अनुराग सिंह, अभिषेक बाजपेई, रजनीश मिश्रा, सुशील राजपूत, पंकज पाल, संजय ठाकुर, विकास पांडे, कृष्ण मुरारी राजपूत उपस्थित रहे।

## श्राद्ध और तर्पण का वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य पर विचारों का समन्वय

**फर्रुखाबाद।** सनातन परंपरा में पितृ पक्ष के दौरान किए जाने वाले श्राद्ध और तर्पण को केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न मानकर इसके दार्शनिक और भौतिकीय पहलुओं पर विमर्श तेज हो गया है। विद्वान डॉ. कृष्णकांत अक्षर के एक विचारपरक आलेख के अनुसार, वेदों में वर्णित पितृलोक, पितृयोनि और तर्पण की प्रक्रिया को आधुनिक भौतिकी के कुछ मूलभूत सिद्धांतों के आलोक में समझा जा सकता है। वेदों में पितृलोक और पितरों की उपस्थिति का बारबार उल्लेख मिलता है। राजाराम शास्त्री और पंडित गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जैसे मूर्धन्य विद्वानों ने अपने शोध एवं ग्रंथों में वैदिक प्रमाणों के आधार पर सिद्ध किया है कि स्थूल जगत् के परे सूक्ष्म जगत् का अस्तित्व शास्त्रीय दृष्टि से पूरी तरह प्रामाणिक है। आधुनिक विज्ञान के सबसे महान वैज्ञानिकों में से एकए अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपने प्रसिद्ध निबंध रिलीजन एंड साइंस में ब्रह्मांडीय चेतना और सूक्ष्म व्यवस्थाओं पर चर्चा की है।

## प्राथमिक विद्यालय बरगदी में बच्चों को सिखाया हाथ धोने का तरीका



**समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।** विकासखंड भरावन क्षेत्र के पीपर गांव मजरा बरगदी स्थित प्राथमिक विद्यालय बरगदी में सोमवार को एसबीआई संजीवनी ग्रामीण विकास ट्रस्ट की मोबाइल वैन के माध्यम से हैंडवाश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक और दो के बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हाथ धोने की प्रक्रिया का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्हें स्वच्छता के महत्व और भोजन से पहले तथा बाद में हाथ धोने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को फल आदि का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश चतुर्वेदी समेत विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान संजीवनी प्रोजेक्ट के कोऑर्डिनेटर सुयांशु प्रताप सिंह, नर्स दीपा मिश्रा, लैब टेक्नीशियन शिवम कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने उकेरा विकसित भारत का स्वरूप

**फर्रुखाबाद।** बढ़पुर स्थित महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य शीर्षक राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047 रखा गया था। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को तीन समूहों समूह ए, समूह बी और समूह सी में विभाजित किया गया था। छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और रचनात्मक विचारों के माध्यम से रंगोली बनाकर यह दर्शाने का प्रयास किया कि वर्ष 2047 तक हमारा देश किस प्रकार एक विकसित भारत के रूप में समृद्ध हो सकता है। रंगोलियों के सूक्ष्म अवलोकन एवं मूल्यांकन के बाद प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। प्रथम स्थान समूह ए में गौरी मिश्रा, अपूर्वा द्विवेदी, कोमल, शिवानी एवं कुमकुम शुक्ला रही। द्वितीय स्थान पर समूह सी में रिया चौहान, मोना बाथम, तनु कनौजिया एवं शिवानी शुक्ला रही। तृतीय स्थान पर समूह बी में कोमल मिश्रा, कंचन शुक्ला, छाया शाक्य, समीरा एवं करिश्मा वर्मा रही।

## भारतीय महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित, रजनी यादव प्रथम


रंगोली प्रतियोगिता में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्पना 2047 विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा व रचनात्मक सोच के जरिए वर्ष 2047 के सशक्त और समर्थ भारत की तस्वीर पेश की। प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक रंगोलियां बनाईं। प्रथम स्थान पर रजनी यादव, द्वितीय स्थान प्रिया शाक्य, तृतीय स्थान मानसी ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश, नोडल अधिकारी डॉ. प्रेम शंकर पाण्डेय तथा संचालक डॉ0 धनंजय कुमार कुशवाहा ने विजयी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में देश के प्रति जिम्मेदारी और कलात्मक अभिरुचि को बढ़ावा देती हैं। इस अवसर पर विवेक सिंह, डॉ0 संदीप कुमार द्विवेदी, डॉ0 आलोक विहारी लाल, डॉ0 निधीश कुमार सिंह, नीरज कुमार द्विवेदी, डॉ0 रमाशंकर पाण्डेय, डॉ0 मधुप कुमार, प्राची गोस्वामी, विजय कुमार उपस्थित रहे। वहीं कर्मचारियों में अशोक कुमार मिश्र, विवेक शुक्ला, बलराम सिंह, सर्जेश मौजूद रहे।

# बीईओ ने किया प्रा.वि. मदारपुर का निरीक्षण

**बेहतर व्यवस्थाओं पर प्रधानाध्यापक की सराहना**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**


निरीक्षण के दौरान बीईओ व प्रधानाध्यापक तथा बच्चे

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राना ने औचक निरीक्षण कर विद्यालय की भौतिक एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने मल्टीपल हैंडवॉश यूनिट, शौचालय, आरओ वॉटर कूलर, किचन और कक्षाओं की साफ-सफाई व व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी बच्चे नियमानुसार यूनिफॉर्म में उपस्थित मिले। रसोईघर में खाद्य सामग्री पारदर्शी एवं ढक्कन बंद डिब्बों में सुव्यवस्थित ढंग से रखी पाई गई, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल के प्रबंधन की सराहना की। मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार दाल और रोटी परोसी गई। रसोइयों ने बताया कि अरहर की दाल में लौकी, टमाटर, प्याज, हरी मिर्च और हरा धनिया डालकर पौष्टिक भोजन तैयार किया गया था। बीईओ ने भोजन की गुणवत्ता को सराहा। विद्यालय में निरीक्षण के समय सहायक शिक्षक आकाश पाल एवं शिक्षा मित्र कमलेश राजपूत उपस्थित मिले। वहीं, सहायक शिक्षक योगेन्द्र कुमार बीआरसी ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित 5 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे थे।

इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर में मिनी आंगनबाड़ी केंद्र भी सुचारू रूप से संचालित पाया गया।

## उमाकांत मिश्रा को सांसद रमेश अवस्थी ने दी श्रद्धांजलि



**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर के ग्राम परौली में आयोजित तेरहवीं संस्कार कार्यक्रम में कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने सहभागिता की। तेरहवीं संस्कार अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष मुनीश मिश्रा तथा कल्लू मिश्रा के चाचा स्वर्गीय उमाकांत मिश्रा की स्मृति में आयोजित किया गया था। सांसद ने दिवंगत उमाकांत मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सांसद ने कहा कि परिवार के किसी सदस्य को खोना बेहद पीड़ादायक होता है और उन्होंने ईश्वर से इस कठिन समय में परिजनों को धैर्य व शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों में भाग लिया। जहां स्थानीय निवासियों ने उनका स्वागत किया।

# मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



सेवा संकल्प अभियान के तहत मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में विकसित भारत 2047 विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंगों के माध्यम से देश की प्रगति और समृद्ध भविष्य की परिकल्पना को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक सोच का परिचय देते हुए आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और राष्ट्र निर्माण जैसे ज्वलंत विषयों पर संदेशप्रद रंगोलियां उकेरीं। प्राचार्या डॉ0 कल्पना सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा विकसित भारत का लक्ष्य युवाओं की ऊर्जा, उनकी सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयासों के बल पर ही हासिल किया जा सकता है। वहीं नोडल अधिकारी डॉ0 प्रियांशु गुप्ता ने कहा कि ऐसे रचनात्मक आयोजन विद्यार्थियों में कलात्मकता के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम और सामाजिक दायित्वों का बोध कराते हैं। रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अमित कुमार एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार ने निभाई। उन्होंने रंगोलियों की विषयवस्तु, रंगों के संयोजन, रचनात्मकता और प्रस्तुतीकरण के आधार पर प्रतिभागियों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया।

# खबरें एक नजर में

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने डीएम का किया स्वागत



**कानपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नव नियुक्त जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। जिलाधिकारी ने परिषद प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद देते हुए कहा कि शीघ्र ही कर्मचारियों,शिक्षकों व पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान हेतु एक बैठक परिषद के साथ किए जाने का आश्वासन दिया। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि कानपुर नगर एक ऐतिहासिक व सांस्कृतिक शहर रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। एडीएम सिटी सौरभ सिंह को भी पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रतिनिधि मंडल में रणधीर सिंह यादव,सहाब सरताज,जितेन्द्र मिश्रा,अजय द्विवेदी,योगेन्द्र कुमार सिंह,अमित पांडेय,अजीत निगम, पारस नाथ, शैलेन्द्र कुमार, अरशद हलीम,सुखेंद्र यादव,धर्मेन्द्र अवस्थी आदि शामिल रहे।

## प्रसव के दौरान नवजात को सिर में लगी चोट, मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** प्रसव के दौरान नवजात बच्ची के सिर में चोट लगने और उपचार के दौरान उसकी मौत के मामले में महिला के पति ने निजी क्लीनिक संचालक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं क्लीनिक संचालक ने आरोपों को निराधार बताते हुए महिला का प्रसव अपने यहां नहीं होने की बात कही है। नगर के पूर्विया टोला निवासी आरिफकी पत्नी शबा को 20 सितंबर की रात प्रसव पीड़ा बढ़ने पर नानामऊ रोड स्थित एक क्लीनिक ले जाया गया था। पति का आरोप है कि क्लीनिक संचालक ने बच्चा फंसे होने की जानकारी के बावजूद प्रसव कराने का भरोसा दिया। प्रसव के प्रयास में बच्ची के सिर में चोट लगने की बात कही गई है। हालत बिगड़ने पर महिला को हरदोई रोड स्थित निर्मला अस्पताल ले जाया गया स ।जहां आपरेशन से बच्ची का जन्म हुआ ।इसके बाद लखनऊ के हाईटेक अस्पताल ले जाते समय बुधवार को नवजात की मौत हो गई। क्लीनिक संचालक ने बताया कि प्रसूता की हालत पहले से गंभीर थी और उन्होंने दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी थी। उनके अनुसार उनके क्लीनिक पर प्रसव नहीं हुआ। निर्मला अस्पताल संचालक आशीष कटियार ने बताया कि बच्चा फंसा होने पर आपरेशन किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय ने जांच की बात कही है।

## सरकार ने किसानों को पहुंचाया लाभः श्रीकान्त कटियार

**बांगरमऊ, उन्नाव।** विकास खण्ड बांगरमऊ के सभागार बांगरमऊ में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित कृषक गोष्ठी के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया है उन्होंने किसानों को बीज की मिनी किट वितरित की। उक्त अवसर पर किसानों को सम्बोधित करते हुए भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो योजनाए किसानों के लिए चालू की है उससे किसानों की आमदनी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि हमारे देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसान केवल अन्नदाता ही नहीं , बल्कि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं। किसानों की समृद्धि से ही गांव और प्रदेश की समृद्धि संभव है। इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि खेती को आधुनिक, लाभकारी और टिकाऊ बनाया जाए। आज कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों का तेजी से विस्तार हो रहा है। केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है।

# केक काटकर धूमधाम से मना मीना का जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।**

क्षेत्र के ग्राम ताजपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में मीना (यूनिसेफ द्वारा दिया काल्पनिक नाम) का जन्मदिन केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शिक्षकों ने मीना के प्रतिरूप में विद्यालय की छात्रा दीपिका का जन्मदिन मनाया। मीना के जन्मदिन कार्यक्रम की शुरुआत यूनिसेफ द्वारा 24 सितंबर 1998 को की गई थी। प्रभारी शिक्षक संजय यादव ने बच्चों को बताया कि मीना के माध्यम से हम अपने समाज में बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक करने का काम करते हैं। मीना यूनिसेफ एवं सर्व शिक्षा अभियान योजना का एक कार्टून पात्र है जो बच्चों को साफ सफाई की सीख देती है इसका उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर, समान अवसर उपलब्ध कराना, लिंग भेदभाव का अंतर समाप्त करना, मित्रवत व्यवहार करना, बाल मित्र समाज का निर्माण, सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना है। शिक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि मीना एक काल्पनिक चरित्र जो बालिकाओं के मुद्दों को सरल एवं सहज रूप से समझाने का प्रयास करती है जिससे प्रत्येक वर्ग एवं समाज की बालिकाएं अपने से जोड़कर महसूस करती हैं। मीना मंच का मुख्य उद्देश्य किशोर व किशोरियों में आत्म अभिव्यक्ति, नेतृत्व एवं सहयोग प्रदान करना है।

# सभी सीटों पर पुनः भाजपा की जीत का दिया मंत्रः पीके वर्मा




**समृद्धि न्यूज,उन्नाव।**

भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पी.के. वर्मा ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत गुरुवार को जनपद उन्नाव का विस्तृत संगठनात्मक प्रवास किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठकें संपन्न हुई, जिनमें आगामी चुनावों में जनपद की सभी विधानसभा सीटों पर पुनः भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को जीत का मूलमंत्र दिया गया।

जिला अभियान मॉनिटरिंग पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सेवा कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष व मॉनिटरिंग प्रमुख सुशील तिवारी, अभियान संयोजक जिला महामंत्री मनीष जायसवाल, जिला मीडिया प्रमुख समीर शुक्ला, जिला मंत्री साधना दीक्षित, सविता रावत, जिला कार्यालय सह-मंत्री रमेश तिवारी, प्रियंका शुक्ला, रलाल, रजत शुक्ला, आदित्य जायसवाल, नीलम सिंह, उदय प्रताप सिंह नीतू सिंह, सुरुचि अग्निहोत्री, कल्पना तिवारी, कमल बाजपेई, अवध निगम, अमित त्रिपाठी, अजय मणि पाण्डेय व देवराज सिंह उपस्थित रहे।

### अभियानों और संगठनात्मक विषयों की गहन समीक्षा

**उन्नाव।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने सेवा संकल्प अभियान की प्रगति एवं आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पी.के. वर्मा ने कहा, ष्सेवा और समर्पण ही भारतीय जनता पार्टी का मूल चरित्र है। श्सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान का हमारा वैचारिक अनुष्ठान है।

### प्रदर्शनी का अवलोकन एवं महापुरुषों को नमन

**उन्नाव।** बैठकों के उपरांत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पी.के. वर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ निराला प्रेक्षागृह पहुंचकर सेवा संकल्प अभियान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद वे पार्टी पदाधिकारियों के साथ भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत साहित्यिक धरा ग्राम बेथर पहुंचे, जहाँ महान साहित्यकार पं. प्रतापनारायण मिश्र जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# कानपुर जलमग्न, अब अपने बचाव में उतरी महापौर



**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

**तालाबों की जमीन पर बने मकानों व अवैध कब्जों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश**

शहर में बढ़ते जलभराव और गिरते भूजल स्तर को लेकर कानपुर मेयर प्रमिला पांडे ने चिंता जताई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अनियोजित विकास और तालाबों के खत्म होने को जल संकट की बड़ी वजह बताते हुए संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। सरकारी अभिलेखों के अनुसार चष्ठ की पुरानी सीमा में शामिल 86 गांवों में कुल 312 तालाब दर्ज हैं। आरोप है कि इनमें कई तालाबों की जमीन पर निर्माण और विकास कार्य होने से पानी के प्राकृतिक संचयन की व्यवस्था प्रभावित हुई है। इसका असर बारिश के दौरान सड़कों और रिहायशी इलाकों में जलभराव के रूप में सामने आ रहा है। वहीं तालाबों के घटने से भूजल स्तर पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मेयर ने मांग की कि केडीएम के अभिलेखों में दर्ज सभी 312 तालाबों की ड्रोन और तकनीक से मैपिंग कराकर उनकी मौजूदा स्थिति की जांच कराई जाए। अतिक्रमण और अवैध निर्माण वाले तालाबों की राजस्व अभिलेखों के आधार पर पहचान कर जिम्मेदारी तय करने की मांग भी उठाई गई। नगर निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से 'तालाब पुनर्स्थापन मिशन' शुरू करने की मांग की गई है। मेयर ने अगले साल की बारिश से पहले शहर को जलभराव से राहत दिलाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने की बात कही।

## पिता की हत्या की सुपारी देने वाला बेटा गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में हुई विनीत मनोचा की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक के बेटे सुब्रत मनोचा ने अपने पिता से चल रहे विवाद और आर्थिक परेशानियों के चलते हत्या की साजिश रची और कथित तौर पर सुपारी देकर पिता की हत्या कराई। मामले में पुलिस ने घटना के मास्टरमाइंड सुब्रत मनोचा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 5 सितंबर 2026 को विनीत मनोचा की हत्या की गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, फील्ड एक्शन और सीडीआर के आधार पर आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की। जांच में पुलिस को प्लेट की डुप्लीकेट चाबी, घटना के समय पहने गए रक्तरंजित कपड़े और अन्य साक्ष्य मिले। पुलिस का कहना है कि डुप्लीकेट चाबी बनवाने वाले व्यक्ति से पूछताछ में आरोपी विशाल गौतम की पहचान सामने आई। वहीं, आरोपी राजकिशोर की निशानदेही पर घटना के समय पहने गए रक्तरंजित कपड़े बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में विशाल गौतम ने बताया कि मृतक विनीत मनोचा उसकी दुकान पर करीब पांच वर्ष पहले काम करता था। बाद में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। पुलिस के अनुसार, विनीत मनोचा के बेटे सुब्रत मनोचा से विशाल का संपर्क था और सुब्रत ने अपने पिता को रास्ते से हटाने की योजना में उसे शामिल किया। पुलिस का दावा है कि सुब्रत मनोचा आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा था और अपने पिता से संपत्ति तथा खर्च को लेकर विवाद था। इसी दौरान उसने विशाल गौतम और राजकिशोर के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस ने सुब्रत मनोचा को हत्याकांड का मास्टरमाइंड बताते हुए गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज कानपुर में रंगोली बनाई

**कानपुर।** रंगोली की थीम राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047 थी। रंगोली का साइज 17 ×17 फीट थी। छात्राओं आफिया निशा, सायना अंसारी, तस्मिया नूर, आंचल वर्मा, अनुपमा ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया एवं अत्यंत कलात्मक ढंग से राष्ट्रीय प्रतीक एवं गौरव चिन्ह झंडा, कबूतर, फूल एवं ए आई और विकसित भारत को उकेरा। छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में अत्यंत उत्साह पूर्वक भाग लिया। चित्रकला विभाग की डॉक्टर पूजा श्रीवास्तव, बी . एड विभाग की डॉक्टर पिंकी द्विवेदी एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ विनीता श्रीवास्तव ने छात्राओं के साथ अत्यधिक लगन एवं परिश्रम से रंगोली बनवाई। कृति का रंग संयोजन ,अनुपातिकता विषय वस्तु की स्पष्टता एवं स्वच्छता अत्यंत मनमोहक थी। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर वंदना निगम , डायरेक्टर प्रोफेसर अर्चना वर्मा, सेवा संकल्प अभियान की संयोजिका प्रोफेसर पप्पी मिश्रा, सह संयोजिका प्रोफेसर अभिलाषा गौर, डॉ संगीता सिरोही भी कार्यक्रम में उपस्थित थी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा आज जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ई.वी.एम./वी.वी.पैट के वेयर हाउस के त्रैमासिक आन्तरिक सुरक्षा की स्थिति का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों यथा भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पाटी, बहुजन समाज पार्टी, अपना दल व आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों तथा अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक अधिकारी, ई.वी.एम., उप जिलाधिकारी, सदर एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फतेहपुर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा ई.वी.एम. वेयर हाउस में लगे सी.सी. कैमरों का निरीक्षण किया गया जिसमें यह पाया गया कि उक्त सभी सी.सी. कैमरे क्रियाशील है तथा वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्द के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की गयी जिसमें यह पाया गया कि तैनात गार्द में 01-हेड कांन्स्टेबल तथा 02-कॉन्स्टेबल ई.वी.एम. वेयर की सुरक्षा में 24एक्स7 तैनात हैं। इसी क्रम में ई.वी.एम. वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे फायर सिलेण्डर की वैधता की जांच की गयी जो आयोग के मानक के अनुरूप पायी गयी तथा वेयर हाउस में रखी गयी ई.वी.एम. मशीनें आयोग के निर्धारित मानक के अनरूप रखी हुई पायी गयी।

## पीड़ित ने मंडी सचिव को शिकायती पत्र देकर की कार्यवाही की मांग

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के संडीला रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी यार्ड के अभिरक्षक फूलचंद गौतम ने मंडी सचिव को शिकायती पत्र देकर मंडी में कार्यरत दीपक पाण्डेय पर मारपीट करने व जातिसूचक गालियां देने तथा पिस्तौल लहराने और फायरिंग करने का आरोप लगाया है। अभिरक्षक फूलचन्द्र गौतम द्वारा 23 सितम्बर बुधवार को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि मंडी सचिव के बुलाने पर वह कार्यालय पहुंचा था। आरोप है कि कार्यालय में पहले से कुर्सी पर बैठे दीपक पाण्डेय ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। फूलचन्द्र गौतम का आरोप है कि इसी दौरान दीपक पाण्डेय ने पिस्तौल लहराते हुए फायरिंग भी की। जिससे वह भयभीत हो गया।

# भाजपा की बैठक में सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा पर चर्चा

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी संगठन बैठक गुरुवार को पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नवीन जिला प्रभारी राहुल अग्निहोत्री का स्वागत एवं परिचय कराया गया। बैठक में संगठन की गुणवत्ता, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिला प्रभारी राहुल अग्निहोत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अभियान के अंतर्गत 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें 17 सितंबर को शाम 6 से 7 बजे तक हर घर में आशीर्वाद का दीया जलाकर प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना, वडनगर से वाराणसी जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा, विकसित भारत संकल्प यात्रा, आंगन का उत्सव, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, सेवा ज्योति यात्रा, कहानी बदलाव की, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, रंगोली राष्ट्र, राष्ट्रीय इनोवेशन चौलेंज, जनसेवक महाकुंभ तथा 25 साल-25 कहानियां कार्यक्रम शामिल हैं। जिला प्रभारी राहुल अग्निहोत्री ने बताया कि सेवा मेरा योगदान के तहत रक्तदान, स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं डिजिटल साक्षरता अभियान चलाए जा रहे हैं, जबकि सेवा सेतु के माध्यम से शिविर लगाकर पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। विकसित भारत की थीम पर छात्रों के लिए ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने बूथ एवं मंडल स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, महिलाओं से अधिक संपर्क करने तथा पूर्व पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पूर्व प्रत्याशियों के अनुभवों का संगठनात्मक अभियानों में उपयोग करने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं से कर्तव्यपरायणता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा।

## खबरें एक नजर में

### दिव्यांगजनों के समस्या समाधान के लिए आयोजित होगा मोबाइल कोर्ट

**महराजगंज।** राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश पर जनपद के दिव्यांगजनों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु 30 सितम्बर 2026 को विकास भवन के सभागार में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। इसमें 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांग बच्चों की समेकित शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण, गरीबी उन्मूलन एवं कल्याणकारी योजनाओं में आरक्षण, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अंतर्गत सुविधाओं एवं अधिकारों, भेदभावपूर्ण व्यवहार, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी करने तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। दिव्यांगजन मोबाइल कोर्ट में उपस्थित होकर अपनी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करा सकते हैं।

### 30 बेरोजगारों को किया गया प्रशिक्षित

**महराजगंज।** राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, महराजगंज द्वारा दो दिवसीय रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड मिठौरा के ग्राम पंचायत दरहटा में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 23 से 24 सितम्बर 2026 तक किया गया। कार्यक्रम में बेरोजगार युवाओं को फल एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित विभिन्न उत्पाद तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फल संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण, उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग तथा स्वरोजगार के माध्यम से आय में वृद्धि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कुल 30 बेरोजगार युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों को तैयार करने की विधि का प्रदर्शन किया गया तथा प्रतिभागियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम प्रधान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 524 वाहनों का चालान

**महराजगंज।** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 524 वाहनों का चालान किया गया तथा 1 वाहन को सीज किया गया।और शांति भंग की आशंका के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं उपद्रव की रोकथाम हेतु जनपद के विभिन्न थानों से 58 व्यक्तियों को धारा 170 बी एन एन एस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया।तथा आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 6 अभियोगों में 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से कुल 30 लीटर कच्ची शराब, 36 शीशी देशी शराब एवं 225 शीशी अंग्रेजी शराब बरामद की गयी।

### खास रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन



**महाराजगंज।** विकासखंड सिसवा क्षेत्र के बलूवही धूस चौराहे पर जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता शंकराचार्य पटेल के खास रेस्टोरेंट का उद्घाटन भव्यता पूर्वक हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, पूर्व विधायक सिसवा शिवेंद्र सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि काशीनाथ सिंह, जिला पंचायत सदस्य इफ्तिखार उर्फ टुनटुन,त्रिभुवन वर्मा,मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार चौधरी, सिडडू सिंह, पूर्व प्रमुख घुघली श्रवण सिंह, राजीव द्विवेदी, सननी साहनी, ओसियार यादव आदि मौजूद रहे।

### बारिश का दौर जारी, तमाम फसलों को मिला सिंचाई का लाभ

**महराजगंज।** बृहस्पतिवार को तड़के सुबह से बारिश का दौर जारी है। लगातार अच्छी बारिश होने के कारण फसलों को सिंचाई का लाभ मिल रहा है।वही तापमान में गिरावट की स्थिति बनी है। जिससे कल तक हो रही तेज धूप के बीच हो रही गर्मी से लोगों को राहत मिला है। मौसम विभाग के जिम्मेदारों के अनुसार तीन दिनों तक भारी बारिश का दौर रहेगा। इसके बाद मानसून की वापसी शुरू हो जाएगी। किसानों के अनुसार धान की तैयार फसल को सहेजने में बारिश से बाधा उत्पन्न हुई है वही दूसरी तरफ लंबी अवधि के धान के तमाम प्रजातियों को व्यापक लाभ मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि सुबह 8.30बजे तक सदर तहसील क्षेत्र में 15 मिलीमीटर तथा फरेंदा तहसील क्षेत्र में 20 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि नौतनवा एवं निचलौल तहसील क्षेत्र में बारिश नहीं हुई थी। लेकिन इसके बाद बारिश का दौर जिले में जारी है। लगातार बारिश होने से तापमान में गिरावट की स्थिति बनी है। जबकि अच्छी बारिश होने से लंबी अवधि के धान की फसल को सिंचाई का लाभ मिला है।

# जिला कारागार में श्रमिकों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज श्रम विभाग द्वारा चिकित्सा विभाग के सहयोग से निर्माणाधीन जिला कारागार, पडरौना में कार्यरत लगभग 125 श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि का वितरण एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे द्वारा किया गया। तत्पश्चात माननीय सांसद द्वारा श्रम विभाग के उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 14 श्रमिकों/उनके आश्रितों को कुल 7,15,000 धनराशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इनमें मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना तथा मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना शामिल हैं।

# भाजपा सरकार में लूट व अत्याचार की घटनाएं बढ़ीः अशोक यादव

**2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बनायी गई रणनीति**

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।




समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की संयुक्त अध्यक्षता में सभी प्रकोष्ठो की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 2027 विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा की गई साथ ही विधान परिषद चुनाव देखते हुए स्नातक व शिक्षक मतदाताओ से डोर-टू-डोर सम्पर्क करने का निर्देश दिया गया। बैठक में समाजवादी युवजन सभा, छात्रसभा, यूथ ब्रिगेड, लोहियावाहिनी, महिला सभा, अधिवक्ता सभा, व्यापार सभा, मजदूर सभा, शिक्षक सभा, सैनिक प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व महासचिव मौजूद रहें। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव कभी हो सकते है आप लोग तैयार रहें। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी लूट और अत्याचार, बलात्कार की घटनाएं बढ़ी है जनता इन्हे सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। उन्होने प्रकोष्ठो के जिलाध्यक्षो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने संगठन को मजबूत बनाने का काम करें। बैठक में आशीष यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र पटेल, रोहित शुक्ला, राजेश भारती, दामोदर मौर्या, आदर्श यादव, अभय यादव, रामजी मौर्या, रमाशंकर कोल, बलराम यादव, श्याम अचल यादव, विशाल यादव, अतीक खां, आदि मौजूद रहें।

# फर्जी नंबर प्लेट लगा कर अवैध धंधे में लिप्त माफियाओं में मचा हड़कंप

**दो ट्रेलर व ट्रक जब्त, मुकदमा दर्ज**

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

जनपद के तरयासुजान पुलिस ने बीते 2 दिनों में बहादुरपुर बैरियर पर वाहन चेकिंग के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगाकर अवैध परिवहन करने सहित पुलिस टीम को कुचल कर जान से मारने के प्रयास के मामले में अलग अलग दो ट्रेलर, ट्रक को सीज कर दिया है। कुशीनगर पुलिस के इस कार्यवाही से अवैध मोटर मालिकों, माफियाओं में हड़कंप मच गया है। एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बीते 23 सितम्बर की रात तरयासुजान थाना क्षेत्र के बहादुरपुर बैरियर पर वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक, जिसमें आगे फर्जी नंबर प्लेट यूपी 51 एटी 6492 तथा पीछे यूपी 51 एंटी 8063 लगी हुई थी, के चालक ने पुलिस चेकिंग से बचने के लिए पुलिस टीम पर वाहन चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया तथा टोल प्लाजा से पूर्व वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में तरयासुजान थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जयन्त यादव के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए घटना के कुछ देर बाद ही घटना में शामिल वांछित अभियुक्त ट्रक स्वामी, चालक रवि कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0 सं0 297/2026 धारा 318(4)/ 347(1)/109 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार गुप्ता पुत्र अच्छेलाल गुप्ता निवासी करनपट्टी थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर का निवासी है।

इसी तरह जनपद में संदिग्ध वाहनों एवं अवैध गतिविधियों की चेकिंग अभियान के क्रम में 22 सितम्बर को तरयासुजान पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय सीमा बिहार-उत्तर प्रदेश पर सतर्कता दिखाते हुए कूटरचित फर्जी नंबर प्लेट लगाकर अवैध रूप से मोरंग लादकर आ रहे एक ट्रेलर ट्रक को पकड़ा गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन को रोककर जांच की गई, तो गाडी के नंबर प्लेट पर बीआर 28 जीबी 3573 लिखा हुआ पाया गया तथा बंपर पर लिखे नंबर को आधा मिटाया गया था। संदेह होने पर जब पुलिस टीम द्वारा चेसिस नंबर के माध्यम से वाहन का विवरण जांचा गया, तो गाड़ी का वास्तविक पंजीकरण नंबर बीआर 28 जीबी 3571 पाया गया।

# बच्चों के झगड़े में गर्भवती महिला को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, मां-बेटी का हाथ टूटा

समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।



लालगंज थाना क्षेत्र के भिटहा गांव में बच्चों के मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया, जिसमें गर्भवती महिला सहित उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार गांव में बच्चे खेत में घास काट रहे थे, तभी घास छींट देने को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची बबलू की पत्नी रीता देवी पर पटीदारों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।हमले में रीता देवी का दाहिना हाथ टूट गया। रीता देवी 9 माह की गर्भवती है, उनका आरोप है कि पेट में चोट लगने से प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा है। वहीं बेटी मनीषा देवी (18 वर्ष) को भी पीटा गया, जिससे उसका बायां हाथ टूट गया। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई।सूचना पर पति बबलू ने 108 एंबुलेंस को फोन किया। एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना 112 पुलिस को भी दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़ में फंसे बृजराज के शव का परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।



चंडीगढ़ में बृजराज प्रजापति की मौत के बाद शव हासिल करने के लिए परेशान परिजनों को सपा नेता राजकुमार पांडेय ने मदद पहुंचाई। परिजनों की गुहार पर उन्होंने तत्काल अपनी टीम को सक्रिय किया और पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर करीब 30 मिनट के भीतर शव रिलीज कराने की प्रक्रिया पूरी कराई। हालांकि, शव की स्थिति को देखते हुए चंडीगढ़ में ही परिजनों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार करवाने को कहा। राजकुमार पांडेय के मुताबिक, गुरुवार सुबह उनके सदर विधानसभा क्षेत्र निवासी बृजराज प्रजापति की पत्नी, बच्चे, क्षेत्र पंचायत सदस्य बलवंत यादव और अन्य लोग उनके आवास पर पहुंचे। कार्यालय के माध्यम से सूचना मिलने पर उन्होंने परिजनों से बात की। इस दौरान पता चला कि बृजराज प्रजापति का 22 सितंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-32 में निधन हो गया था। पिछले दो दिनों से शव वहीं रखा हुआ था। परिजनों की परेशानी को देखते हुए राजकुमार पांडेय ने तत्काल अपनी टीम को चंडीगढ़ भेजा और संबंधित पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया।

### नैनो यूरिया का सेवन करने से किशोरी की हालत बिगड़ी जिला अस्पताल में भर्ती

समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मडवा धनावल गांव में नैनो यूरिया का सेवन करने से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई।जानकारी के अनुसार प्रियंका उम्र 15 वर्ष पुत्री राजेश निवासी मंडवा धनावल ने आज दोपहर करीब 2.30 बजे अज्ञात कारणों से नैनो यूरिया का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया शाम करीब 3.10 बजे किशोरी को गंभीर हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार किशोरी का इलाज चल रहा है।

# 263 ट्रैक्टर व ट्रॉलियों पर लगाये गये रिफ्लेक्टर

**एसपी के निर्देशन में दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के प्रयास जारी**

समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।




सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में आज जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य भारी वाहनों के विरुद्ध एक विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा संघन चेकिंग करते हुए कुल 499 ट्रैक्टर/ट्रॉली को रोककर जांच की गई।और अभियान के दौरान कुल 263 ट्रैक्टर/ट्रॉलियों पर मौके पर ही रिफ्लेक्टर लगवाए गए। इसके साथ ही, पुलिस टीमों द्वारा 236 वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित व जागरूक किया गया। चालकों को समझाया गया कि कृषि व व्यावसायिक कार्यों में प्रयुक्त होने वाले इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर लाइट न होना दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण बनता है।पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा महराजगंज पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जनपद में इस तरह के चेकिंग एवं जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेंगे। पुलिस प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं और यातायात नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं।

# पितृपक्ष में नहीं होंगे मांगलिक कार्य सात्विक आहार पर जोर

**कल से शुरू होगा पितृपक्ष, 10 अक्टूबर तक चलेगा श्राद्ध पक्ष**

समृद्धि न्यूज, भांवरकोल/गाजीपुर।

पितृपक्ष को पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर माना जाता है। इस दौरान लोग अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान और दान-पुण्य करते हैं। इस वर्ष पितृपक्ष 26 सितंबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध पक्ष में सादगी, संयम और सात्विक आचरण का विशेष महत्व है। पितृपक्ष के दौरान मांस, मछली, अंडा, मदिरा तथा अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से बचने की परंपरा है। भोजन में लहसुन-प्याज का प्रयोग भी कई परिवारों में नहीं किया जाता। श्राद्ध करने वाले व्यक्ति को मसूर की दाल, काली उड़द और चना आदि से परहेज करने की मान्यता है। इस दौरान सात्विक भोजन को ही प्राथमिकता दी जाती है।

मान्यता के अनुसार पितृपक्ष में विवाह, सगाई, मुंडन, उपनयन संस्कार और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। नए मकान, जमीन अथवा वाहन की खरीदारी तथा नए व्यापार की शुरुआत को भी इस अवधि में टालने की परंपरा है। सोने-चांदी के आभूषण, नए कपड़े और अन्य विलासिता की वस्तुओं की खरीदारी से भी लोग परहेज करते हैं।

श्राद्ध कर्म करने वाले व्यक्ति के लिए बाल, दाढ़ी-मूंछ और नाखून कटवाने से बचने की परंपरा है। साथ ही भोग-विलास से दूर रहकर संयमित जीवन जीने की सलाह दी जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस अवधि में क्रोध, झूठ, अपशब्द, किसी का अपमान करने और घर-परिवार में कलह से बचना चाहिए।

पितृपक्ष में जरूरतमंदों को भोजन कराने और दान-पुण्य करने का भी विशेष महत्व बताया गया है।

# जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**योजनाओं के प्रभावी व समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।



नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त करने के साथ-साथ उनके विभागों में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विभागीय कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उप निदेशक कृषि से कृषि विश्वविद्यालय के निर्माण एवं भौतिक प्रगति की जानकारी लेते हुए छात्र-छात्राओं के प्रवेश तथा शैक्षणिक संचालन के संबंध में आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तथा जनपद में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने वेयरहाउसों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार खाद्यान्न एवं अन्य कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए स्टॉक क्षमता को संरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय परिसरों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा रोस्टर के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मिड-डे मील उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में जलभराव की समस्या नहीं होनी चाहिए। विद्यालयों में निर्माण, मरम्मत अथवा अन्य आवश्यक कार्यों की आवश्यकता होने पर तत्काल प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को अद्यतन शासनादेशों के अनुसार विकास एवं पंचायत संबंधी कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गोवंश के संरक्षण, जियो-ट्रैकिंग एवं पंजीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पशुओं की संख्या के अनुसार गौशालाओं की क्षमता बढ़ाई जाए तथा उन्हें चारागाहों से जोड़ा जाए। गौशालाओं की क्षमता वृद्धि के साथ-साथ निराश्रित एवं बेसहारा पशुओं को संरक्षित करने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को राजस्व वृद्धि के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने तथा बॉर्डर एरिया में परिवर्तन संबंधी कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद में अवैध एवं कच्ची शराब की बिक्री किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जनपद के सभी पीएचसी एवं सीएचसी पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक मरीजों को जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

समृद्धि न्यूज, गाज़ीपुर।



जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण योजनाओ, विकास कार्यो की समीक्षा बैठक, सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की प्रगति, की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त विभागो को निर्देश दिया कि अपने-अपने विभागो की प्रगति बढाते हुए पोर्टल पर ससमय अपलोड करे। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे पंचायत सहायक के माध्यम से अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों का, तथा राशन कार्ड धारकों का फैमिलि आई0डी0 बनाना सुनिश्चित करें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत, पशुपालन, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी का लक्ष्य के सापेक्ष, जल जीवन मिशन, पर्यटन, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों का अनुरक्षण, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, भवन निर्माण पंचायती राज, शादी अनुदान योजना, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, कन्या विवाह सहायता राशि, श्रम एवं सेवायोजना तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गयी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए तथा समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, आवश्यकता अनुसार मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य की गति को बढ़ाएं। बैठक मे जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र लाभार्थियों को त्वरित गति से लाभ पहुचाया जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन का लाभपरक योजनाओं से वंचित न रहने पाए।

# जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम गोदाम का निरीक्षण

**मौके पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित**

समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।



अनुपम शुक्ला, जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजीपुर द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम गोदाम को विधिवत खोला गया तथा गोदाम में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं आवश्यक बिंदुओं का अवलोकन कराया गया। आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत ईवीएम की एफ.एल.सी. की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान ईवीएम गोदाम की सुरक्षा

व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों का भी जायजा लिया गया। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए।